kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-341 ❑ सोमवार, 15 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

हमारी सरकार दलितों, शोषितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार के साथ साथ सामाजिक न्याय और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुराग ठाकुर

पाकिस्तान से मुक्ति ही सिंध की सुरक्षा का एक मात्र रास्ता : विहिप 11

कैंचीधाम से राज्य में 'सांस्कृतिक उत्सव' का आगाज, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ 12

संक्षेप

सचिवालय में प्लास्टिक फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाए : मुख्य सचिव

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विधान भवन सचिवालय परिसर में सफाई कर विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सचिवालय परिसर के अंदर यदि कोई प्लास्टिक फेंकता हुआ दिखे, तो उसपर जुर्माना लगाया जाए। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। सचिवालय स्वच्छ रखने से सचिवालयकर्मियों को कार्य करने में आनंद की अनुभूति होगी। मुख्य सचिव ने रविवार को अधिकारियों संग विधान भवन परिसर जाकर कचरा साफ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में समस्त कार्यालयों एवं विद्यालयों में 14 जनवरी, 2024 से 21 जनवरी, 2024 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी, 2024 से 26 जनवरी, 2024 तक फसाड लाइट के माध्यम से पूरा सचिवालय प्रकाशित होगा।

डब्लूईएफ दावोस में दिखेंगे विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के अवसर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने दावोस, स्विटजरलैंड में हो रहे विश्व आर्थिक फोरम में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के बीच राज्य की प्रभावी ब्रांडिंग करने का फैसला किया है। विश्व आर्थिक फोरम (डब्लूईएफ) 2024 में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल भाग लेगा। 14 से लेकर 19 जनवरी तक चलने वाले इस छह दिन के कार्यक्रम में वैश्विक व्यापार जगत के प्रतिनिधियों व उद्योग क्षेत्र के दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा का मंच मिलेगा। विश्व आर्थिक फोरम गंभीर वैश्विक मुद्दों पर संवाद के लिए जाना जाता है। इस वर्ष स्विटजरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में हो रही फोरम की बैठक नेताओं, विचारकों व नीति निर्माताओं द्वारा विश्व के समावेशी व उज्जवल भविष्य को आकार देने के लिये संवाद किया जायेगा । उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल की नेतृत्व कर रहे मनोज कुमार सिंह मंच का उपयोग उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए करेंगे। आर्थिक विकास पर खास ध्यान के साथ प्रतिनिधि मंडल बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे नेस्ले, एबी इन्वी, कैपजेमिनी, पेप्सीको, कोकाकोला, यूनीलीवर व माइक्रोसाफ्ट के सीईओ, सीएक्सओ और सीएफओ के साथ संवाद करेगा। निवेशकों से सुविधाजनक चर्चाओं के लिए, उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने प्रोमेनेड 49 में एक अत्याधुनिक पवेलियन बनाया है। यह पवेलियन उत्तर प्रदेश के बिजनेस इकोसिस्टम तथा उसकी बहुमुखी संभावनाओं का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के सामने करेगा और उनको उत्तर प्रदेश में निवेश की महत्ता बताएगा।

सीएम ने अयोध्या में 50 ई-बसों व 25 ई-ऑटो को दिखाई हरी झंडी, डिजिटल टूरिस्ट एप व अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का भी किया उद्घाटन

22 से पहले अयोध्या में न हो वीआईपी मूवमेंट

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामनगरी से स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अयोध्यावासियों को ई-वाहनों की सौगात भी दी। उन्होंने 50 इलेक्ट्रिक बसों और 25 ई-ऑटो को हरी झंडी दिखाई। साथ ही डिजिटल टूरिस्ट एप लांच और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या से जिस स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है, वह पूरे प्रदेश में 21 जनवरी तक चलेगा। हर देव मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक अखंड रामायण का पाठ और राम संकीर्तन का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम चाहे घर में हो या देव मंदिर में, गांव में हो या शहर में, हर जगह अखंड रामायण और राम संकीर्तन के साथ सभी को जुड़ना है। आगामी 22 जनवरी भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि होने के साथ-साथ भारत के स्वाभिमान और सम्मान को पुर्नस्थापित करने की भी पावन तिथि भी है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप प्रदान करने में हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो का संचालन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि

आज यदि कोई अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ व जन्मभूमि पथ को देखेगा तो अभिभूत होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे, यह सबकी जिम्मेदारी है। सरकार का जो काम है वो सरकार कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे लाइन व एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के साथ ही इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या को चमकाने का कार्य करेंगी। इनके रूट भी तय किए जा चुके हैं। लगभग 200 इलेक्ट्रिक बसें तात्कालिक रूप से हम अयोध्या को दे रहे हैं, लेकिन हम इसे 500 तक विस्तार देंगे। इसमें नगर विकास के साथ परिवहन विभाग लगे हुए हैं। निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आमंत्रित किया

❑ 22 जनवरी भारत की श्रद्धा व आस्था को सम्मान देने की तिथि

जाएगा। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनने जा रही है, इसलिए हमें इस कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाना है। टूरिस्ट एप से हम अयोध्या की एक-एक चीज को देख सकेंगे और आसानी से महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच सकेंगे। यह सिर्फ इंग्लिश में नहीं बल्कि हिंदी व संस्कृत समेत संविधान की अनुसूची में जितनी भी भाषाएं हैं, उनमें भी यह उपलब्ध हो जाएगा। इसी तरह पुलिस से सहायता लेनी है, कहां थाना है, कहां चौकी है, इमरजेंसी सेवाएं कैसे मिलेंगी, 1090 की क्या भूमिका है, 112 की क्या भूमिका है, कौन अधिकारी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर आपको यह सुविधा भी मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपील की कि 22 जनवरी को जो लोग अयोध्या आने के इच्छुक हैं, वे इस कार्यक्रम को लाइव देखें। अयोध्या अभी नव निर्माण से गुजर रही है, इसलिए 22 से पहले यहां कोई भी वीआईपी मूवमेंट न हो तो अच्छा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद जब लोग यहां पर आएंगे तो उनको भी असुविधा नहीं होगी और यहां व्यवस्था से जुड़े लोगों को भी असुविधा नहीं होगी। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इलेक्ट्रिक बसें, ई ऑटो और अन्य सुविधाएं यहां पर प्रारंभ हो रही हैं। यही नहीं, डिजिटल टूरिस्ट एप के द्वारा कोई भी आने वाला श्रद्धालु अयोध्या के हर स्पॉट का अवलोकन कर सके और अयोध्या को नजदीक से निहार सके, इस दृष्टि से भी इस कार्यक्रम को आज यहां संपन्न किया गया है। सीएम योगी ने अयोध्यावासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस अवसर पर मैं सभी अयोध्यावासियों को बधाई और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले सभी श्रद्धालुजनों के लिए अभी से उनका अग्रिम अभिनंदन करते हुए सभी अयोध्यावासियों का अभिवादन करता हूं। हजारों वर्षों बाद यह अवसर आता है, जब प्रभु की सेवा में कुछ कर गुजरने का अवसर मिलता है। हमारी पीढ़ी को यह अवसर मिला है। 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश और दुनिया अयोध्या के प्रति आतुर है। कब उन्हें अयोध्या में प्रभू श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलता है। हम सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर हमें प्रभु का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री ने लगाया झाड़ू, नगर निगम के सफाई वाहनों को दिखाई हरी झंडी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामनगरी अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। अयोध्या को स्वच्छतम नगरी बनाने और यहां के सभी धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से रामलला के आगमन के अवसर पर साफ-सुथरा-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कर प्रभु का आगमन हो रहा है। हर रामभक्त अपने आराध्य का अभिनन्दन करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा कि पूरे सप्ताह तक हर गांव-नगर, धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा इस अभियान से शिक्षकों, विद्यार्थियों, मंगल दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जोड़कर अयोध्या समेत पूरे प्रदेश को स्वच्छ रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा हर देव मन्दिर, चिकित्सालय, विद्यालय, सड़क, गली, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई हो। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के लिए जनजागरुकता बढाएं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

भाजपा-आरएसएस की राजनीति का प्रतीक बना मणिपुर : राहुल

एजेंसी

थोबल। कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) पर कड़ा हमला करते हुए रविवार को कहा कि मणिपुर की हिंसा ने यहां के लोगों के मूल्यों को नुकसान पहुंचाया है और यह घटनाएं भाजपा-आरएसएस की नफरत की राजनीति का प्रतीक बन गई है,इसलिए मणिपुर के मूल्यों को फिर स्थापित करने के लिए वह इस राज्य से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरु कर रहे हैं।

श्री गांधी ने आज इंफाल से करीब 50 किलोमीटर दूर शहीद स्मारक खोंगजोंग से दक्षिण से उत्तर को हुई भारत जोड़ो यात्रा के अगली चरण के रूप में पूरब से पश्चिम के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत के मौके पर यहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर की घटनाओं ने यहां के मूल्यों को नष्ठ किया है और यहां हुई हिंसा के कारण कई घर तबाह

हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों के आंसू पहुंचने के लिए एक बार भी मणिपुर नहीं आए। उन्होंने कहा कि मणिपुर के जो हालात बने हैं वह भाजपा - आरएसएस की राजनीति की नफरत का प्रतीक है। मणिपुर के हालात भाजपा के दृष्टिकोण और विचारधारा का प्रतीक है। भाजपा ने 10 साल में देश की जनता के साथ अन्याय किया है इसलिए वह मणिपुर से न्याय यात्रा ● शेष पेज 11 पर

अभद्रता करने वाले 19 कर्मचारी नेताओं का नोएडा तबादला

लखनऊ। अफसरों से अभद्रता करने तथा स्मारकों का काम काज ठप करने वाले कर्मचारियों पर गाज गिरी है। कई दिनों से आन्दोलित यहां के 19 अधिकारियों व कर्मचारियों का एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने नोएडा में तबादला कर दिया है। इन्हें तत्काल वहां ज्वाइन करने को कहा है। न करने पर इनके निलम्बन की कार्यवाही होगी।

स्मारक समिति के कर्मचारी वेतन, भत्तों को बढ़ाने सहित कई मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आन्दोलित थे। एलडीए में धरना प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने स्मारकों की साफ सफाई ठप कर दी थी जिससे स्मारकों में गंदगी फैल गयी थी। बाद में कुछ कर्मचारियों ने काम शुरू कराया तो नेताओं ने धावा बोलकर इनके साथ मारपीट कर दी। काम करने वाले कर्मचारियों को नेताओं ने खदेड़ दिया। मौके पर अधिकारी पहुंचे तो उनके साथ अभद्रता भी की। इसके बाद मामले में मारपीट करने वाले कर्मचारी नेताओं के खिलाफ गोमती ● शेष पेज 11 पर

शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हुए मिलिंद देवड़ा

एजेंसी

मुंबई। कंग्रेस से इस्तीफा देने के बाद मिलिंद देवड़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक आवास पर पहुंचे। इसके बाद वह औपचारिक रूप से शिवसेना में शामिल हो गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। रविवार को उन्हें मुंबई में सीएम शिंदे के आवास वर्षा बंगले के पास देखा गया। इस मौके पर उनके समर्थक भी मौजूद रहे जो नारे लगा रहे थे। समर्थकों का नारा था- 'मिलिंद भाई आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं।' न्यूज एजेंसी एएनआई ने एक पोस्टर भी जारी किया था जिसमें मुख्यमंत्री शिंद के साथ देवड़ा की तस्वीर थी। इस पर लिखा है, 'पक्ष प्रवेश, मिलिंद देवड़ा।'

मिलिंद देवड़ा के शिवसेना में शामिल होने की अटकलों के बीच सीएम शिंदे का बयान भी कुछ देर पहले आ गया था। इस

दौरान वह देवड़ा के शिवसेना में शामिल होने पर कुछ कहने से बचते रहे मगर उन्होंने कहा कि अगर देवड़ा पार्टी में शामिल होना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, 'मैंने उनके फैसले के बारे में सुना है। अगर वह पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो मैं उनका स्वागत करूंगा। मालूम हो कि दक्षिण मुंबई सीट से लोकसभा के पूर्व सदस्य देवड़ा ने कंग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से आज ही इस्तीफा दिया, जिसकी जानकारी उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने लिखा, 'आज मेरी राजनीतिक यात्रा के महत्वपूर्ण अध्याय का समापन हुआ। मैंने कंग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और इसी के ● शेष पेज 11 पर

शीतलहर का कहर, पड़ रहा पाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप गहराता जा रहा है। जिन इलाकों में रात का तापमान पांच डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है, वहां पाला पड़ने के आसार बढ़ गए हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी दो-तीन दिन शीतलहर जारी रहेगी। शीतलहर से प्रभावित प्रदेश के उत्तर पश्चिमी हिस्से में कहीं-कहीं पाला पड़ेगा। पाला पड़ने से फसलों के नुकसान की आशंका बनी हुई है। मेरठ सबसे ठण्डा स्थान रहा, जहां रात का पारा 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, सर्द उत्तर पश्चिमी हवा के असर के चलते रात के तापमान में आई भारी गिरावट के कारण प्रदेश के पश्चिमी और जुड़े हुए मध्यवर्ती इलाकों में शीतलहर जारी है। इस वजह से अत्यधिक घने कोहरे की परत के चलते दिन में धूप नहीं निकल रही है और सीवियर कोल्ड डे यानि अति शीत दिवस का माहौल बना हुआ है। फिलहाल अगले दो दिनों तक यही सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद सतही स्तर पर हवा का रुख

मेरठ सबसे ठण्डा, रात का पारा 2.9 डिग्री सेल्सियस

फसलों को हो सकता है नुकसान

अगले दो दिन तक जारी रहेगी शीतलहर

बदल कर पुरवा होने की स्थिति में मौसम में बदलाव की संभावना है। 17 जनवरी से कुछ राहत मिल सकती है।

बीते 24 घंटे के दौरान राज्य में अनेक स्थानों पर कहीं घना तो कहीं बहुत घना कोहरा छाया रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं सीवियर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है यानि धूप नहीं निकल रही और दिन में भी घना कुहासा बना रहा। शनिवार को रात का तापमान गोरखपुर मण्डल में सामान्य से काफी कम, कानपुर, मुरादाबाद, आगरा, मेरठ मण्डलों में सामान्य से कम दर्ज किया गया। दिन का तापमान गोरखपुर मण्डल में सामान्य से काफी कम, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, बरेली, मुरादबाद और मेरठ मण्डल में सामान्य से कम दर्ज किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, पाले से फसलों को नुकसान का अंदेशा है। खासतौर पर आलू, सरसों, राई, दलहनी फसलें, प्याज, मिर्च, बैंगन और टमाटर की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। पाला पड़ने से आलू की फसल में पछैती झुलसा रोग लगने की आशंका है।

सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : रक्षामंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रविवार को कहा कि वन 'रैंक वन पेंशन' योजना को लागू करने से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और पुनः रोजगार प्रदान करने तक सरकार देश के वयोवृद्ध लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

श्री सिंह ने आठवें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर वायु सेना स्टेशन, कानपुर में एक वेटरन्स रैली को संबोधित करते हुए कहा, ल्लहमारे सैनिक परिवार, जाति और पंथ से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के बारे में सोचते हैं। वे अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाते हैं क्योंकि वे इस तथ्य को जानते हैं कि यदि राष्ट्र सुरक्षित है, तो सब कुछ सुरक्षित है। इससे उन्हें हर चुनौती का सामना करने की नैतिक शक्ति मिलती है। ● शेष पेज 11 पर

तेजी से हो रहा यूपी-उत्तराखंड का विकास : राजनाथ सिंह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तरायणी कौथिग के शुभारंभ के मौके पर कहा कि यूपी और उत्तराखंड के बीच हमेशा से पारिवारिक व मधुर रिश्ते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के सीएम योगी व उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी करिश्माई कामों से दोनों राज्यों में तीव्र गति से विकास कर रहे हैं। वर्ष 2000 में मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान ही यूपी के पर्वतीय क्षेत्रों वाला उत्तराखंड राज्य बना। वैसे किसी भी विभाजन के बाद संतुलन बनना और वहां विकास होने में काफी कठिनाइयां होती हैं। वहां रहने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यूपी और उत्तराखंड राज्यों के लोगों के बीच बहुत ही मधुर और पारिवारिक रिश्ते हैं।

बीरबल साहनी मार्ग स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा का पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी, मुख्य संयोजक टीएस मनराल, संयोजक केएन चंदोला व महासचिव महेंद्र सिंह रावत ने पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर व पर्वतीय टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने उत्तरायणी कौथिग 2024 का पर्वत गौरव सम्मान वरिष्ठ रंगकर्मी व राष्ट्रपति सम्मानित ललित सिंह पोखरिया को दिया। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, पार्षद उमेश सनवाल, ● शेष पेज 11 पर

इम्का यूपी चैप्टर का पांच दिवसीय विंटर रिलीफ कैम्प संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आईआईएमसी एलुमनाई एसोसिएशन यूपी चैप्टर की ओर से इमका केयर फंड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विंटर रिलीफ कैम्प शनिवार को संपन्न हुआ। विंटर रिलीफ कैम्प के तहत लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं

लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर इम्का के सदस्यों ने वितरित किए गर्म कपड़े

एवं पुरुषों को गर्म कपड़े बांटे गए। गर्म कपड़ों में टोपी, मफलर, स्कार्फ, मोजे और स्वेटर शामिल थे।

इम्का यूपी चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष मणेन्द्र मिश्र ने बताया कि इम्का के सदस्य अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर सदैव तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में इम्का की ओर से हर वर्ष की भांति इस बार भी लखनऊ के गोमतीनगर , अलीगंज, महानगर के फ्लाईओवर एवं शहीद पथ के नीचे सब वे, हुसड़िया चौराहा, हनुमान सेतु, वृंदावन कालोनी, ग्वारी चौराहा आदि स्थानों पर तीन हजार से अधिक गर्म कपड़े बांटे गए। रिलीफ कैम्प के अंतिम दिन सुल्तानपुर रोड के आसपास के इलाकों में ज़रूरतमंदों को गर्म टोपियां, मोजे, मफ़लर आदि का वितरण किया गया। वितरण के दौरान मणेन्द्र मिश्रा, डीआईजी संजीव शुक्ला, इम्तियाज़ अहमद, ऋषि कुमार सिंह, प्रभात कुमार, राशी लाल, खुर्शीद मिस्बाही, ऐश्वर्य राय, राघवेंद्र शुक्ल, तौसीफ सहित इम्का यूपी चैप्टर के अनेक साथी उपस्थित रहे।

उप्र: ट्रैवेल्स एजेंसियों ने अयोध्या तक के किराये में की वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश में आगरा, कानपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर से छोटे-बड़े चार पहिया वाहनों, मिनी बसों को चलवाने वाली ट्रैवेल्स एजेंसियों ने अयोध्या तक के किराये में पांच रुपये प्रति किलोमीटर तक वृद्धि कर दी है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अयोध्या में आने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैवेल्स एजेंसी के मालिकों ने लाभ कमाने के उद्देश्य से यह निर्णय किया।

इस निर्णय से परिवार के साथ अयोध्या में दर्शन पूजन का कार्यक्रम बना रहे लोगों के लिए मिनी बस बुक करना महंगा हो गया है। पहले मिनी बस की बुकिंग 28 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से हो रही थी। जो अचानक से बढ़े हुए रेट में 33 रुपये से 35 रुपये तक पहुंच गयी है। जिससे 19 सीटों वाली मिनी बस में प्रति व्यक्ति रेट पांच सौ रुपये से बढ़कर

सात रुपये तक पहुंच रही है। लखनऊ से अयोध्या के रुट पर प्राइवेट बसों का संचालन कराने वाले सुमित मिश्रा ने बताया कि चार पहिया वाहनों को प्रति किलोमीटर की दर से चलाये जाते हैं। वर्तमान समय में अयोध्या की डिमांड देखते हुए कुछ वाहनों के रेट बढ़ा दिए गए हैं, जिसका मुख्य वजह वाहनों की अचानक से मांग का बढ़ जाना है। उन्होंने बताया कि वाहन की मांग बढ़ी है, जबकि मांग की तुलना में वाहनों की कमी है, इस नाते रेट स्वतः ही बढ़ाना मजबूरी है।

उन्होंने कहा कि उनके पास 30 हजार रुपये की दर से मिनी बस, 50 हजार की दर से बड़ी बस उपलब्ध है। ये आज का रेट है। आगे रेट बढ़ सकते हैं। छोटी कार अभी भी 10 रुपये प्रति किलोमीटर और बड़ी कार 13 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से चल रही है। आने वाले वक्त में छोटी कार, बड़ी कार के दाम भी बढ़ने की उम्मीद है। सरकारी महकमे में प्राइवेट वाहनों का संचालन कराने वाले चालक अशोक कुश्वाहा ने कहा कि वे निरंतर वाहनों की देखरेख करते हैं। वाहनों के रेट बढ़ गये हैं, बावजूद इसके अयोध्या में दर्शन पूजन करने वाले लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। बढ़े हुए रेट पर भी लगातार बुकिंग चल रही है।

प्रतिदिन संचालित प्राइवेट बसों का किराये में वृद्धि नहीं

अयोध्या के लिए प्रतिदिन संचालित बसों के किराये में फिलहाल कोई वृद्धि नहीं हुई है। ये सभी बसें अवध बस अड्डा के सामने से सुबह से रात्रि तक चल रही है। यातायात पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी प्राइवेट बसों को अवध बस डिपो के सामने रोका जा रहा है। वहीं हाईकोर्ट के पीछे से भी कुछ ट्रैवेल्स एजेंसियां प्राइवेट बसें चला रही है। जिससे परिवहन निगम की बसों के यात्री खासा प्रभावित हो रहे हैं।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों ने किया श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, कैनविज टाइम्स संवाददाता । रविवार से पूरे भारत में सभी पौराणिक तीर्थस्थलों,मंदिरों तथा अन्य सभी सार्वजनिक स्थानों पर 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर स्वच्छता अभियान चलाया गया,यह अभियान 22 जनवरी तक चलेगा।इसी क्रम में लखनऊ कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थाना परिसर पर थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसमें थाना के अन्य पुलिस कर्मियों ने भी हिस्सा लिया।वहीं महिंगवा में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने थाना के अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए बैरक,मेस तथा थाना परिसर की साफ़ सफाई कर श्रमदान किया।

मंदिर बनाकर भाजपा ने 500सालो के कंलक को मिटाया: भाजपा जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को भाजपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर राजस्व,कृषि समेत कई विभागो ने स्टाल लगाकर लोगो को सरकारी योजनाओ की जानकारी दी गयी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने नगर पंचायत प्रतिनिधि अजय पांडे की मौजूदगी में पीएम आवास योजना के एक दर्जन लाभार्थियों को प्रमाण पत्रो का वितरण किया।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा अयोध्या में मंदिर बनाकर भाजपा सरकार ने 500 सालो के कलंक को मिटाया है,योगी सरकार में अपराधियों व माफियाओ की जगह जेल में है,बेटिया सुरक्षित है।केन्द्र व राज्य सरकार की

जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सीधे आम आदमी को मिल रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष ने 22फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन लोगो से अपने अपने घरो को सजाकर दीप जलाकर दीपावली की तरह उत्सव मनाने की अपील की।क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने अपने सम्बोधन में कहा डबल इंजन की सरकार की योजानाओ का लाभ सीधे अन्तिम पायदान पर खड़े आदमी को मिले इसी के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है कार्यक्रम के दौरान ही सरकारी योजनाओ के लाभ से वंचित लोगो को मौके पर ही योजनाओ का लाभ भी दिलाया जा रहा हैं।विधायक ने कहा 10फरवरी को क्षेत्र में महिला सेमी क्वाटर दौड़ का आयोजन किया जायेगा।जिसमें क्षेत्र की बेटियों व महिलाओ से ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की।उन्होने कहा दौड़ की विजेता बेटियों को नगद पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा।मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में मौजूद लोगो को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई।इस मौके पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत,ईओ मनीष राय,चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे,भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडे,मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी,भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी समेत सभी सभासद व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

मोहनलालगंज नगर पंचायत कार्यालय में भाजपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन,राजस्व,कृषि समेत अन्य विभागो ने स्टाल लगाकर दी योजनाओ की जानकारी

मंदिर सिर्फ मंदिर नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का मंदिर है:पूर्णिमा कोठारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भाजपा ने कोठारी बन्धुओं को दी श्रद्धांजलि एवं सत्याग्रही सेवकों का किया सम्मान

गाजियाबाद । भाजपा महानगर इकाई ने रविवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा मुख्यालय पर राम मंदिर की विजय यात्रा के उपलक्ष में कोठारी बंधुओं के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सभी भाजपाइयों के बीच मुंबई से चलकर कोठारी बंधुओं की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गाजियाबाद पहुंची । उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत व अभिनंदन किया । इस अवसर पर वह भावुक हो गई। उन्होंने अपने भाई व अन्य शहीद हुए कारसेवकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मेरे भाई तन-मन-धन के संकल्प के साथ आगे बढ़े। वैसे तो भारत देश का बच्चा-बच्चा राम के नाम का है ।मेरे भाई रामकाज के लिए शहीद हुए, जिसका मुझे गर्व है । मेरे पिता और मेरी मां ने तो यह कहा कि मेरे दो ही बेटे थे । तीसरा भी होता तो उसे भी राम काज में समर्पित कर देती। मैं भी उनकी बहन होकर ही एक पहचान के रूप में आपके समक्ष खड़ी हूं। उन्होंने कहा कि मैंने दो को खोया, लाखों को पाया । नवनिर्मित श्री राम मंदिर के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह मंदिर सिर्फ मंदिर नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का मंदिर है। राम सेवक सत्याग्रहियों का अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कोठारी बंधु की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी का शाल उड़ाकर माला बनाकर सम्मान अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात 60 से अधिक ऐसे सत्याग्रहियों का अभिनंदन किया गया। जो आंदोलन के दौरान जेल गए थे, जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी,बलदेवराज शर्मा,स्व. जगुल किशोर (पूर्व पार्षद)सुपुत्र श्री जयकमल अग्रवाल,पूर्व सांसद डॉ.रमेश चंद तोमर,स्व. लाल बुद्ध प्रकाश गर्ग के सुपुत्र वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले,अरविंद चौधरी, विजय मेंहदी वाले,स्व अंबा प्रसाद बंसल के सुपुत्र विजय बंसल, स्व.राजकुमार गोयल भटटे वाले सुपुत्र दिनेश गोयल, महेश आहूजा आदि।

अवध प्रेस क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनी नगर। अवध प्रेस क्लब की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को बंथरा स्थित मां अन्नपूर्णा प्रतिष्ठान पर किया गया। बैठक के प्रारंभ में संगठन के उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के ताऊ के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पूर्व आयोजित कार्यक्रम के तहत तहरी भोज का आयोजन किया गया। संगठन के विस्तार में शुभम यादव नए सदस्य के रूप में शामिल हुए सभी पत्रकार साथियों ने उन्हें बधाई दी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने संगठन में शामिल सभी पत्रकार साथियों को एकजुटता पर बल देते हुए संदेश दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने निष्पक्ष पत्रकारिता का संदेश देते हुए कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता से ही समाज के पीड़ित तबके को न्याय मिल पाता है। सह संरक्षक अविनेंद्र सिंह राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि अवध प्रेस क्लब के विस्तार में अच्छे पत्रकारों के शामिल होने से क्षेत्र में निष्पक्ष पत्रकारों के संगठन के रूप में विख्यात है जो खुशी का विषय है। उन्होंने संगठन के सह संरक्षक के रूप में रहकर हर संभव सहयोग किए जाने की बात कही है। इसके अलावा पत्रकारों से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में शामिल प्रेस क्लब के तमाम सदस्यों और पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बात कही। इस दौरान सदस्यों ने क्लब की बेहतरी के सुझाव भी दिए। बैठक में खासतौर पर पत्रकारों ने संगठन की मजबूती और एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना बनाए रखने पर बल दिया। बैठक के कार्यक्रम का संचालन कर उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव द्वारा संगठन की बेहतरी को लेकर विभिन्न मुद्दे उठाए जिस पर सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई। इस दौरान उपाध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर, उपाध्यक्ष बलराम सिंह चौहान, महामंत्री मोनू सिंह चौहान,पंकज सिंह चौहान कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता प्रताप सिंह,सचिव कृष्ण कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अभिलाष मिश्रा, मंत्री पंकज प्रजापति, प्रचार मंत्री ऋषि राज गुप्ता, सहसचिव दीपराज सिंह, संगठनमंत्री शशिकांत तिवारी, सह संगठन मंत्री नितिन पटेल, सदस्य सुमित सिंह,राहुल यादव, कुलदीप विश्वकर्मा, अश्वनी साहू, दिनेश कुमार आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।इस दौरान सभी ने संगठन के विस्तार और मजबूती पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

हर ग्राम -अयोध्या धाम, हर मन्दिर - श्री राम मन्दिर अभियान के तहत स्वच्छता अभियान

लखनऊ । हर ग्राम-अयोध्या धाम, हर मन्दिर-श्री राम मन्दिर अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के निराला नगर के बालकेश्वर हनुमान मंदिर में स्वच्छता कार्य किया। रविवार से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलना है, जिसकी शुरुआत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने मन्दिर परिसर के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया। उप मुख्यमंत्री ने झाड़ू लगाकर, कूड़ा उठाकर, कूड़ा गाड़ी को चलाकर सम्पूर्ण स्वच्छता का सन्देश दिया। उप मुख्यमंत्री के साथ भारी संख्या सामाजिक कार्यकर्ता, रामभक्त, व समाजसेवी सम्मिलित रहे।

जमीनी विवाद में भाई की हत्या, एक माह बाद हुआ खुलासा

बस्ती। जिले के हरैया थाना अंतर्गत 16 दिसंबर 2023 को संदिग्ध परिस्थिति में पिनेशर निवासी राम मूरत की हत्या कर दी गई थी। पीएम रिपोर्ट में चोट के निशान के आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर गंभीरता के साथ जांच शुरू कर रही थी । जांच के बाद चौंकाने वाला मामला सामने आया। ज़मीन की लालच में भाई ने ही सोते समय भाई की हत्या कर दी थी जिसका खुलासा आज हुआ । घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि पुलिस के लिए यह मामला एक चुनौती बन गई थी लेकिन एक महीने में ही आरोपी को खोज निकाला गया। पुलिस ने अभियुक्त श्याम सूरत को तपसी धाम मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सांसद ने थामा झाड़ू, तिलकपुर और भदेश्वरनाथ मंदिर में की सफाई

बस्ती । अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूरे देश में अभी से ही तैयारी शुरू हो चुकी है। 22 जनवरी को एक बार फिर देश में दीपावली मनाई जाएगी। हर घर दीपक जलाया जाएगा, इतना ही नहीं मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना की जाएगी, इसे लेकर भी मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है। इसी के चलते बस्ती के मंदिरों में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया और सुबह से ही मंदिर में पहुंचकर साफ-सफाई की गई। इस दौरान सांसद हरीश द्विवेदी और जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने भी तिलकपुर के शिवमन्दिर में स्वच्छता अभियान चलाया। बता दें कि प्रधानमंत्री ने 14 जनवरी मकर संक्रांति को मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है। इसके अलावा बस्ती के जिला प्रभारी समीर सिंह ने भदेश्वरनाथ मन्दिर में कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल होकर मंदिर की सफाई किया। सांसद हरीश द्विवेदी ने लोगों से अपील की कि 14 से लेकर 22 जनवरी तक अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थलों और कार्यालयों के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। हमें अपने आसपास के क्षेत्र को साफ और स्वच्छ रखने के लिए दूसरे को दोषारोपण करने की आदत में बदलाव लाकर अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को सभी समझना पड़ेगा। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि अब से 22 जनवरी तक भाजपा से जुड़े सभी कार्यकर्ता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को देखते हुए तीर्थ क्षेत्रों और मंदिरों के आसपास प्रतिदिन साफ सफाई अभियान में सहयोग करते हुए श्रमदान करेंगे। इसमें सभी लोगों से साथ आने की अपील की गई है। इसी क्रम में जिले के सभी ब्लाक प्रमुख नगर पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया।अमृत कुमार वर्मा मनोज सिंह सहित प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एनसीसी की टीम को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन से एनसीसी की टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि एन.सी.सी.निदेशालय की ओर से अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित मेगा साइक्लोथॉन 'हम किसी से कम नहीं' अभियान की शुरूआत हुई। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स की टीम को लखनऊ से आगे की यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले राज्यपाल द्वारा मेगा साइक्लोथॉन दल में शामिल कैडेट्स को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कैडेट्स से संवाद स्थापित करते हुए यात्रा के दौरान उनके अनुभव, संघर्ष और चुनौतियां आदि के संबंध में जानकारी ली। उक्त कार्यक्रम में कैडेट नंदिनी वर्मा व अमीषा द्वारा अपने रोमांचक यात्रा का अनुभव भी साझा किया गया तथा टीम लीडर कर्नल अर्जुन सेन गुप्ता द्वारा उक्त अभियान के संदर्भ में आने वाली चुनौतियां,प्रशिक्षण, तैयारी तथा मिशन के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। राज्यपाल ने कहा कि छोटी उम्र से ही इस प्रकार के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को टूर व शैक्षणिक भ्रमण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि लड़कियां खुद को कमजोर ना समझें। बालिकाओं को खान-पान की स्वस्थ आदतों को दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने एक शिक्षिका के रूप में गुजरात के अनुभव को साझा किया। उन्होंने गुजरात की तर्ज पर सभी राज्यों में 'स्टूडेंट पुलिस कैडेट' की व्यवस्था की आवश्यकता बताई। राज्यपाल ने एन.सी.सी.को प्रदेश के विद्यालय गोद लेकर बच्चों में विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों को तैयार करने हेतु कहा। राज्यपाल ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ घर के अन्य कार्य यथा रसोई आदि सीखने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन का लक्ष्य तय करें,चुनौतियों का सामना करें, हौसला रखें। जीवन में सच को स्वीकारने तथा गलतियों का विरोध करने की आदत बनायें। उन्होंने कैडेट्स को उनके अनुभवों को लिपिबद्ध करके कॉफी टेबल बुक बनाने हेतु प्रेरित किया। ज्ञात हो कि एन.सी.सी. निदेशालय द्वारा आयोजित मेगा साइक्लोथॉन के तहत 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स द्वारा गुवाहाटी से नई दिल्ली तक 2107 किलोमीटर की दूरी तय की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ भारत की विविधता में एकता,प्रकृति संरक्षण का महत्व एवं स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के संदेश का प्रसार करना है। इस अभियान को 24 दिसंबर 2023 को असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा गुवाहाटी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था तथा इसका समापन 28 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में होगा। यह यात्रा पांच राज्यों से होते हुए तय की जा रही है, जिसमें अब तक 1492 किलोमीटर की दूरी तय की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में यह यात्रा बलिया से शुरू हुई है। इस मौके पर मेजर जनरल विक्रम कुमार,अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे,अभियान के टीम लीडर कर्नल अर्जुन सेन गुप्ता, राहुल मिश्रा, एनसीसी कैडेट्स तथा राजभवन के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

गुरु गोविन्द सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव पर निकली शोभायात्रा,नगर कीर्तन

वाराणसी । खालसा पंथ के संस्थापक,दसवें गुरु श्री गुरु गोविन्द सिंह महाराज के 357वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य शोभायात्रा नगर कीर्तन निकाली गई। शोभायात्रा जुगो-जुग अटल श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई में गुरुद्वारा बड़ीसंगत, नीचीबाग से आरम्भ होकर चौक, गोदौलिया, गिरजाघर चौराहा, नईसड़क, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन होते हुए वापस पुनः गुरुद्वारा बड़ीसंगत, नीचीबाग पहुंची। शोभायात्रा में परम्परानुसार श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की सवारी गाड़ी को फूल-माला एवं बिजली के झालरों से सजाया गया था। शोभायात्रा के साथ पंज प्यारे पैदल एवं पंज प्यारे घोड़े वाले चल रहे थे। महिलाएं,पुरुष गुरुवाणी शब्द कीर्तन करते हुए चल रहे थे। अमृतसर से आये गतका पार्टी भाई मनेन्द्र सिंह भिन्न-भिन्न मार्गों पर शस्त्र-कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए तथा पाइप बैण्ड पंजाब वाले काशी की संगत को निहाल करते रहे। गुरुनानक इंग्लिश मीडियम स्कूल व गुरुनानक खालसा बालिका इंटर कालेज गुरुबाग,गुरुनानक इंग्लिश स्कूल शिवपुर की बच्चे विशेष परिधान पहनकर शबद गायन एवं जैकारा लगाते हुए चल रहे थे।

वाराणसी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बच्चों में बांटा पतंग

वाराणसी। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वाराणसी जिला की ओर से रोहनिया स्थित नरउर गांव में गरीब बच्चों में पतंग वितरित किया गया। परिषद के काशी प्रांत प्रमुख विनय पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सेवा बस्ती में असहाय निर्धन कमजोर आय वर्ग के बच्चों को पतंग दिया तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान विनय पांडेय ने कहा कि गरीब बच्चों के जीवन में खुशी लाने के लिए समाज के सम्पन्न लोग आगे आए और सहयोग करें। पतंग वितरण में राजमंगल सिंह, नमन कुमार, प्रदीप पटेल, राहुल पांडेय, धनंजय मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। उत्तर प्रदेश भाईचारा कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में रविवार को गोदौलिया चौराहे पर जानलेवा चाइना मंझा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पतंग एवं मंझा देकर अपील किया कि जानलेवा मंझा से पतंग ना उड़ाए। चाइना मंझा का प्रयोग ना करें। जानलेवा चाइना मंझा से मनुष्य, पशु, पक्षी को बचाना हम सबका दायित्व है। अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ।

देश पर खतरे का सशस्त्र बलों ने दिया मुंहतोड़ जवाब : उपमुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय सेना के सूर्या कमान की ओर से शनिवार को में 8वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर कैंट स्थित सूर्या ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में आयोजित भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भारतीय सेना के साहस और वीरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हमेशा हमारे देश की संप्रभुता पर किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

समारोह में सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल राजा सुब्रमणि ने देश की रक्षा में भूतपूर्व सैनिकों के योगदान के प्रति आभार जताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूर्या कमान सभी पूर्व सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर ठोस कदम उठा रही है।

इस दौरान वीरता पुरस्कार विजेता पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 2200 वीर नारियों, पूर्व सैनिक, वीरता पुरस्कार विजेता, सशस्त्र बलों के कर्मचारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

युद्ध स्मारक पर अर्पित की पुष्पांजलि

इससे पहले देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बहादुर सेना के जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मध्य कमान के युद्ध स्मारक 'स्मृतिकापर जाकर सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि और वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिकों ने वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

स्वागत समारोह में वीर माताओं व नारियों का हुआ सम्मान

छावनी स्थित मध्य कमान के आर्मी कामांडर के आवास 'अरुणोदय पर रविवार को 76 वें सेना दिवस का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने वीर माताओं और वीर नारियों को सम्मानित भी किया। इस दौरान भारतीय सेना में हो रहे सकारात्मक बदलाव पर एक फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी मौजूद रहे।

भोजपुरी समाज के नेतृत्व में खिचड़ी आयोजित

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नाथ राय के नेतृत्व में दिनांक 15 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति के उपलक्ष में भोजपुरी भोज दही चुरा और खिचड़ी का आयोजन सकुरा होटल विकल्प खण्ड गोमती नगर (निकट सीबीसीआईडी ऑफिस) अमेटी रोड पर दिन के 12:30 बजे आयोजित किया गया है इस मकर संक्रांति पर पूर्वांचल में सुबह नहाने धोने के बाद नए वस्त्र का धारण कर अन्न,वत्र को दान किया जाता है तदुपरांत दही चुरा का भोज करने के उपरांत में खिचड़ी खाया जाता है।इस दिन से सूर्य उत्तरायण होने लगते हैं और मौसम दिनों दिन शुष्क होने लगाता है । कक्षा

आठ तक विद्यालयों में 16 जनवरी तक अवकाश

लखनऊ।अत्याधिक सर्दी को देखते हुए कक्षा आठ तक स्कूलों में 16 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अवकाश के आदेश रविवार देर शाम जारी किए।प्राइमरी से कक्षा आठ तक के सभी बोर्ड के विद्यालयों में अवकाश रहेगा। वहीं, कक्षा नौ से 12 तक विद्यालयों में कक्षाएं सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक संचालित होंगी। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि जो छात्र विद्यालय आ रहे हैं उन्हे ठण्ड से बचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होगी। किसी भी दशा में बच्चों को खुले में न बिठाया जाए। प्री-बोर्ड, प्रैक्टिकल, कक्षाएं खुले में संचालित नहीं की जा सकेंगी। इसके अलावा बच्चों के लिए यूनिफार्म की कोई बाध्यता नहीं है।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा के यूपी से गुजर जाने के बाद ही सीट तय करें सहयोगी दल : शाहनवाज़ आलम

भाजपा की सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ़ वैचारिक एकता दिखाने के लिए यात्रा का समर्थन करें सभी दल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आज से शुरू हो रही राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मोदी सरकार द्वारा बनाया गया डर का वातावरण समाप्त होगा। सभी विपक्षी दलों और नेताओं को भी चाहिए कि वो इस यात्रा का समर्थन करें। ये बातें अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 130 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अब यह तय हो गया है कि संवैधानिक संस्थाओं के भरोसे लोकतंत्र और संविधान को नहीं बचाया जा सकता। सारी संस्थाओं पर या तो संघ का क़ब्ज़ा हो गया है या फिर वो दबाव में आ गयी हैं। कार्यपालिका तो पहले से ही सरेंडर कर चुकी थी और पिछले कुछ सालों से सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसलों पर ख़ुद न्यायाधीश स्तर के लोग सवाल उठाने लगे हैं। चौथा खम्भा कहा जाने वाला मीडिया इस हद तक लेट चुका है कि उसके दुबारा खड़े हो पाने की उम्मीद नहीं बची है। ऐसे में सिर्फ़ विपक्षी दल और उनके नेता इस तानाशाही के खिलाफ़ संघर्ष में आखिरी लाइन ऑफ डिफ़ेंस हैं। इन विपक्षी दलों को भाजपा की सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ़ वैचारिक एकता दिखानी होगी।

उन्होंने इंडिया गठबंधन के सदस्य दलों से अपील की कि जहाँ-जहाँ से यात्रा को गुज़रनी है वहाँ-वहाँ उनके बड़े नेताओं को भी यात्रा में शामिल होना चाहिए ताकि सैद्धांतिक और रणनीतिक एकजुटता प्रदर्शित हो सके। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेएरिंग को लेकर कोई दुविधा नहीं है। कुछ अफवाहें सिर्फ़ मीडिया फैला रही है ताकि भ्रम की स्थिति पैदा हो सके। उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल होने वाले सभी दलों को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये। लेकिन फिलहाल फोकस न्याय यात्रा पर होनी चाहिए और यूपी से यात्रा के गुज़र जाने के बाद ही यहाँ सीट शेयरिंग पर बात करना उचित होगा।

अस्पताल के बाथरूम में मृत मिला वार्डबॉय

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के टेंडर पॉम अस्पताल में शनिवार की रात आईसीयू में तैनात वार्ड बॉय में अपने को इंजेक्शन लगाकर बाथरूम में बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर वह बाहर न निकला तो अन्य कर्मचारियों के आवाज लगाई। न बोलने पर उसे अस्पताल के स्टॉफ़ ने दरवाजा तोड़ कर बाहर निकाला। लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मूलरूप से आंध्रप्रदेश के रहने वाले एस एस स्वामी (40) अपनी पत्नी के साथ पीजीआई क्षेत्र के बृन्दावन में रहते थे। शनिवार को क्षेत्र में टेंडर पाम अस्पताल ने आईसीयू में वार्ड बॉय की ड्यूटी कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान उसने अपने को एक इंजेक्शन लगाकर अस्पताल के बाथरूम में बंद कर लिया। साथी कर्मचारियों के दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला लेकिन तबतक मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को व भेज

कंटेनर के छह लाख के शैम्पू चोरी

लखनऊ। रात के वक्त घने कोहरे के फायदा उठाकर चोरो ने गंगागंज सलेमपुर इलाके में एक कंटेनर से छः लाख का शैम्पू चोरी कर ले गए। कंटेनर चालक मोनू निवासी गंगौरा थाना कलान जिला शाहजहांपुर ने बताया कि वह घने कोहरे में कुछ दिखाई न पड़ने के कारण गंगागंज सलेमपुर के पास विशाल ढाबे के सामने गाड़ी खड़ी कर ढाबे पर जाकर सो गया। सुबह सात बजे वह सो कर उठा तो देखा कि कंटेनर में शैम्पू भरे गत्ते सौ गत्ते माल अज्ञात चोरों द्वारा द्वारा चोरी कर लिया गया। पीड़ित चालक ने बताया कि माल करीब छह लाख का था वह बनारस लेकर जा रहा था। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज महेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बस ने ट्रक में मारी जोरदार टक्कर, पांच घायल

लखनऊ।सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के शहीद पथ पर घना कोहरे की वजह से एक तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक समेत पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया,जहा पर सभी का इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,शबीर अली बस लेकर दिल्ली से सिद्धार्थनगर के बांसी यात्री बैठाकर जा रहा था ,वह रविवार सुबह करीब 6 बजे शहीद पथ पर पहुंचा ही था कि सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा भिड़ा,जिसके बाद शहीद पथ पर जाम लग गया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को केबिन से बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया,जहा पर बस चालक की हालत गंभीर बनी हुई हैं । पुलिस ने क्रेन बुलवा कर ट्रक और बस को किनारे खड़ा करवा कर यातायात चालू करवाया । हादसे के वक्त बस में कई यात्री बैठे हुए थे । घायलों का नाम पुलिस अभी नही बता सकी हैं।

अवैध स्मैक के साथ शातिर को किया गिरफ़्तार

लखनऊ ।प्रभारी निरीक्षक थाना गुडम्बा नितीश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्ग दर्शन मे गुडम्बा पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त का नाम जितेंद्र मिश्र पुत्र प्रेम प्रकाश मिश्र बताया जा रहा है अभियुक्त के पास से 28 ग्राम नाजायज स्मैक की पुड़िया भी बरामद की गई है बताया जा रहा है कि अभियुक्त नशे के अवैध कारोबार मे लिप्त था जिसकी और भी जाँच की जा रही है पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा पंजीकृत करते ही विधिक कार्यवाही कर दी है।

दो फरार अभियुक्तों को बंथरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

सरोजनीनगर। बंथरा पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हेमंत कुमार राघव ने बताया कि रंजन गुप्ता पुत्र शिवनारायण उर्फ रामनारायण मौरावा थाना मौरावा जनपद उन्नाव उम्र लगभग 52 वर्ष शनिवार को रात्रि में गिरफ्तार करके न्यायालय मुख्य मजिस्ट्रेट प्रचलित के वाहन पेश किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि राजेंद्र पुत्र भीमसेन ग्राम सभा रामदासपुर थाना बंथरा उम्र लगभग 42 वर्ष को रविवार सुबह करीब 7:30 बजे गिरफ्तारी की गई है यह काफी दिनों से दोनों वारंटियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी, क्योंकि यह न्यायालय में पेश नहीं हुए जिसके चलते एनबीडब्ल्यू वारंट कोर्ट ने जारी किया था।

जबरौली व परसपुर ठठ्ठा गांवो में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ आयोजन

मोहनलालगंज। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है....उक्त बातें रविवार को जबरौली व परसपुर ठठ्ठा गांवो में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के विधानसभा सेक्टर संयोजक शम्भू पांडे ने कही।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हंसराज ने कार्यक्रम में मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्वसहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। आज महिलाएं योजना का लाभ लेकर ना सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहीं हैं बल्कि परिवार के आर्थिक विकास और उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं।कार्यक्रम में विकास,राजस्व,कृषि,स्वास्थ,समाज कल्याण समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर सरकारी योजनाओ के बारे में ग्रामीणो व महिलाओ को जानकारी दी।कार्यक्रम में मौजूद लोगो को भाजपा नेताओ ने भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई।भाजपा नेता हंसराज ने भद्दी शिर्ष गांव पहुंचकर मेले का उद्घाटन किया।इस मौके पर बीडीओ पूजा सिंह,एडीओ पंचायत अशोक यादव,भाजपा नेता संतोष शर्मा, जबरौली प्रधान रेनू अवस्थी,परसपुर ठठ्ठा प्रधान राजवती गौतम समेत काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाये मौजूद रही।

स्वच्छता अभियान चलाकर कोतवाली में पुलिसकर्मियो ने साफ-सफाई

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली परिसर समेत कार्यालय को साफ सुथरा रखने के लिये प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के नेतृत्व में रविवार को मोहनलालगंज पुलिस द्वारा सफाई अभियान चलाकर कोतवाली परिसर व कार्यालय में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने हाथो में झांडू थामकर सफाई करते हुये साफ़ सफाई रखने के लिए दूसरों को भी प्रेरित किया।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। ह्लस्वस्थ शरीर में अच्छे विचारो का उदगम होता हैङ्क यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। 'स्वच्छता' ही स्वस्थ और शान्तिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र है। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना है। जिससे स्वच्छ जीवन का निर्माण हो।हमें साफ सुथरी वर्दी के अलावा अपने आस-पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता के साथ- साथ पर्यावरण की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए । हमें अपने घर के अलावा आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। इधर-उधर कचरा ना फ़ेके, हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करे। स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में शामिल करके अपने घर, समाज और राष्ट्र की स्वच्छता को बढ़ावा दे।एसीपी मोहनलालगंज के कार्यालय व परिसर में भी पुलिसकर्मियों ने साफ-सफाई दी।

जय बंजारी बाबा मेले में एक हजार कंबल का वितरण किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ ,निगोहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भद्दी शीर्ष में स्थिति बंजारी बाबा के मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जय बंजारी बाबा मेला समिति के सदस्यों के द्वारा भव्य मेले एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम हुआ हंसराज रावत जिला महामंत्री अनुसूचित जाति भाजपा पूर्व महामंत्री शंभू नाथ पांडे सेक्टर संयोजक भाजपा थाना निगोहा उप निरीक्षक की मौजूदगी में आचार्य सुशील शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्वलित हवन पूजन करने के पश्चात कंबल वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया मेला अध्यक्ष एडवोकेट अवध बिहारी ने बताया कि हमारे ग्राम सभा में लगने वाली भद्दी खेड़ा गनेशी खेड़ा हरिवंश खेड़ा गुमानी खेड़ा ककुहा खेड़ा शीर्ष दीना खेड़ा छोटा शीर्ष रमजान खेड़ा लक्ष्मी नारायण खेड़ा से सभी बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाएं निराश्रित महिलाएं एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को लगभग 1000 कंबल वितरण किया गया है और भव्य मेले का आयोजन किया गया है रात्रि में मनोरंजन स्वरूप नौटंकी का कार्यक्रम भी किया गया हम हर साल मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर विगत कई वर्षों से कंबल वितरण एवं मेला का आयोजन करते आए हैं बंजारी बाबा सेवा समिति के सदस्यों का अपार सहयोग मिला हमारी संस्था ऐसे ही नेक कार्य करती रहे यही कामना है एडवोकेट अवध बिहारी के साथ ग्राम प्रधान सुरेश कुमार सुशील यादव पंकज यादव विजय कुमार कनौजिया संदीप चौरसिया संतोष कुमार आशाराम उमेश कुमार राम लखन राजपाल आसाराम गौतम विजय कुमार रामू अतुल मुकेश मामा गंगाराम बीडीसी सुरेश बाबा राजेश कुमार सर्वेश कुमार फूलचंद जीतू शर्मा राम सफल बबलू कुशवाहा संदीप श्रीवास्तव पुनीत श्रीवास्तव हरक पुत्तन मिलन रावत ऋषि राजपूत सहित तमाम ग्रामवासी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ठाकुरगंज में टप्पेबाज़ो ने महिला को बनाया निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाजों के हौसले इस कदर बुलंद हैं। आए दिन टप्पये बाजी का शिकार आम जनता होती रहती है। ठाकुरगंज पुलिस ऐसे टप्पये बाजों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही।

मामला लखनऊ के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के कैम्पवॉल रोड का बताया जा रहा है। जहां पर एचडीएफसी बैंक के एटीएम से नाज़ नामक एक महिला के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर ?50 हज़ार गायब कर दिए। जानकारी के मुताबिक महिला एरा कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। और फीस के लिए एटीएम पर पैसे निकालने आई थी। जब पैसे नहीं निकले तो महिला एटीएम से बाहर निकल आई तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने आकर महिला से पैसे निकाल देने की बात कहने लगा। महिला उसके झांसे में आ गई। कई बार मशीन में डिटेल भरवाया और उसके बाद एटीएम कार्ड बदलकर चला गया। अन्य किसी एटीएम से ?50 हज़ार निकाल कर रफू चक्कर हो गया। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के बालागंज चौकी पर खबर लिखे जाने तक महिला के द्वारा थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

झोपड़ी निवासिनी महिलाओं को निशुल्क ऊनी कम्बल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सेंट वारिस एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा आज दिनाँक 14 जनवरी 2024 दिन रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर प्रातः 11 बजे से लोहे के पुल के निकट, डालीगंज, लखनऊ स्थित झुग्गी - झोपड़ी निवासिनी 201 निर्धन एवं बेसहारा महिलाओं को निशुल्क कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर के वरिष्ठ समाजसेवी रघुबर दयाल शुक्ला के कर कमलों द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में अयोध्या स्थित ठाकुर श्रीराम जानकी मंदिर के महंत परमानन्द महाराज भी उपस्थित रहे। कार्य के परिप्रेक्ष्य में शुक्ला ने कहा कि संस्था द्वारा निरन्तर प्रतिवर्ष निर्धन एवं बेसहारा महिलाओं को भीषण ठण्ड से बचाव हेतु निशुल्क कम्बल वितरण एक पुनीत कार्य है। संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं महिला कार्यकत्रियाँ बधाई के पात्र हैं। महंत परमानन्द ने संस्था के समस्त पदाधिकारियों को अपना आशीर्वाद दिया और कम्बल पाने वाली महिलाओं को भी अपने आशीष से अभिसिंचित किया। संस्था के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2006 से संस्था अपने ध्येय निर्धन सेवा, नारायण सेवा की ओर निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने इस हेतु समस्त दानदाताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अखिलेश कुमार, महामंत्री अनिल कुमार, संगठन मंत्री / मीडिया प्रभारी हेमन्त व्यास, पूनम, विजयलक्ष्मी, रिया, रिचा एवं अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

आलदेव मंदिर पर वाटर कूलर का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

मेला सुरक्षा व्यवस्था हेतु एसीपी सहित नगराम पुलिस मौके पर रही मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। नगराम के कनेरी गांव स्थित आलदेव बाबा मंदिर पर दो दिवसीय मेला चल रहा है। इस मौके पर मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला 'विंधेश्वरी' ने मेले के प्रथम दिन आल देव मंदिर में पहुंचकर, सर्वप्रथम बाबा के चरणों में पूजा अर्चना किया तत्पश्चात परिसर में लगे आरओ कुलर का नारियल फोड़ कर फीता काट कर शुभारंभ किया। श्री शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य करना उनका प्रथम कार्य है। श्री शुक्ला अपने सहयोगियों के साथ मेला भ्रमण किया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में ब्लाक प्रमुख द्वारा लगाए जा रहे वाटर कूलरो से गर्मियों में पानी पीकर बहुत ही राहत मिलेगी बताया कि मंदिर के साथ साथ क्षेत्र में तमाम विद्यालय व डिग्री कॉलेज हैं जिनमें पढ़ाई के लिए क्षेत्र तमाम बच्चे निकलते हैं , भीषण गर्मी में पानी पीने के लिए ग्रामीणों व छात्रों को बहुत आराम मिलेगा।क्षेत्र के तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। मेला की शांति व्यवस्था हेतु एसीपी मोहनलालगंज एवं थाना प्रभारी विवेक चौधरी पुलिस टीम के साथ मेले में पहुंचे। इस दौरान बृजेश वर्मा, विकास पटेल, अंजनी वर्मा, बीजक प्रकाश, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू , राजाराम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

समाज में पुरुषों के बराबर ही है महिलाओं की भूमिका : जूही सिंह

वूमेन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित की गईं विभिन्न क्षेत्रों की आत्मनिर्भर महिलाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह द्वारा शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली आत्मनिर्भर महिलाओं को 'वूमेन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम होटल हयात रेजीडेंसी में हुआ।

महिला सम्मान कार्यक्रम में जूही सिंह ने कहा कि महिलाओं की भूमिका हमारे समाज में आज पुरुषों के बराबर है। हर क्षेत्र में महिलाएं परचम लहरा रहीं हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लगन एवं प्रतिबद्धता से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। जूही सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित था। हर क्षेत्र में महिलाओं के उत्कृष्ट कार्यों और योगदान को देखते हुए रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार प्रारंभ किया गया था। बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिले, इसके लिए कन्या विद्या धन और लैपटॉप वितरित किये गए। उसी विचारधारा से प्रेरित होकर विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करके हमने समाज में सशक्त संदेश देने का काम किया है।

सम्मानित होने वालों में, शहर की प्रतिष्ठित महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलम विनय, आश्रिता दास लॉमार्ट प्रिंसिपल, चमन आरा, बीकर फरियाल, फातिमा और आयशा अमीन, सुमन रावत सोशल वर्कर, फोक सिंगर संजोली पांडे, कुसुम वर्मा, सिमरन शाहनी हेल्थ वेलनेस एक्सपर्ट माधवी कुकरेजा एनजीओ, पंकज भदौरिया, सपना उपाध्याय सोशल वर्कर डॉक्टर रुचि सिंह, डॉक्टर शाबरा हबीब, डॉक्टर नेहा सिंह फाउंडर के एएनसवाई स्कूल, डॉक्टर नीमा पंत आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अनिता मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा मीनाक्षी अग्रवाल एवं नेहा यादव और चमन आरा, मणेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

कार सवार दबंगों ने की कई राउंड फायरिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन को लेकर कार सवार दबंगों ने कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। दबंगों ने जेसेबी पर पत्थर मार कर शीशे तक तोड़ डाले । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है । लखनऊ के भरत नगर निवासी विवेक भारद्वाज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घ्थन्द्धद्ध-भ्द्धधद्धद्द द्धद्धद्धन्थ ध्क्ष्. ख्प्द के डायरेक्टर हैं। उनकी कंपनी को एल्डिको कंपनी से खनन (मिट्टी) का कार्य मिला था। बीती शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित ओरेंजी अपार्टमेंट के पीछे खनन हो रहा था। इस दौरान सफारी स्टॉर्म और स्विफ्ट कार से आए करीब आधा दर्जन दबंगों ने ताबड़ तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया । दबंगों ने मौके कर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर जमकर उत्पात मचाया। विवेक का कहना है कि दबंगों ने कहा साइड पर कोई काम नही होगा और कोई करने कि कोशिश किया तो जान से मार दिया जायेगा । आरोप है कि हमलावर मिट्टी खनन के कार्य को रूकवाते है और अवैध वसूली की माँग करते है। वही, इस मामले की सूचना पाकर मौके पर एडीसीपी शाउथ शशांक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और गहनता से जांच पड़ताल कर की। मौके से पुलिस को एक भी खोखा नही मिला हैं। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित विवेक भारद्वाज की तहरीर पर सुमित उर्फ आकाश ,नीतीश मिश्रा सहित चार से पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ 147, 286, 427, 506, 3/27 की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फायरिंग की घटना संदिग्ध है, जांच की जा रही हैं ।

पुण्यतिथि पर याद किए गए किसान नेता व पूर्व सांसद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। राष्ट्रीय लोकदल की अगुवाई में पूर्व सांसद व किसान नेता रहे स्व.हरगोविंद वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सांसद स्व. हरगोविंद वर्मा की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष भोलानाथ वर्मा की अगुवाई में रालोद कार्यकर्ताओं ने बिसवां केन यूनियन परिसर में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष भोलानाथ वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा किसानों के सच्चे मसीहा एवं हितैषी थे। उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक किसानों की आवाज को बुलंद किया। किसानों की हर समस्या को लेकर हमेशा

संघर्ष किया। वे किसानों की समस्याओं को लेकर संसद में हमेशा मुखर रहते थे। उन्होंने कहा कि स्व. हरगोविंद वर्मा जैसे संघर्षशील किसान नेता के पदचिन्हों पर चलकर ही किसानों की सच्ची सेवा की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि आज नेता तो बहुत हैं लेकिन उनके जैसा कोई दूसरा किसान नेता दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ता है। उन्होंने किसानों की अनेक समस्याओं का निराकरण कराया। इस दौरान क्षेत्रीय महासचिव रामदास यादव, प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ शांति विश्वकर्मा, प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ लक्ष्मी मिश्रा, गेंदालाल वर्मा, प्रभुदयाल भार्गव, नत्था सिंह, जाकिर अली, शकील, राजेंद्र वर्मा, सतीश वर्मा, फूल सिंह यादव, साबिर अली, धनीराम यादव, नरेशचंद्र विश्वकर्मा, सियाराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत शाहजलालपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और कहा देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जन-जन के सशक्तिकरण को समर्पित कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु सरकार कटिबद्ध है।विधायक निर्मल वर्मा ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अमर बाजपेई प्रधान प्रतिनिधि करुणा शंकर त्रिपाठी ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक सिंह नागेंद्र सिंह सुभम मिश्रा राजेंद्र पांडेय जवाहर लाल शुक्ला प्रदीप वर्मा पिंटू सिंह उदयराज सिंह लक्ष्मीकांत ऋषि मिश्रा अरविंद तिवारी छोटू मिश्रा प्रमोद भार्गव अरविंद पांडेय कौसलेंद्र सिंह अनिल मिश्रा मनीष द्विवेदी प्रक्कलन त्रिपाठी हरिनाम भार्गव कमलेंद्र सिंह विनीत सिंह रमा शंकर त्रिपाठी सभी विभागों के कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नर्मदेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बाबा भोले नाथ के कर सफाई कार्यक्रम में लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा रविवार को सीतापुर के आरएमपी इंटर कॉलेज प्रांगण में स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व पार्टी नेताओं के साथ सबसे पहले नर्मदेश्वर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा साथ में मंदिर प्रांगण में आयोजित सफाई अभियान में भी भाग लिया।इस अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा जिला अध्यक्ष के साथ मंदिर प्रांगण की सफाई की गई साथ ही आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के विषय में बताया कि यह प्रत्येक राम भक्त के लिए गर्व का विषय व समय है और करोड़ों आस्थाओं का सम्मान का दिन है।इस मौके पर उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी राम भक्तों की

पार्टी है और राम के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा स्मृति चिन्ह देकर अपनी व जिला इकाई की तरफ से मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत व अभिनंदन किया इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी व नर्मदेश्वर मंदिर की व्यवस्था टीम उपस्थिति रही।

नगर में सभी मंदिरों पर चलेगा सजावट व स्वच्छता अभियान : बेबी अभिषेक गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। नगर पालिका परिषद खैराबाद ने मंदिर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 14 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद समाप्त होगी। नगर खैराबाद में अभियान की शुरुआत बीजेपी नेता अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भईया ने नगर स्थित गौरी देवी मंदिर मैं साफ सफाई कर की।

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसको लेकर नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता व नगर पालिका कर्मचारी की पूरी टीम मंदिर स्वच्छता अभियान की तैयारी में जुट गई है। अभियान के पहले दिन नगर अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने

स्वच्छता अभियान के तहत मंदिरों की सजावट कर कार्यकर्ता लेंगे संकल्प गली पूछो को रखा जाएगा स्वच्छ-अभिषेक गुप्ता

मंदिर स्वच्छता अभियान की शुरुआत गौरी देवी मंदिर मैं झाड़ू लगाकर शुरूआत की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया ने बताया कि अभियान के तहत मंदिरों की सजावट कर साथ ही कार्यकर्ता यह भी संकल्प लेंगे कि उनके आसपास मंदिर की गली कूचे है उसे भी स्वच्छ रखेंगे। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, फ्रूट इंस्पेक्टर मनोज राणा, नादीम आलम, सभासद राकेश गुप्ता, शहीद नगर पालिका के सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलेगा नगर पालिका कर्मचारियों का स्वच्छता अभियान

बताया कि गौरी देवी मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, शीतला देवी मंदिर, शहीद नगर में स्थित अन्य मंदिरों की राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक सफाई अभियान चलाएंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना है इस दौरान सभी लोग वहां नहीं जा पाएंगे इसलिए हम लोगों से यही अपील करते हैं कि उनके पड़ोस में जो मंदिर हैं सबसे पहले उनकी सफाई करें और 22 जनवरी को उन मंदिरों में जाकर दीप जलाकर यही से भगवान के प्रति अपनी भावना व्यक्त करें।

जंगबहादुरगंज खीरी में कोहरा बना काल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जंगबहादुरगंज-खीरी। नेशनल हाइवे पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई जबकि कई वाहन कोहरे के कारण

गन्ने से भरी ट्राली की चपेट में आए बाइक सवार, युवक की मौत

विभिन्न सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल, कोहराम

आपस में टकरा गए। कस्बा जंगबहादुरगंज निवासी 32 वर्षीय अंकित सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह जंगबहादुरगंज में मोबाइल की दुकान चलाता है। शनिवार की शाम को वह शाहजहांपुर से दुकान का सामान लेकर घर लौट रहा था उसके साथ रिंकू भी बाइक पर बैठा था इसी दौरान उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर के समीप पीछे से गन्ने भरी ट्राली में बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में अंकित की मौत हो गई जबकि

रिंकू बाइक से उछलकर दूर जा गिरा जिससे उसे हल्की चोट आई। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस व परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। जोरदार टक्कर होने के कारण अंकित के पेट व सिर बुरी तरह से चोटिल हो गया तथा अंकित की एक आंख भी बाहर आ गई। रविवार की शाम को शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की पत्नी व दो छोटे बच्चे है जिनका रो रोकर बुरा हाल हो गया है।बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से लोग सदमे में है। इसके अलावा उचौलिया के पश्चिमी माइनर के करीब कोहरा के कारण डिवाइडर से टकराकर मछली से भरी पिकअप पलट गई जिसे बचाने के चक्कर में चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। घना कोहरा होने से चालक में पीछे से ट्रक न टक्कर मार दी । तथा पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अन्य पिकअप भी अनियंत्रित होकर पलट गई इसमें भी मछलियां भरी थी। इसके अलावा वाहनों को बचाने में एक वाहन लोडिंग ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। हांलकि इनमें किसी को चोट नहीं आई।

14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलेगा नगर पालिका कर्मचारियों का स्वच्छता अभियान

एजेंसी

खैराबाद। नगर पालिका परिषद खैराबाद ने मंदिर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 14 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद समाप्त होगी। नगर खैराबाद में अभियान की शुरुआत बीजेपी नेता अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भईया ने नगर स्थित गौरी देवी मंदिर मैं साफ सफाई कर की। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसको लेकर नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता व नगर पालिका कर्मचारी की पूरी टीम मंदिर स्वच्छता अभियान की तैयारी में जुट गई है। अभियान के पहले दिन नगर अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि गौरी देवी मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, शीतला देवी मंदिर, शहीद नगर में स्थित अन्य मंदिरों की राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक सफाई अभियान चलाएंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना है इस दौरान सभी लोग वहां नहीं जा पाएंगे इसलिए हम लोगों से यही अपील करते हैं कि उनके पड़ोस में जो मंदिर हैं सबसे पहले उनकी सफाई करें और 22 जनवरी को उन मंदिरों में जाकर दीप जलाकर यही से भगवान के प्रति अपनी भावना व्यक्त करें।

स्वच्छता अभियान के तहत मंदिरों की सजावट कर कार्यकर्ता लेंगे संकल्प गली पूछो को रखा जाएगा स्वच्छ : अभिषेक गुप्ता

मंदिर स्वच्छता अभियान की शुरुआत गौरी देवी मंदिर मैं झाड़ू लगाकर शुरूआत की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया ने बताया कि अभियान के तहत मंदिरों की सजावट कर साथ ही कार्यकर्ता यह भी संकल्प लेंगे कि उनके आसपास मंदिर की गली कूचे है उसे भी स्वच्छ रखेंगे। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, फ्रूट इंस्पेक्टर मनोज राणा, नादीम आलम, सभासद राकेश गुप्ता, शहीद नगर पालिका के सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

13 दिनों से लापता नाबालिग लड़की की पुलिस नहीं कर पाई तलाश, परिवार को सता रही आशंका

फूलबेहड-खीरी। जिले के फूलबेहड क्षेत्र के गांव से 13 दिनों से गायब नाबालिग लड़की को फूलबेहड पुलिस अभी तक ढूंढ़ नहीं पाई है इस बीच थाने और चौकी का चक्कर लगाकर उसके पिता थक चुके है पीड़ित पिता फूलबेहड थाना क्षेत्र के बरौला का रहने वाला है उसकी नाबालिग बेटी 13 दिनों से गायब है लापता बेटी को खोजने में फूलबेहड पुलिस अभी तक नाकाम है इसे पुलिस की लापरवाही कहें या कुछ और लेकिन इस घटना ने परिवार की चिंता बढ़ा दी है।

अक्षत वितरण कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर किया गया अक्षत वितरण

बेहटा, सीतापुर। बेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंतापुर में घर घर जाकर अक्षत वितरण किया गया एवं आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर घरो एव गांव के मंदिरों में साफ सफाई के साथ रात्रि में दीपोत्सव का पर्व मनाने के लिए लोगो को जागरूक व प्रेरित किया गया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री संतोष कुमार गुप्ता पूर्व अद्द्यापक श्री कौशल किशोर दुबेदी ,बुद्धि प्रकाश शुक्ला शिव कुमार शुक्ला रण धीर सिंह सहित काफी ग्रामीण उपस्थित रहे।

अवकाश हेतु मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

जहांगीराबाद (सीतापुर)। शीत कालीन अवकाश के कारण 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालय बंद चल रहे हैं ।भीषण शीत लहर के मद्देनजर अन्य बोर्डों के स्कूलों को भी प्रशासन द्वारा बंद रखने के आदेश दिये जा रहे हैं। पन्द्रह जनवरी को मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से परिषदीय कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय खुलने हैं। इस संबन्ध में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुरारी लाल श्रीवास्तव ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र प्रेषित कर कहा है कि परिषद के स्कूलों में गरीब परिवारों से आने वाले बच्चों की संख्या अधिक है। अत्याधिक ठंड का उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। छात्र हित में 20 जनवरी तक अवकाश किये जाने की अतीव आवश्कता है। उन्होंने शीतकालीन अवकाश बढ़ाने की मांग की है।

रेप पीड़िता नाबालिग हुई गर्भवती, लोकलाज से फांसी लगाकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फत्तेपुर-खीरी।एक रेप पीड़िता नाबालिग गर्भवती होने से लोकलाज के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार करते हुए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की कई घंटे बाद पुलिस अफसरों के समझाने पर अंतिम संस्कार के लिए परिजन राजी हुए।

लखीमपुर के मैगलगंज क्षेत्र के एक गांव में किशोरी का शव घर में फंदे से लटकता मिला है उसके पिता ने गांव के ही अधेड़ पर बेटी के यौन शोषण का आरोप लगाया पिता का आरोप है कि यौन शोषण से आहत होकर किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी किशोरी के पिता का दावा है कि वह दो माह की गर्भवती थी पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, लेकिन यौन शोषण संबंधी तहरीर मिलने से इंकार किया है। मैगलगंज क्षेत्र के गांव की 17 वर्षीय किशोरी का शव गुरुवार को घर में ही फंदे से लटकता पाया

गया पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया।

मृतका के पिता ने बताया कि वह दिल्ली में काम करते हैं किशोरी दादा-दादी के साथ गांव में रहती थी पिता का आरोप है कि पड़ोसी ने बहलाकर बेटी का यौन शोषण किया, जिससे वह दो माह की गर्भवती हो गई बेटी ने जब इस बात की जानकारी दी तो लोकलाज के चलते कहीं शिकायत नहीं की शुक्रवार को औरंगाबाद चौकी गया था तभी उसे सूचना मिली कि बेटी ने खुदकुशी कर ली है।

आरोप- शादी का झांसा देकर मेरी बेटी के साथ किया रेप!

मृतका के पिता ने बताया कि मेरी बेटी के साथ शादी का झांसा देकर रेप किया गया। इसके बाद बहला-फुसलाकर गांव का शादीशुदा युवक उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। ये लगभग डेढ़ साल से हो रहा था। युवक दो बच्चों का बाप है। जब मुझे दोनों के बारे में पता चला तो मैं बेटी को लेकर दिल्ली चला गया, लेकिन वह बीच-बीच में आती-जाती रहती थी। फोन पर युवक से बात करती थी। मेरी बेटी दो महीने की गर्भवती हो गई थी।

लड़के के घरवालों ने मेरी बेटी को भड़काया!

डेढ़ महीने पहले उसके नाना की डेथ हुई तो हम उसे दिल्ली से लेकर यहां आए। यहां आने के बाद वह चुपके से युवक के घर चली गई। वहां पर युवक के परिजनों ने उसे भड़काया उसे अपनी बातों में फंसा लिया। इसके बाद मुझे बुलाया। मैं वहां पहुंचा तो कहा, इसे घर लेकर जाओ। मैं अपनी बेटी को लेकर घर आ गया। इसके बाद मैं कल घर पर नहीं था। मैं बाहर था। मेरी बेटी ने कमरे में अंदर से ताला लगाकर लोक-लाज के डर से फांसी लगा ली। मेरी बेटी के साथ गलत हुआ। जिसने भी ऐसा किया उसे सजा मिलनी चाहिए।

रिपोर्ट दर्ज, जल्द आरोपी होगा गिरफ्तार!

मामले में इंस्पेक्टर मैगलगंज अजय कुमार ने बताया मृतका के फांसी लगाने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस टीम गई थी। जांच पड़ताल की गई। परिजनों से मामले की जानकारी ली गई है। मृतका के पिता ने तहरीर दी है। शिकायत के आधार मामले में

दो महीने की प्रेग्नेंट किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, पिता बोले- बेटी से शादीशुदा युवक ने रेप किया, डेढ़ साल से शादी का कर रहा था वादा

आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पोस्ट मार्टम रिपोर्ट पर क्या बोले सीओ मोहम्मदी

मैगलगंज किशोरी आत्महत्या मामले में देर शाम को पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सीओ मोहम्मदी ने तस्वीर साफ की सीओ मोहम्मदी अरुण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोरी के मौत का कारण हैंगिंग है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोरी गर्भवती नही है। डॉक्टर ने बिसरा भी सुरक्षित किया है, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है और जल्दी आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

थाइलैंड में भी मनेगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव : डॉ. परविंदर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। थाईलैंड के राजदूत ड. परविंदर सिह सुल्तानपुर के भदैंया स्थित थाई इंडो मंदिर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हमारा सौभाग्य है कि 22 जनवरी को अयोया में श्रीराम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैं राजपुजारी प्रामबोाविांग और शाही ार्म गुरुप्रपलाद नरोंग सम्मिलित होंगे। उन्होंने ये भी बताया कि थाईलैंड में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाएगा।

थाइलैंड से आए राजदूत (विश्व शांति संस्थान संयुक्त राष्ट्र) डा परविंदर सिंह, ने शाही राजनयिक थाई पुजारी फ्रापलाड नारोंग के साथ अयोया के राज परिवार के साथ मिलकर अयोया में सांस्ृतिक व थाई कलाकेंद्र खोलने को लेकर थाईलैंड की ओर से प्रस्ताव पत्र दिए हैं। यह केंद्र वैश्विक पर्यटकों के लिए अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा उप्र में भी वाट फार राम अयोया संस्ृति मंत्रालय, एक कला व सांस्ृतिक केंद्र की स्थापना करने को लेकर यहां प्रस्ताव दिया गया है। अपने भारत दौरे पर आए थाईलैंड के राजदूत (विश्व शांति संस्थान संयुक्त राष्ट्र) डा परविंदर सिंह, ने राजनयिक शाही थाई पुजारी फ्रापलाड नारोंग ने अयोया के राज पारिवारिक व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र से मिलकर इस आशय का प्रस्ताव सौंपा है। हिंदू ार्म का थाईलैंड के राज परिवार पर सदियों से गहरा प्रभाव रहा है। माना यह जाता है कि थाईलैंड के राजा भगवान विष्णु के अवतार हैं। इसी भावना का सम्मान करते हुए थाईलैंड का राष्ट्रीय प्रतीक गरुड़ है। थाईलैंड में राजा को राम कहा जाता है। राज परिवार अयोया नामक शहर में रहता है। ये स्थान बैंकाक से कोई 50.60 किलोमीटर दूर है। यहां पर बौद्ध मंदिरों की भी भरमार है जिनमें भगवान बुद्ध की विभिन्न मुद्राओं में मूर्तियां स्थापित हैं। क्या ये कम हैरानी की बात है कि बौद्ध होने के बावजूद थाईलैंड के लोग अपने राजा को राम का वंशज होने के चलते विष्णु का अवतार मानते हैं। इसलिए थाईलैंड में एक तरह से राम राज्य है। वहां के राजा को भगवान राम का वंशज माना जाता है। थाईलैंड में 94 प्रतिशत आबादी बौद्ध ार्मावलंबी है। फिर भी देश का राष्ट्रीय चिन्ह गरुड़ है। हिंदू पौराणिक कथाओं में गरुड़ को विष्णु की सवारी माना गया है। वहां का राष्ट्रीय ग्रंथ रामायण है। वैसे थाईलैंड में थेरावाद बौद्ध के मानने वाले बहुमत में हैं, फिर भी वहां का राष्ट्रीय ग्रंथ रामायण है।

कड़ाके की ठंड में बुझे अलाव-ठंड में ठिठुर रहे राहगीर व यात्री, डीएम के निर्देश हुए फेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रविवार सुबह पारा 7 डिग्री पर पहुंच गया है। आसमान ने कोहरे की चादर ओढ़ रखी है। लेकिन इस कड़ाके की ठंड में नगर पालिका का अलाव बुझ गया है। बस स्टप और रेलवे स्टेशन पर अलाव नह जलने से राहगीर व यात्री ठंड में ठिठुर रहे हैं।

शहर के कई क्षेत्रों में नगर पालिका के अलाव की पोल खुल गई है। आलम ये है कि लोग चाय की भट्टी पर हाथ सेंककर ठंड दूर करते दिखाई दिए। ये लापरवाही तब है जब जनप्रतिनिाि से लेकर प्रशासनिक अमला आज स्वच्छता अभियान की शुरुआत करने के लिए सड़कों पर था। लेकिन किसी को ये बदहाली नजर नह आई। सभी प्राण प्रतिष्ठा के लिए नगर को चमकाने में ही जुटे रहे।

आपको बता दें कि 15 दिन पहले ही डीएम .तिका ज्योत्सना ने नगर के रैन बसेरा और अलाव की व्यवस्था देखी थी। वे अपने अमले के साथ 31 दिसंबर की रात को निकली। अस्पताल , शाहगंज चौराहा, चौक आदि स्थानों पर उन्होंने अलाव की बेहतर व्यवस्था देने के निर्देश दिए। नगर पालिका के ईओ को आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने का निर्देश दिया। लेकिन ना तो शहर में सही से अलाव ही जल रहे और ना ही आवारा पशु गौशाला में पहुंचे हैं। बल्कि ठंड में ये पशु सड़कों पर ही दिखाई दे रहे हैं।

स्वच्छता अभियान के साथ चरण पादुका यात्रा के स्वागत को हम तैयार : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। रामपथ गमन मार्ग पर चरण पादुका यात्रा को सफल बनाने के लिए सुल्तानपुर के सभी विाायक और प्रशासनिक अाकारी एक मंच पर आए हैं। सीताकुंड घाट से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए घर-घर को स्वच्छ बनाने का संदेश जारी किया गया है। जिलााकारी ने आवाहन किया है कि चरण पादुका कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो, इसके लिए सभी को सकारात्मक रूप से एक मंच पर आने की जरूरत है।

भगवान श्री राम के राम पथ गमन के दौरान सीता कुंड घाट पर श्री राम माता सीता और लक्ष्मण जी का ठहरा हुआ था। सीताकुंड घाट आज भी उनकी याद का प्रतीक बना हुआ है। शहर विाायक एवं पूर्व पर्यटन मंत्री विनोद सिंह, जयसिंहपुर विाायक राज प्रसाद उपायाय, लंभुआ विाायक सीताराम वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सांसद मेनका गांाी के प्रतिनिाि रंजीत कुमार की मौजूद्गी में जिलााकारी .तिका ज्योत्सना और एसपी सोमेन वर्मा मुख्य विकास अाकारी अंकुर कौशिक के साथ पहुंचे। जहां पर गोमती मित्र मंडल समेत अन्य संगठनों के सहयोग से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों की भी भूमिका देखने को मिली। डीएम .तिका ज्योत्सना ने बताया कि 22 जनवरी को अयोया में एक भव्य कार्यक्रम होना है। इसी को लेकर पूरे जिले में एक विशेष सफाई अभियान आज से शुरू किया गया है। हमने सारे अफिसर्स को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अफिस की भी साफ सफाई का विशेष यान रखें। डीएम ने बताया कि सभी प्राान और जनप्रतिनिाियों से भी अपील की गई कि साफ-सफाई का अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाए। उन्होंने बताया कि हम इसे 26 जनवरी तक चलाएगे।

पांच महीने बाद मिली राहत शुरू हुआ गोपालदास पुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पांच माह से हर दिन जाम से जूझ रहे नगर के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। गोलाघाट-पयागीपुर मार्ग पर जर्जर गोपालदास पुल का कार्य पूरा हो गया है। इस पर

गुजरे हल्के वाहन, मई से होगा स्थायी आवागमन

पैदल, बाइक व हल्के वाहन गुजरने लगे हैं। पूर्ण रूप से मई से इस पर हर तरह के वाहन फर्राटा भर सकेंगे।

बताते चलें कि पीडब्ल्यूडी ने 19 अगस्त 2023 को गोलाघाट-पयागीपुर मार्ग पर विकास भवन से बस स्टेशन को जाने वाली सड़क पर जर्जर गोपालदास पुल को तोड़कर नया फोरलेन पुल निर्माण करने के इस पर आवागमन बंद करा दिया था। इससे शहर में जाम की समस्या खड़ी हो गई। जिला प्रशासन ने जाम से निपटने के लिए काफी जतन किए प्रशासन का लेकिन कोई कदम कारगर नह हुआ। शहर के दीवानी तिराहा, बस स्टेशन-अमहट, गंदानाला, चौक मार्ग पर जाम की समस्या से लोग हर दिन जूझते देखे गए। आाकारिक तौर पर कहा गया था कि अक्टूबर 2023 में गोपालदास पुल बनकर तैयार हो जाएगा लेकिन कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य में देरी की। इस पर सुल्तानपुर की सांसद मेनका गांाी और दिसंबर माह में प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक अाकारियों को तो काम में तेजी आई। पीडब्ल्यूडी ने 15 जनवरी को पुल को अस्थायी तौर पर शुरू कराने का दावा किया था। बीते कई दिनों से यहां युद्ध स्तर पर काम चला और शनिवार शाम से यहां पैदल व बाइक से लोगों का आवागमन शुरू हो गया। अभी यहां मिट्टी बैठने के बाद दोनों तरफ की दीवार व मुख्य स्लैब के बीच दो-दो लेन पर बारी-बारी से छत डाली जाएगी। इसमें करीब तीन माह का समय लगने के आसार हैं। इस बाबत लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता सीडी मिश्रा ने बताया कि गोपालदास पुल पर मई में स्थायी रूप से आवागमन शुरू हो सकेगा। अस्थायी तौर पर 15 जनवरी से यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर जिले में खासा उत्साह, राममय होगा पूरा जिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले भर में खासा उत्साह है। शासन के निर्देश और जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले में रविवार से पौराणिक एवं प्रमुख मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों रामायण, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, रामनाम संकीर्तन आदि कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जो पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ 22 जनवरी तक चलेगा। जिले भर में देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर उन्हें सुंदरता से सजाया जा रहा है। हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पाठ की शुरुआत, एडीएम ने किया पूजन अर्चन

रविवार को सुबह करीब 11:30 बजे अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह शहर के सदर चौराहे स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन कर जनपद की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में एडीएम ने पूजन-अर्चन कर पूरे विधि विधान से अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की। पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त चौधरी की अगुवाई में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं संस्कृति विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दल ने वाद्य यंत्रों के साथ अखंड रामायण पाठ कर रहे हैं। बताते चले कि पूरे जिले में तहसील, विकासखंड, नगर निकाय एवं ग्राम स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियो की अगुवाई में तय रोस्टर के मुताबिक प्रसिद्ध एवं प्राचीन मंदिरों में रामायण, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, रामनाम संकीर्तन आदि कार्यक्रमों की रविवार से शुरुआत हुई। श्रीरामोत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर मनाएं दीपोत्सव : डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 22 जनवरी राष्ट्रीय उत्सव की तिथि है। प्रभु श्रीराम के नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान होने का उत्सव सिर्फ अयोध्या का नहीं है, बल्कि यह हर गांव, हर घर और हर जन का उत्सव है। इसलिए तैयारियां भी उसी रूप में होनी चाहिए। प्रयास होना चाहिए कि श्रीरामोत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर दीपोत्सव मने। हर कस्बे, हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति की इसमें सहभागिता अपेक्षित है। ग्राम प्रधान इसके लिए खुद प्रयास करने के साथ हर ग्रामवासी को जागरूक करें, उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाएं। स्वच्छता ईश्वर को तो प्रिय है ही, तमाम बीमारियों को दूर रखने में भी अनिवार्य है।श्री जानकी जीवन मंदिर में रामायण सीरियल के प्रसारण की हुई शुरुआत!

खीरी में 'रामायण' के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। लखीमपुर शहर के श्री जानकी जीवन (मुडिया - महन्त) मन्दिर,मिश्राना में रविवार से श्री राजगोपाल मन्दिर ट्रस्ट श्री अयोध्या जी, लखीमपुर-खीरी अधिकृत प्राधिकारी (रिसीवर) एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह की अगुवाई में प्रोजेक्टर के जरिए रामानंद सागर की 40 साल पुराने और लोकप्रिय टीवी सीरियल 'रामायण' का प्रसारण शुरू हुई, जो प्रतिदिन तय समय शाम 05 बजे से रात्रि 09 बजे तक 22 जनवरी तक प्रसारित होगा। इस सीरियल का प्रसारण होना श्रीराम के श्रद्धालुओ के लिए एक खास तोहफा है। बताते चलें कि रामायण भारतीय टेलीविजन के सबसे प्रतिष्ठित शो में से एक है। रामायण में भगवान श्रीराम की कहानी में कई महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन है, जो आज भी सभी परिस्थितियों में आयु और समूहों को जोड़ती हैं। वहीं पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के किरदार से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। रामायण में कई ऐसी घटनाएं हैं, जो आज भी लोगों को कठिनाइयों से उभरने में मदद करती हैं।

अब दरियापुर ओवर ब्रिज होगा श्रमिकों का ठिकाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के शाहगंज चौराहा दशकों से सुबह-सुबह गुलजार हुआ करता था। सैकड़ों श्रमिक यहां मजदूरी के लिए कतारों में खड़े होते थे। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सजाये जा रहे राम वनगमन मार्ग पर दिखने वाले इन मजदूरों का ठिकाना प्रशासन ने बदल दिया है। ये सभी अब दरियापुर ओवर ब्रिज के नीचे नई जगह पर पाए जाएंगे।

सुबह-सुबह खड़े सैकड़ों मजदूर, मोल-भाव करते ठेकेदार, बात पटी तो अपना-अपना टिफिन उठाकर ठेकेदार के साथ रवाना होते मजदूर। ये नजारा रोज सुबह शहर के शाहगंज चौराहे पर आम देखने को मिलता था। एक तरह से यहां मजदूरों की मंडी लगती है और भाव तय होने के बाद मजदूर काम पर चले जाते थे। किशोर से लेकर बुजुर्ग मजदूर तक यहां पर कुशलता के आाार पर दिहाड़ी पर मजदूरी के लिए ले जाए जाते थे। दिनभर हाड़तोड़

दशकों से शाहगंज चौराहे पर थे मिलते

मेहनत के बाद मिलती तो सिर्फ डेढ़ सौ से ढाई सौ रुपए तक की मजदूरी ही है। इनमें से अाकितर मजदूर तो श्रम विभाग की योजनाओं और अपने अाकारों की जानकारी भी नह रखते। शहर में रोज आसपास के गांवों से 15 वर्ष से लेकर 60 वर्ष के बुजुर्ग तक मजदूरी के लिए आते हैं। शाहगंज चौराहे पर सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक ठेकेदारों का इंतजार करते थे। अाकितर मजदूर तय दिन को साप्ताहिक मजदूरी के लिए ठेकेदार से अनुबां कर लेते तो वह, कुछ मजदूर दिहाड़ी पर अलग-अलग ठेकेदारों के साथ मजदूरी के लिए जाते। लेकिन अब इनके ठेकेदार इन्हें काम के लिए लेने दशकों पुराने ठिकाने नह बल्कि नए ठिकाने पर आएंगे। जिसे प्रशासन ने इन्हें कल दिखा दिया है।

सिखों ने हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी का त्योहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सिखों का महत्वपूर्ण त्यौहार लोहड़ी को शहर में हर्षोल्लास से मनाया गया। पर्व पर पंजाबी कलोनी स्थित गुरुद्वारा में विवाि कार्यक्रम हुए। भजन-कीर्तन के साथ खुशी के गीत गाए गए। सैकड़ों लोगों ने लोहड़ी जलाई व प्रसाद वितरित किया।

बीते वर्ष में जिन परिवारों में शादी, पुत्र-पौत्र की प्राप्ति होती है वे लोहड़ी के दिन ज्यादा खुशी मनाते हैं। पूरा समाज उनकी खुशियों में शामिल होता है। दिन भर बच्चे-बच्चियां सभी के घरों से लोहड़ी मांगते हैं। दिन भर गुरुद्वारे में विवाि आयोजन हुए। गुरुद्वारे को कार्यक्रम के तहत पहले से साफ-सुथरा किया गया था। गुरुद्वारे में अखंड साहिब पाठ, आरती के बाद ज्ञानी कुलदीप सिंह के रागी जत्थे ने सिख परंपरा के अनुसार गुरुवाणी का कीर्तन किया। यहां जमा हुए लोगों ने एक दूसरे को लोहड़ी की बााई व मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान-दान की शुरुआत की। शहर के सिख समुदाय ने समृद्धि और संपन्नता का पर्व लोहड़ी ाूमााम से मनाया। इस मौके पर पंजाबी कालोनी स्थित गुरुद्वारे में लोहड़ी जलाई गई और गुड़, तिल व लावा अर्पित किया गया।गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा परिसर में हर्षोल्लास के बीच लोहड़ी का पर्व मनाया। इस मौके पर युवाओं ने भांगड़ा और जगह-जगह महिलाओं ने गिद्दा नृत्य किया। नए अन्न के उत्पादन की शुरुआत के साथ लोहड़ी का आनंद दोगुना हो गया। उत्साहित युवाओं ने डीजे की ाुन पर मौज-मस्ती मनाई।

अखिलेश यादव ने प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण स्वीकार किया, 22 जनवरी के बाद सपरिवार करेंगे दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव को मिला है। आमंत्रण मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर की है। इसके लिए उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का आभार जताया है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत सपरिवार श्री रामलला के दर्शन करने की बात कही है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा दिया गया है। निमंत्रण मिलने पर अखिलेश यादव ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का आभार प्रकट किया है।

अखिलेश ने ट्रस्ट के महासचिव को पत्र लिखकर कहा है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सकुशल सम्पन्न होने की शुभकामनाएं। अखिलेश ने कहा कि हम समारोह के पश्चात सपरिवार दर्शनार्थी बनकर श्री रामलला के दर्शन करने अवश्य आएंगे। उल्लेखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों श्री राम लाल के भव्य मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण मिलने से इनकार किया था। उन्होंने पत्रकारों को बताया था कि अभी तक उन्हें कोई भी आमंत्रण पत्र प्राण प्रतिष्ठा का प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बाद ही उन्हें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भेजा गया। निमंत्रण पत्र मिलने पर उन्होंने ट्रस्ट का आभार जताया है।

पूर्व प्रधान ने बांटे सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल

सुल्तानपुर। कुड़वार ब्लाक के प्रतापपुर ग्राम सभा के पूर्व प्राान संजय कुमार दुबे ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज सैकड़ो जरूरतमन्दो को कंबल वितरित किया गया। कंबल पाकर लोगो के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्राान संजय कुमार दुबे ने कहा कि गरीबों, असहायों व लाचारों की मदद करना सराहनीय कार्य है। समाज के संपन्न वर्ग के लोगों को ऐसे लोगों को राहत प्रदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर श्रीकांत दुबे, राम चन्द्र तिवारी, सोनू, तिवारी, श्याम बहादुर तिवारी, राजीव दुबे, रमा शंकर दुबे, अमरनाथ शर्मा, डी एन पाठक, करुणा शंकर दुबे, उमापति पांडेय, मिन्टू तिवारी, राकेश भारती, दारा तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

गरीब बेटी की शादी के लिए सभासद शम्मी गुप्ता ने बढ़ाये हाथ

पलियाकलां-खीरी।शहर निवासी एक गरीब बेटी के विवाह में आ रही पैसों व सामान की कमी के चलते बिटिया की मां काफी परेशान रहती थी। मामले की जानकारी नगर पालिका के सभासद पवित्र प्रकाश सम्मी गुप्ता को हुई तो वह बिटिया के घर पहुंचे और उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया। सभासद ने अपने अन्य व्यापारी साथियों की मदद से बिटिया की शादी के लिए नगद धनराशि सहित सामान एकत्र किया जिसे बिटिया के परिजनों को सौंप दिया गया। सभासद सहित सहयोगी व्यापारियों के इस कार्य की शहर में जमकर सराहना हो रही है। इससे पूर्व भी सभासद के द्वारा गरीब बेटियों की शादी में सहयोग कराया जा चुका है।

शहर के मोहल्ला बाजार दो निवासी कुसुम वर्मा की पांच बेटियां हैं। बड़ी चार बेटियों का विवाह हो चुका है। गरीब बिटिया के घर कमाने वाला कोई नहीं है। अकेली मां पूरे परिवार का भरण पोषण करती हैं। गरीब बेटी की मां कुसुम वर्मा ने बताया कि उनके परिवार में कोई भी कमाने वाला सदस्य नहीं है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गोण्डा पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर

सोशल मीडिया से लेकर हाइवे तक 22 जनवरी को हर चीज पर रहेगी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गोण्डा पुलिस पुलिस-प्रशासन लगातार अलर्ट मोड़ पर है।जिले में हर गतिविधियों पर पुलिस की नजर बनी हुई है और प्रशासन विभागीय व्यवस्थाओं को सुधारने में लगा हुआ है।इसके साथ ही साइबर सेल की स्पेशल टीम सोशल मीडिया पर खास नजर रखेगी। ताकि किसी भी तरह से माहौल न बिगडे।दरअसल आने वाले दिनों में अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी होना है और फिर उसके चार दिन बाद गणतंत्र दिवस है.ऐसे में किसी भी आतंकी साजिश से निपटने के लिए संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी जा रही है।साथ ही पुलिस की कोशिश है कि कोई भी असामाजिक तत्व देश का माहौल खराब न कर पाए ऐसे में फ़ेसबुक,ट्विटर, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर साइबर सेल की विशेष टीम सोशल मीडिया पर नजर रखेगी।

राम मंदिर से जुड़े पोस्ट पर गोण्डा पुलिस की नजर

गोण्डा । पुलिस की नजर खासतौर पर उन पोस्ट पर ज्यादा है,जो अयोध्या राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कर्यक्रमों को लेकर किए जा रहे हैं।पुलिस को शक है कि कुछ असामाजिक तत्व देश का माहौल खराब करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले सकते हैं।वही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई वीआईपी लोग पहुंचेंगे इसके अलावा एक लाख से अधिक लोगों के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।ऐसे में गोण्डा,अयोध्या और आसपास के इलाकों में भी सुरक्षा व्यवस्था चुस्त कर दी गई है।साथ ही संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे।फिलहाल मौजूदा टीम को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद से संबंधित आपत्तिजनक पोस्ट या ट्वीट पर विशेष नजर रखें और इस संबंध में तुरंत ही अफसरों को सूचित करें बता दें कि जिले के एसपी ने सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर,सर्विलांस व सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया है।असामाजिक तत्व राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आपत्तिजनक ट्वीट और पोस्ट या मैसेज के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर साइबर सेल नजर रखेगी।अफसरों का कहना है टीम को अलर्ट कर दिया गया है।साथ ही संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे।फिलहाल मौजूदा टीम को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद से संबंधित आपत्तिजनक पोस्ट या ट्वीट पर विशेष नजर रखें और इस संबंध में तुरंत ही अफसरों को सूचित करें।बता दें कि जिले के एसपी ने सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर, सर्विलांस व सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया है।जिले में सोशल मीडिया पर लोगों की क्या सक्रियता है,किस तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं अब यह पुलिस की नजर में रहेगा।सक्रिय किए गए साइबर,सर्विलांस व सोशल मीडिया सेल ने सोशल मीडिया ग्रुपों की निगरानी बढ़ा दी है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की तो उसे जेल भेजा जाएगा।ग्रुपों पर टिप्पणी करने वालों पर तो कार्रवाई की ही जाएगी ग्रुप एडमिन पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी।पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है।टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। किसी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शायर शारिक रब्बानी के आवास पर मनाई गई कैफ़ी आज़मी की 105वीं जयंती

कैफ़ी आज़मी की जयंती पर एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव को इस्कफ मैत्री सम्मान से किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर व साहित्यकार शारिक रब्बानी के नानपारा स्थित आवास पर हर साल की तरह इस साल भी, भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश ऋइएठक्क के तत्वावधान में कैफ़ी आज़मी की 105 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई और एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शारिक रब्बानी ने की और संचालन शहनवाज़ खां ने किया। विशिष्ट अतिथि ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट रहे, जिन्हें भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश की ओर से अध्यक्ष शारिक रब्बानी ने इस्कफ मैत्री सम्मान से सम्मानित भी किया। श्री रब्बानी ने ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट को सांस्कृतिक कर्मी, फिल्म कलाकार, लेखक एवं फिल्म निर्देशक के रूप में उनकी सेवाओं के लिए अंगवस्त्र और इस्कफ मैत्री सम्मान प्रदान किया। गोष्ठी की शुरुआत गुलज़ार वासिफ रिज़वी ने कैफ़ी आज़मी की नज़्म ?मकान पढ़कर की, शहनवाज़ खां और श्री श्रीवास्तव ने कैफ़ी साहब के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने इस दौरान अपने शेर पढ़े और नानपारा में साहित्य को जिंदा रखने व कैफ़ी आज़मी की जयंती मनाने के लिए शुभामनाएं दीं। गोष्ठी में शारिक रब्बानी ने कैफ़ी आज़मी के बारे में बताया कि मशहूर तरक्की पसंद शायर कैफ़ी आज़मी का जन्म 14 जनवरी 1919 को आजमगढ़ के मिजवां गांव में हुआ था और कैफ़ी साहब के बचपन के कुछ साल बहराइच में भी गुज़रे और बहराईच के ही एक मुशायरे में उन्होंने 11 साल की उम्र में अपनी पहली ग़ज़ल पढ़ी जिसका मतला था - इतना न ज़िन्दगी में किसी के खलल पड़े। हंसने से हो सुकून न रोने से कल पड़े।। शारिक रब्बानी साहब ने यह भी बताया कि कैफ़ी आज़मी की गणना प्रगतिशील शायरो की पहली पंक्ति में की जाती है। कैफ़ी आज़मी की नज्मों में एक ओर समाजिक और राजनैतिक जागरूकता का समावेश है तो दूसरी ओर हृदय की कोमलता। कैफ़ी आज़मी ने हकीकत, हीर रांझा, कागज़ के फूल, शोला और शबनम आदि अनेक फिल्मों में गीत लिखे। उनकी प्रमुख पुस्तकें आवारा सजदे, आखिरी शब, सरमाया, झंकार वगैरह है। कैफ़ी आज़मी को महाराष्ट्र उर्दू अकादमी अवार्ड, सोवियत लैंड नेहरू अवार्ड, साहित्य अकादमी अवार्ड, फिल्म फ़ेयर अवार्ड सहित अनेक अवार्ड मिल चुके हैं। कैफ़ी आज़मी का देहांत 10 मई 2002 को मुम्बई में हुआ। कैफ़ी आज़मी के पुत्र बाबा आज़मी, बेटी मशहूर फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी और दामाद जावेद अख्तर साहब आज भी फिल्म जगत की महान हस्तियों में शुमार होते हैं। इसके बाद सैयद रेहान और शहाबुद्दीन ने भी कैफ़ी आज़मी की नज्मों को अपनी आवाज में पेश किया। इस अवसर पर शम्स नानपारवी, कैफ़ नानपारवी, लाल नानपारवी और अय्यूब अंसारी ने ग़ज़लें पढ़कर गोष्ठी में अपनी अदब से मोहब्बत का इजहार किया।? गोष्ठी का समापन करते हुए शारिक ने बताया कि कैफ़ी आज़मी की जयंती के अवसर पर कैफ़ी आज़मी के पैतृक गांव मिजवां आजमगढ़ में , मिजवां वेलफ़ेयर सोसाइटी की ओर से, लखनऊ में आल इंडिया कैफ़ी अकादमी में, अकादमी की ओर से तथा मुम्बई आदि में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और कैफ़ी आज़मी जैसी महान विभूतियों को हम लोगों को हमेशा याद रखना चाहिए।

विशेष स्वच्छता अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने चलाया सफाई अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। रविवार को विकासखंड तेजवापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय मेहराबाद स्थित माता मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया।सफाई अभियान में ब्लॉक के अन्य कर्मचारियों ने भी प्रमुख प्रतिनिधि के साथ झाड़ू लगाकर मंदिर व परिसर की साफ सफाई किया। प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने कहा कि हमें अपने घरों की साफ सफाई के साथ-साथ मंदिरों की भी साफ सफाई नियमित रूप से करनी चाहिए क्योंकि स्वच्छ जगह पर ही ईश्वर का निवास होता है। और साफ सफाई से ही हम बीमारियों को मात दे सकते हैं।इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह,केसरी गौड़,अजय शुक्ला,रवि कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर एक साथ किया गया: सूर्य नमस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयुष विभाग के योग वेलनेस सेंटर पंडरी कृपाल गोंडा के तत्वावधान में प्रेरणा पार्क एवं गांधी पार्क में सामुहिक रूप से योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा उपस्थित समस्त योग साधकों को सूर्य नमस्कार क्रिया का अभ्यास करवाया गया क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ.अरुण कुमार कुरील ने बताया केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा सूर्य उपासना के महापर्व मकर संक्रांति के अवसर पर जिले भर में सामूहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास कराया गया।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया 'सूर्य नमस्कार' सूर्य की प्रत्येक किरण के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए सूर्य को प्रणाम के रूप में किया जाता है, क्योंकि वह सभी जीवों का पोषण करता है।वैज्ञानिक दृष्टि से,सूर्य नमस्कार को प्रतिरक्षा विकसित करने और जीवन शक्ति में सुधार करने के लिए जाना जाता है, सूर्य के संपर्क में आने से मानव शरीर को विटामिन डी मिलता है, जिसे दुनिया भर की सभी चिकित्सा शाखाओं में व्यापक रूप से मान्यता मिली है योगाचार्य ने कहा सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित होती है और चुस्त-दुरुस्त रखने में बेहद ही कारगर है।अंत में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने सभी योग साधकों को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।इस अवसर पर अनिल भट्ट,गौरव गुप्ता,आशीष गुप्ता,अयांशा,खुशी,मानसी, आकांक्षा,माही,पंछी, बिट्टू,सिया,आराध्या,साक्षी,आयुष हिमांशु,रिषित,शिवा,श्रीम, अक्षिती,ओजस, संध्या,मांडवी, रश्मि,नेहा,मनीषा,अंजू,ज्योति,अनीता,छवि आदि मौजूद रहीं।

प्रिंस शुक्ला पर लगा रंगदारी मांगने का आरोप,भानू शुक्ला ने लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जहां प्रदेश को भ्रष्टाचार व भय मुक्त करने का संकल्प ले रहे हैं तो वहीं जनपद गोंडा में कुछ अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है।जनपद में एक रंगदारी का मामला सामने आया है।शहर कोतवाली के लखनऊ रोड स्थित एक कॉस्मेटिक एवं कपड़े की हाफ रेट स्टोर नामक दुकान के संचालक से एक लाख रूपये की रंगदारी मांगी गई है और न देने पर जान से मार देने की धमकी भी दी गई है।आपको बता दें नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ रोड लाहड़ी चौराहा पेट्रोल पंप के ठीक सामने स्थित कॉस्मेटिक एवं कपड़े की हाफ रेट स्टोर नामक दुकान के संचालक भानु प्रकाश शुक्ला पुत्र स्वर्गीय आसाराम शुक्ला निवासी कचहरी स्टेशन थाना कोतवाली नगर ने संबंधित थाने में तहरीर दी है,उन्होंने बताया कि प्रिंस शुक्ला निवासी गंगापुर थाना कोतवाली नगर काफी मनबढ़ व अपराधी किस्म का व्यक्ति है। लगभग एक सप्ताह से प्रिंस शुक्ला मेरे मोबाइल नंबर 95 59 909 899 पर अपने मोबाइल नंबर 8858 548 718 से बतौर रंगदारी एक लाख रूपये मांग रहा थे जिसे प्रार्थी ने देने से इनकार कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि दिनांक 9 जनवरी 2024 को दिन में करीब ढाई से तीन बजे के बीच उसकी दुकान पर एक नई स्कॉर्पियो एन आकर रुकी,जिसमें से उपेंद्र सिंह उर्फ मिंटू,हनी व प्रिंस शुक्ला हाथ में रिवॉल्वर लिए नीचे उतरे तथा प्रार्थी की दुकान पर पहुंचकर प्रार्थी को मूका-थप्पड़ से मारते हुए उक्त स्कॉर्पियो में जबरन लादने का प्रयास करने लगे।अप्रत्याशित घटना से परेशान होकर प्रार्थी हल्ला-गुहार करने लगा तभी दुकान मालिक राजकुमार दुबे दौड़कर प्रार्थी को छुड़ाने आए तो उन तीनों ने उनसे भी हाथापाई करते हुए उनकी कनपटी पर रिवाल्वर लगा दिया।घटना को देखते हुए राहगीर भी तीनों को घेरने लगे तब अपने को घिरता देख तीनों व्यक्ति प्रार्थी को छोड़कर दुबारा आने की धमकी देते हुए गाड़ी से भाग गए।प्रार्थी ने इसकी सूचना तत्काल 112 पर दी।नगर कोतवाली की पुलिस चौकी एससीपीएम के दरोगा भी आए और घटना की जानकारी ली तथा प्रार्थी को कोतवाली नगर में प्रार्थना पत्र देने के लिए सुझाव दिया।प्रार्थी ने उक्त दबंग के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए नगर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन व उक्त घटना से प्रार्थी का पूरा परिवार सदमे में है प्रार्थी ने बताया कि उक्त घटना का पूरा वीडियो सामने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

नमो ऐप के मध्यम से प्रधान मंत्री से जुड़े छात्र: प्रमोद

जरवल के जय जवान जय किसान व फातिमा इंटर कॉलेज मे सैकंडो छात्र छात्राओं ने नमो ऐप किया डाउनलोड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता ने नगर में स्थित दो विद्यालयों जय जवान जय किसान इंटर कालेज एवं फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षारत छात्र एवं छात्राओं को नमो ऐप के बारे में जानकारी देते हुए मोबाइल फोन पर डाउनलोड करवाया।नमो ऐप के बारे में जानकारी देते हुए श्री गुप्ता ने बताया कि यह ऐप सीधे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से संचालित है।

इस ऐप के द्वारा सभी लोगों को लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां दी जाती है। एवं नमो ऐप धारियों से सुझाव भी मांगी जाती है। जिसमें आप सभी लोग अपने विवेकानुसार सुझाव भी दे सकते हैं।विद्यालय में उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस नमो ऐप को डाउनलोड करके अपनी सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सय्यद आबिद रजा, सय्यद इब्ने हसन काजमी, प्रधानाचार्य अम्मार अंसारी, तरन्नुम अकरम, अध्यापक अंकुश गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला, अजहर, अध्यापिका अंजू श्रीवास्तव, बबिता श्रीवास्तव, शाहीन, जेबा सहित सभी विद्यालय कर्मी एवं छात्र एवं छात्रायें मौजूद रहे।

दबंगों ने आसरा आवास पर कर लिया कब्जा, चुनौती साबित हो रहा बेदखली करना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडाः दबंगों ने आसरा आवास पर अब तरीके से कर लिया है कब्जा वही आसरा योजना में अवैध कब्जे को हटान में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।कई बार नोटिस के बाद भी कब्जेदार आवास नहीं खाली कर रहे हैं।करीब पांच साल से वहां पर कब्जा है।मौके पर काबिज लोगों का कहना है कि नए मकान की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक घर नहीं मिल सका है।जिला मुख्यालय में सर्किट हाउस के निकट आसरा आवास योजना के तहत करीब 600 फ्लैट बनाए गए थे।इन आवासों के निर्माण के बाद से ही अवैध कब्जे होने लगे। कई संगठनों व निजी लोगों पर कब्जा करके रहने का आरोप है।डूडा के अधिकारियों का कहना है कि करीब 500 से अधिक आवास पात्र व्यक्तियों को एलॉट किए गए हैं।जबकि बचे हुए आवासों के लिए नए आवेदन मांगे गए हैं।पात्रता के अनुसार आवेदन पत्रों की जांच के लिए विभागीय अधिकारियों को भेजा गया है।जांच के बाद नए लोगों को मकान एलॉट किया जाएगा।इनको कब्जेदारों से खाली करवाना भी चुनौती बनी हुई है।

बिजली और पानी का कनेक्शन नहीं काटा, सिर्फ नोटिस देकर की जा रही खानापूर्ति..

ऐसे में लोग अब मकानों पर जबरन कब्जा कर रहे हैं. अवैध कब्जा के बाद उनकी बेदखली करने में प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे,जिला मुख्यालय सर्किट हाउस के बगल बने 50 मकानो पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है।प्रशासन ने उनको घर से बाहर निकलने के लिए नोटिस तो दे दिया लेकिन नोटिस देने के बाद भी लोग घर से बाहर नहीं निकल रहें।

बेदखली कराना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती

शासन की इस योजना का मूल उद्देश्य था कि गरीबों को पक्की छत मिले लेकिन इसका लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है बल्कि,जबरन दबंगई कर कुछ लोग आसरा आवास पर कब्जा जमा बैठे हैं। जिला प्रशासन के सामने अब उनकी बेदखली करना एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

निजी मकान वालों ने कर लिया कब्जा

ऐसे लोग भी जो आसरा आवास में अब तरीके से बैठे हुए है जिनके पास खुद का मकान गाँव में है वह लोग अपनी दबंगई के बल पर आसरा आवास पर कब्जा जमाए हुए हैं।लेकिन जिला प्रशासन उसे खाली करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

आवंटन करने में प्रशासन की रुचि नहीं

जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस के बगल आसरा आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गया था। करीब 500 आवास आवंटित किए गए थे और बाकी तैयार पर दबंगों अपना कब्जा जमा लिया। और बाकी बचे आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन राजनेता व अफसरों के बीच रार होने के कारण इसके आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी।कई बार आवेदन मांगे गए जांच हुई लेकिन मामला ढाक के तीन पात निकला अंततः सात वर्ष बाद गरीबों को अपनी छत नहीं मिली है।लेकिन उनके आवंटन करने में जिला प्रशासन रुचि नहीं दिखा रही है।

युवा स्वामी विवेकानंद को एक बार जरूर पढ़ें : डॉ. गदिया

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ.अशोक कुमार गदिया ने रविवार को कहा कि स्वामी विवेकानंद को भारत के 65 करोड़ युवाओं का सशक्त प्रतिनिधि बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के मद्रास में 'मेरी क्रांतिकारी योजना' विषय पर दिये गये भाषण को एक बार जरूर पढ़ें।उन्होंने कहा कि आज शिक्षा व ज्ञान की कमी का ही परिणाम है कि भारत के युवा फिल्मी सितारें को अपना आदर्श बनाये बैठे हैं। जबकि महापुरुषों के चरित्र को अपनाकर ही भारत में विकास की संभावनाओं को जन्म दिया जा सकता है। उन्होंने अपने सम्भाषण में दया,करूणा व गुरु की महिमा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्रकृति के अनुसार ही देश के विकास की योजनाओं का खाका तैयार करना होगा,अन्यथा हर सरकारी योजना कागजों में ही आकर्षक दिखाई देगी। समारोह में इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ.अलका अग्रवाल ने भी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

चेयरमैन ने मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में कराया खिचड़ी भोज

आरएसएस विभाग प्रचारक ने किया भोज का शुभारंभ खिचड़ी भोज में शामिल हुए आरएसएस पदाधिकारी,भाजपा नेता और सैकड़ों श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की ओर राम खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं, पालिका कर्मियों, भाजपा नेताओं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पदाधिकारियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

नगर के पीलीभीत बैंक्विट हॉल में राम खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। राम खिचड़ी सहभोज का आरंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक ने मकर संक्रांति पर्व की महिमा बताई। इसके अलावा विभाग प्रचारक ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर के सभी मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर के सभी मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ सत्संग कीर्तन आदि आयोजित करके प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की जाएगी। घरों में दीप जलाकर दिवाली मनाई जाएगी। सभी कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों से कहा कि वह प्रभु श्री राम के इस कार्य में योजनाबद्ध रूप से लग जाए। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं पार्टी नेताओं को खिचड़ी भोग कराया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल,विभाग संघ चालक ओमप्रकाश गंगवार, प्रदीप नवरंग, जिला प्रचारक दुष्यंत चौहान, सोहनवीर, पूर्व सांसद बलराम पासी,पीसीयू अध्यक्ष सुरेश गंगवार, पूरनपुर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, नगर पंचायत पकड़िया नौगवां अध्यक्ष पति संतोष संधू, नगर पंचायत मझोला अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, भाजपा नेता ऋतुराज पासवान, नगर पालिका परिषद पीलीभीत के सभी सभासदगण, संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, जिला मंत्री गौरव अवस्थी, संजीव मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने चलाया अल्पसंख्यक सदस्यता अभियान

पीलीभीत। कलीनगर नगर पंचायत में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा आयोजित अल्पसंख्यक समाज जागरूकता सम्मेलन हुआ। जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नासिर शाह खान ने की मुख्य अतिथि अखलाक हसन खान जिला सलाहकार ने कहा ओमप्रकाश राजभर अल्पसंख्यक गरीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं।समाजवादी पार्टी ने और तमाम पार्टियों ने मुसलमान को ठगने का काम किया है।अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नासिर शाह खान ने कहा ओम प्रकाश राजभर अल्पसंख्यक दलित पिछड़े वंचितों गरीबों मजबूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जैसे एक समान शिक्षा फ्री चिकित्सा फ्री शिक्षा कैफ रजा जिला अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस पार्टी 40 साल सत्ता में रही मुसलमानो के लिए कुछ नहीं किया मुसलमान को धोखा दिया और समाजवादी पार्टी की चार बार उत्तर प्रदेश में मुसलमान ने सरकार बनाई मुसलमानो को कोई हिस्सेदारी नहीं दी है। और ना ही नौकरी दी ना कोई रोजगार दिया ना डिप्टी सीएम बनाया सिर्फ धोखा दिया इसीलिए तमाम मुसलमान ने कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी को पूरी तरह से छोड़ दिया है। आज सभी अल्पसंख्यक पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है।इस कार्यक्रम में मौजूद रहे अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष असद खान, इजहार खान जिला अल्पसंख्यक मीडिया प्रभारी,आफाक खान नगर अध्यक्ष कलीनगर,शाहजली, शेर मोहम्मद, सादिक विधानसभा अध्यक्ष, चितरंजन बराई,सगीर अहमद, बलवीर सिंह,मंदी सिंह,इकरार खा,फारूक खा, अयान खा,साबिर खा,शकील खा,सफी अहमद,सभासद प्रतिनिधि पप्पू सलमानी,समसाद खा,असलम खा,नसीम खा,लाल खा,रियाज खा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आवारा पशुओं से ग्रामीण परेशान फसलों को हो रहा है,नुकसान

नगरिया खुर्द कला के युवा ग्राम प्रधान ने तराई क्षेत्र में गौशाला बनवाने की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।एक तरफ योगी सरकार आवारा पशुओं के लिये बेहतर सुविधाएं देने का दावा करती हैं। लेकिन दावे खोखले नजर आते हैं। वही इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है।ताजा मामला ब्लाक पूरनपुर क्षेत्र का है।जहां नगरिया खुर्द कला,रमनगरा,महाराजपुर, गभिया सहराई,नौजलियां नकटाह सहित अन्य गांवों में इन निराश्रित पशुओं से ग्रामीण व किसान बेहद परेशान है।इन स्थानों पर जिम्मेदार अधिकारियों की साफ लापरवाही सामने आ रही है।इन गांवों में सरकार के आदेशों की सरेआम धज्जियां भी उड़ती हुई दिखाई दी जा सकती है।रात रात भर जाग कर अपने खेतों से इन पशुओं को भगा रहे बेचारे किसान जिम्मेदारो द्वारा गांव में निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाया जाये,लेकिन ऐसा नहीं निराश्रित पशुओं से किसान काफी परेशान हैं।और रात रात भर जाग कर अपनी फसलें बचाते हैं। लेकिन फिर भी किसानों की फसलें निराश्रित पशु चट कर जाते हैं।इस इस समस्या से क्षेत्रीय किसान व ग्रामीण काफी परेशान हैं। भीषण ठंड में किसान रात रात भर खेतों की रखवाली करते आखिर निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाया जायेगा और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कब ध्यान देंगे।यह अपने आप में एक बड़ा सवाल बना हुआ है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने शासन प्रशासन से इन आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने और तराई क्षेत्र में गौशाला बनवाने की मांग की है।

निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह को अनजान नंबर से मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

वाराणसी। भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह 'बबलू' को अनजान फोन नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में संजय सिंह की ओर से भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।पुलिस को दिए गए तहरीर के अनुसार भेलूपुर थाना क्षेत्र के कबीर नगर दुर्गाकुंड निवासी संजय सिंह को 12 जनवरी की रात 8.30 से नौ बजे के बीच उनके दोनों फोन नंबरों पर अनजान नंबर 9120316232 से फोन आया। अनजान फोन नंबर होने से उन्होंने फोन नहीं उठाया। फिर 13 जनवरी को दोपहर में उसी नंबर से पुनः फोन आया तो उन्होंने रिसीव किया। फोन उठाते ही फोन करने वाला गाली व जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद डरकर मैंने (संजय सिंह) फोन काट दिया।

आइए मिलकर कदम उठाए

पीलीभीत।प्रभु श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन उपलक्ष्य पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिरों के स्वच्छता अभियान आह्वान पर रविवार को जिला कार्यसमिति सदस्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित ''राजू द्वारा अपने ग्रह क्षेत्र के मनहरिया पंचायत में दुर्गा मंदिर व शिव मंदिर पर साफ सफाई की इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कामता प्रसाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जित कुमार,आशीष दीक्षित ''सोनू,विधानसभा आई टी संयोजक अचल मोहन पांडेय,मण्डल महामंत्री अचलेन्द्र मिश्र, ब्लॉक प्रभारी प्रधान संगठन अरविंद कुमार वर्मा,प्रधान रामपाल कश्यप,देवी दयाल चौहान आदि ग्राम वासियों के साथ इस अभियान का सुभारम्भ किया।

प्रधान ने आंगनवाडी केंद्रों पर वितरण किए बर्तन

पुरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने अपनी ग्राम पंचायत के आंगनवाडी केंद्र ढकिया तालुके महाराजपुर,नगरिया खुर्द कला,भुडा गोरख डिब्बी पर पहुंचकर हॉट कुक्ड योजना मिड डे मिल की तरह मिलने वाले पक्के भोजन को खाने के लिए थाली,गिलास,कटोरी,बाल्टी, गमला ,चम्मच सहित अन्य बर्तन वितरण किए इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता गोतम,बसंती विश्वास,मगली विश्वास,सहायिका,ग्राम पंचायत सदस्य,गर्भवती व धात्री महिलाएं,बच्चे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

इनर व्हील क्लब ने 101 दीप प्रज्ज्वलित किए

पूरनपुर।इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी के सदस्यों ने 22 जनवरी अयोध्या में होने वाले राम लला के नूतन रूप की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उल्लास में भजन संध्या का आयोजन किया क्लब के सदस्यों द्वारा राम भजनों पर सुंदर नृत्य किया गया और 101 दीप प्रज्ज्वलित किए गए इसी शुभ बेला पर क्लब की नई कार्यकारणी का भी गठन किया गया क्लब द्वारा गायत्री मंदिर में जरूरत मंद लोगो को कंबल वितरित किए।इस कार्य क्रम में क्लब अध्यक्ष सीमा गुप्ता,चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता,सचिव प्रीति अग्रवाल,कोषाध्यक्ष शिवानी खंडेलवाल,अंजु मिश्रा,संगीता गुप्ता,पूनम गुप्ता,मिताली गुप्ता,पवन गुप्ता,सुजाता जैसवाल,निधि वर्मा,रिंकी गुप्ता,डिंपी गुप्ता,मधुरिमा गुप्ता,सविता खंडेलवाल,सोनम गर्ग,रुचि खन्ना,मीनाक्षी खन्ना,शशि खंडेलवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

अल्पसंख्यक मोर्चा बूथ स्तर तक लोगों के मोबाइल में नमो एप को डाउनलोड कराए : श्याम बिहारी शर्मा

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर मुरादाबाद अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता फुरकान हुसैन के नेतृत्व में रविवार को नमो एप डाउनलोड करने हेतु जीआईसी चौराहे पर कैंप लगाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही एप के माध्यम से सीधे प्रधानमंत्री से संवाद की तकनीकी जानकारी भी दी गई।फुरकान हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक समाज के 215 लोगों ने अपने-अपने मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड किया। भाजपा मुरादाबाद महानगर के महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने कहा कि भाजपा के जिन-जिन कार्यकर्ताओं को नमो एप डाउनलोड कराने की जिम्मेदारी दी गई है, वह तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कार्य में तेजी लाएं। बूथ स्तर तक ज्यादा से ज्यादा लोगों को नमो एप को डाउनलोड कराएं। जिले को दो लाख मोबाइल फोन में एप डाउनलोड कराने का लक्ष्य दिया गया है।

काशी में पहले स्वच्छता, फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बनेंगे साक्षी नागरिक

वाराणसी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के साथ ही काशीपुराधिपति की नगरी में भी इसकी सुगंध फिजाओं में है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले रविवार से भाजपा काशी क्षेत्र ने सभी सोलह जिलों में स्वच्छता अभियान का आगाज किया है। यह अभियान 22 जनवरी तक लगातार चलाया जायेगा।क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के अनुसार काशी क्षेत्र के सभी सोलह जिलों में इसके तहत प्रत्येक मंदिर व देवालयों में स्वच्छता अभियान, रंग रोगन, साज सज्जा करने का कार्य सुनिश्चित करना है। 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर लोकार्पण दिवस पर सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को किसी न किसी मंदिर पर विशेष आयोजन करना है।

बुंदेलखंड के कारसेवकों को अयोध्या के मीरपुर गांव में मिली थी शरण

सैकड़ों घरों में रुके थे दो-दो कारसेवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के लिए 33 वर्ष पूर्व विहिप की योजना के आधार पर 20 अक्टूबर 1990 को ही पुलिस से बचते बचाते अयोध्या पहुंचे थे। बुन्देलखण्ड के झांसी, उरई, महोबा, हमीरपुर चरखारी,कुरारा और सुमेरपुर के सैकड़ों कारसेवकों को अयोध्या के निकट सोहावल रेलवे स्टेशन से 20 किलोमीटर दूर स्थित गांव मीरपुर में रुकाया गया था। कारसेवक और रिटायर्ड शिक्षक रामकृपाल प्रदीप ने बताया कि पुलिस के भय से हर घर में दो-दो कारसेवकों को रुकाया गया था। मीरपुर निवासी अर्जुन सिंह के मार्ग निर्देशन में कारसेवकों की मेहमानों की तरह आवभगत की जाती थी। पांच हजार की आबादी वाले मीरपुर गांव में कारसेवक ही नजर आते थे,जो दिन में खेतों में रहते थे और रात को घरों में सोते थे।

28 अक्टूबर की शाम को अयोध्या से बुलावा आने पर वहां के लोगों ने एकत्र होकर सभी कारसेवकों को तिलक लगाकर राम काम के लिए विदा किया था और वहां के लोगों ने एक-एक व्यक्ति अपने-अपने घर से भेजा था। यह कहकर कि जब इतनी दूर से लोग राम मन्दिर के लिए प्राणों की बाजी लगाकर यहां आ सकते हैं तो यहां से भी किसी न किसी को अयोध्या जाना चाहिए।मिथलेश द्विवेदी ने बताया कि 28 अक्टूबर की सारी रात पगडंडियों से पैदल चलकर एक गांव से दूसरे गांव को पार करते हुए अयोध्या पंहुचे थे और पंचकोसी परिक्रमा में भाग लिया था, किन्तु 29 अक्टूबर को कुरारा हमीरपुर के निवासी फैजाबाद जनपद के तत्कालीन जिलाधिकारी राम शरण श्रीवास्तव द्वारा गिरफ्तार कर सुल्तानपुर की अस्थाई जेल में भेज दिया। किन्तु विद्यालय में बनाई गई अस्थाई जेल से भाग कर वे लोग पैदल चलकर 30 अक्टूबर को अयोध्या पहुंच गए थे। कारसेवक पुरम में अशोक सिंहल,उमा भारती,विनय कटियार आदि ने उद्बोधन के जरिए कारसेवकों में नया जोश भर दिया था।उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर की घटना के बाद 2 नवम्बर को पूरे देश से वहां पहुंचे कारसेवकों को तीन भागों में विभक्त करके अलग-अलग तीन रूटो से विवादित ढांचा की ओर कूच करने का आह्वान किया गया था। उमा भारती को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कारसेवकों का नेतृत्व सौंपा गया था।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में पूर्व सांसद एवं कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त बलराज पासी ने शपथ कराकर बांटे प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अमरिया में पीलीभीत द्यपूर्व सांसद नैनीतालऽबहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ल्लविकसित भारत संकल्प यात्रा अभियानङ्क के अंतर्गत पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा पीलीभीत स्थित अमरिया ब्लॉक की ग्रामसभा सरदार नगर एवं अमरिया में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए कहां की प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक वर्ग का सम्मान करते हुए सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव ना करते हुए सबका साथ सबका विकास किया है पासी ने कहा प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत बगैर भेदभाव प्रधानमंत्री आवास .अंत्योदय कार्ड. उज्जवला गैस. योजना निशुल्क शौचालय आयुष्मान कार्ड किसान सम्मन निधि जैसी विभिन्न योजनाओं को लागू करके जनहित का कार्य किया है पासी ने कहा प्रदेश सरकार ने गुंडा तंत्र पर पूरी तरीके से लगाम लगाकर प्रदेश राम राज्य स्थापित करने का प्रयास किया है इस अवसर पर मोदी के पंच प्रण की शपथ दिलाई, एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमरिया सरदार निशान सिंह, ग्राम प्रधान मिन्हाजउद्दीन खां, ग्राम प्रधान मो. हनीफ, ग्राम प्रधान जीसुख लाल, बीसीसी मो. ताहिर, अध्यक्ष मेला कमेटी अमरिया चंद्र प्रकाश गुप्ता, दौलतराम, उवेश खां, सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पौष मेले में लगा एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर एंड पेन क्लीनिक द्वारा एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर इंदिरानगर के रविन्द्रपल्ली महिला समिति के पौष मेले में लगाया गया।शिविर में एक्यूपंक्चर, मोक्सबुशन, हिजामा के साथ साथ क्वान्टम मशीन द्वारा होल बॉडी चेक अप भी किया गया।एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर के प्रमुख डा. पार्थ प्रतिम ने बताया कि एक्यूपंक्चर एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें कोई दवा की जरूरत नहीं पड़ती, न ही कोई साईड इफ़ेक्ट का डर रहता हैं।इस चिकित्सा पद्धति से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज मात्रा सुई द्वारा किया जाता हैं।एक्यूपंक्चर चिकित्सा से दबी हुई नसों को धीरे धीरे खोला जाता है और मरीज बिना किसी ऑपरेशन के ठीक हो जाता हैं।डा पार्थ प्रतिम ने बताया कि इस शिविर में लगभग ४५ मरीजों ने पंजीकरण कराया।शिविर में पंजीकृत मरीजों को चिकित्सा में विशेष छूट दी जाएगी। एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर आयोजन में नजमा,नीतू सोनी, आलमीन,रेहान आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। पौष मेला समिति की सचिव डिंपल दत्ता ने डा.जी पार्थ प्रतिम को सम्मानित किया।



नेपाल और भारत सहित अन्य राज्यों में बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है मकर संक्रांति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। मकर सक्रांति के बारे में नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी संदीप खंडेलवाल में जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रांति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति संक्रान्ति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है,इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है।तमिलनाडु में इसे पोंगल नामक उत्सव के रूप में जाना जाता हैं। जबकि कर्नाटक,केरल,तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति ही कहते हैं। बिहार के कुछ जिलों में यह पर्व 'तिला संक्रांत' नाम से भी प्रसिद्ध है। मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं। 14 जनवरी के बाद से सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर जाता हुआ होता है। इसी कारण इस पर्व को 'उतरायण' सूर्य उत्तर की ओर भी कहते है। वैज्ञानिक तौर पर इसका मुख्य कारण पृथ्वी का निरंतर 6 महीनों के समय अवधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर वलन कर लेना होता है। और यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।

हिस्ट्रीशीटर पर मेहरबान बिलसंडा पुलिस चार दिन बीत जाने के बाद भी दर्ज नहीं की रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।योगीराज में पुलिस प्रशासन हिस्ट्रीशीटर पर अंकुश लगाने में दिलचस्पी लेने का नाम नहीं ले रही है।जिसकी वजह से लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बिलसंडा कस्बा निवासी एक हिस्ट्रीशीटर ने अपनी दबंगई के चलते लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। पिछले 4 दिन पूर्व नशे में चूर होकर मोहल्ला पक्का तालाब में जमकर उत्पाद मचाया इतना ही नहीं पक्का तालाब निवासी एक युवक को अपने दो साथियों के बल पर जान से मारने की नीयत से गर्दन दबाकर मारपीट की युवक ने शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि बृहस्पतिवार की रात वह बाजार से अपने घर लौट रहा था।मोहल्ले में ही सुनसान स्थल पर घात लगाए बैठे तीन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर अपना कुत्ता दौड़ा दिया कुत्ते के हमले से वह जमीन पर गिर गया उसके बाद उन लोगों ने उनसे जमकर हाथापाई की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी इस दौरान शोर शराबा होने पर मोहल्ले के काफी लोग जमा हो गए तभी हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए थाना पुलिस को दी गई तहरीर में एक युवक को नामजद हिस्ट्रीशीटर और उसके दो साथियों को अज्ञात बताया गया है। पुलिस ने चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है जिस कारण पीड़ित को पुनरावृति होने की आशंका बनी हुई है।

रामलला के प्राकट्योत्सव पर संतों ने की रामकोट परिक्रमा

परिक्रमा में सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद विनय कटियार भी शामिल रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला सरकार के 75वें प्राकट्योत्सव पर रविवार को हजारों की संख्या में संत-महंत, धर्माचार्य, गणमान्य जनों एवं अयोध्यावासियों ने रामकोट की परिक्रमा किया।

यह परिक्रमा दोपहार बाद क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के पास प्रारंभ हुई। जो एक विशाल शोभायात्रा के रूप में प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः अपने गंतव्य को वापस लौटी। रामकोट परिक्रमा में हजारों की संख्या में संत-महंत, धर्माचार्य, गणमान्य जन, अयोध्यावासी, संस्कृत छात्र तथा अयोध्या के समीपस्थ जनपदों से श्रद्धालुजन मौजूद रहे। प्रतिवर्ष पौष शुक्ल तृतीया को रामलला का प्राकट्य महोत्सव मनाया जाता है। कोरोना काल में भी वह प्रतीकात्मक रूप से मनाया गया था। इस बार भी प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, जिसके क्रम में 12 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा रामलला के दरबार जाकर मुख्य अर्चक को कलश सौंपा था। जहां कलश को स्थापित कर उसकी पूजा-अर्चना हुई। रामलला के दरबार में दो दिन कलश स्थापित रहा और उसकी पूजा-अर्चना होती रही। उसके अगले दिन समिति के लोगों ने श्रीरामजन्मभूमि जाकर मुख्य अर्चक से वह पूजित कलश पुनः प्राप्त किया। फिर दोपहार में क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के पास से भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के स्वरूपों के आरती-पूजन पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रीरामजन्मभूमि उद्धारक बाबा अभिराम दास महाराज और तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट ठाकुर गुरुदत्त सिंह की प्रतिमा समेत भगवान श्रीसीताराम की दिव्य झांकी, गुरु वशिष्ठ का चित्र 5 रथों पर विराजमान रहा।

शोभायात्रा में श्रीहनुमान जी का निशान भी शामिल था। हाथी-घोड़ा, गाजे-बाजे संग शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकली। जो क्षीरेश्वरनाथ से शुरू होकर, टेढ़ीबाजार चौराहा, दुराही कुआं, कौशलेश सदन, कटरा, अशर्फी भवन चौराहा होते हुए सब्जी मंडी, हनुमानगढ़ी चौराहा रामकोट की परिक्रमा करते हुए पुनः क्षीरेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर प्रसाद वितरण के साथ विराम हुई। शोभायात्रा में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने हजारों समर्थकों संग शामिल रहे। जिन्होंने समर्थकों संग रामकोट की परिक्रमा किया।

रामकोट परिक्रमा में श्रीराम जन्मभूमि सेवा समिति के सभापति श्रीमहंत धर्मदास, अध्यक्ष पूर्व सांसद रामविलास दास वेदांती, महामंत्री अच्युत शंकर शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महंत जनार्दन दास, कोषाध्यक्ष महंत सत्येंद्र दास वेदांती, महंत जयराम दास, सहायक मंत्री महंत मनीष दास, प्रचार मंत्री महंत किशोरी शरण, बावन मंदिर महंत वैदेहीवल्लभ शरण, जगद्गुरु स्वामी अनंताचार्य, महंत राघवेश दास वेदांती, बाबा माधवदास दास, जगन्नाथ मंदिर महंत राघव दास, दशरथगद्दी महंत बृजमोहन दास, महंत बलराम दास, महंत अवनीश दास, सोनू सिंह, जेडी सिंह, महेंद्र त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में संत-महंत, धर्माचार्य एवं भक्त शामिल रहे।

समर्थ और आर्यन ने यूपी को संभाला, पहले विकेट के लिए जोड़े 99 रन

कानपुर। खराब मौसम से बाधित रणजी ट्रॉफी मैच में बंगाल के खिलाफ दूसरी पारी में यूपी के प्रारम्भिक बल्लेबाजों आर्यन जुयाल व समर्थ सिंह की पहले विकेट के लिए 99 रनों की पारी ने बंगाल को सीधी जीत से शायद पीछे धकेल दिया है।

अब यूपी के पास 50 रनों की भले ही मामूली बढ़त हो लेकिन पारी की हार से बचने में सहायक हो गयी है। बंगाल की ओर से पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले मोहम्मद कैफ ने यूपी के गिरे 4 विकेटों में से 3 फिर से अपने नाम कर लिए। इससे उनके अभी तक कुल 7 बल्लेबाजों के विकेटों का नाम पंजीकृत हो चुका है।मैच के तीसरे दिन खराब मौसम के चलते यूपी के बल्लेबाजों ने बंगाल के गेंदबाजों को संभलकर खेलना शुरू किया। समर्थ और आर्यन कल के 46 रनों से आगे पारी को बढ़ाते हुए 99 रनों तक ले गए। समर्थ ने इस दौरान अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया जबकि आर्यन अपना अर्धशतक पूरा करने से वंचित रह गए उन्होंने 42 रनों की पारी खेली।

यूपी की ओर से आयातित खिलाड़ी करन शर्मा बीते साल की ही तरह इस बार भी पहले दो मैचों में पूरी तरह से असफल रहे। वह मैच की दूसरी पारी में केवल 4 रनों का योगदान ही दे सके। तीसरे दिन मैच समाप्ति पर यूपी के कप्तान नितीश राणा 47 रनों के योग पर नाबाद खेल रहे हैं,उनके साथ पूर्व कप्तान अक्षदीप नाथ 11 रनों पर खेल रहे हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
निर्माण संगठन
सूचना
रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा लखनऊ मण्डल के रसौली से बाराबंकी रेलखण्ड स्टेशनों के -नई दोहरीकरण रेल लाइन का निरीक्षण
165/2024
द्वारा जारी
उत्तर रेलवे निर्माण संगठन कश्मीरी गेट, दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्वच्छता का जज्बा

एक बार फिर स्वच्छता के देशव्यापी सर्वे में इंदौर ने सातवीं दफा अपना ताज बरकरार रखा, हालांकि इस बार कभी प्लेग से जूझने वाला सूरत भी साथ खड़ा नजर आया। निश्चित रूप से सफलता के शिखर पर पहुंच जाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन शिखर पर सात साल तक टिके रखना बड़ी बात होती है। जाहिर है यह सफलता सिर्फ प्रशासन व स्थानीय निकाय की ही कोशिशों से संभव नहीं थी, जब तक कि इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित न होती। इंदौर ने घर-घर से कचरा उठाने, अगलनीय कचरे को अलग करने व कचरे का पुनर्चक्रण करने जैसे कई चरणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कभी सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से पहचान बनाने वाले चंडीगढ़ का स्वच्छता सर्वे में सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र बनना संतोष की बात है। लेकिन हरियाणा, पंजाब व खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की राजधानी होने तथा देश के पहले नियोजित शहर होने के नाते इस शहर को स्वच्छता के शीर्ष मानकों में खरा उतरना चाहिए था। वहीं इंदौर के साथ पहला स्थान साझा करने वाले सूरत की उपलब्धि भी सराहनीय है। कभी प्लेग की महामारी के कारण दुनियाभर में सुर्खियों में आने वाले सूरत का स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना निश्चित ही चौंकाने वाला है। महामारी के बाद इस शहर में सफाई के प्रयास युद्धस्तर पर किये। पिछले तीन दशक में लगातार स्वच्छता के प्रयासों का नतीजा है कि सूरत का कायाकल्प हुआ है। राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। वहीं गंगा किनारे बसे शहरों में वाराणसी अव्वल रहा है। मगर उत्तर प्रदेश व बिहार के किसी भी शहर का देश के दस स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान न बना पाना नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। बिहार को भी सोचना चाहिए कि क्यों उसकी राजधानी पटना का स्थान ढाई सौ शहरों से ऊपर है। इन राज्यों को स्वच्छता को लेकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। स्वच्छ शहर शोभनीयता के अलावा जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेष महत्वपूर्ण है। बहरहाल, केंद्रीय शहरी विकास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पिछले लगभग एक दशक से स्वच्छता रैंकिंग जारी करके देश में सफाई के प्रति एक स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की है। सभी राज्यों को सफाई के लिये प्रेरणा मिली है। जन-जन में भी जागरूकता आई। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिये अभी अधिक प्रयासों की जरूरत है। हमें याद रहे कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा किये दस साल हो गए हैं। अपेक्षित लक्ष्य पाने के लिये अतिरेक प्रयास करने की जरूरत है। यह भी समझने की जरूरत है कि गंदगी से ही तमाम बीमारियों को पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु पनपते हैं। हम स्वच्छता को प्राथमिकता देकर बीमारियों पर होने वाले खर्च को भी बचा सकते हैं। हम विचार करें कि इंदौर जैसी प्रशासनिक व जनता की भागीदारी अन्य शहरों व राज्यों में क्यों नहीं होती। यह भी कि हम घर में तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर सफाई को लेकर गंभीर क्यों नहीं होते। क्यों हम घर से निकलने वाले कचरे का वर्गीकरण सूखे, गीले और अगलनीय कचरे के रूप में नहीं करते। निश्चित रूप से दिल्ली में आबादी के भारी दबाव का स्वच्छता पर असर पड़ता है। लेकिन फिर भी राष्ट्रीय राजधानी में दिखने वाले कचरे के वास्तविक पहाड़ देश को शर्मसार करते हैं। जिस पर राजनीति तो होती है, लेकिन सारे दल मिलकर इसे हटाने का प्रयास नहीं करते। दरअसल, सफाई हमारी आदत में शामिल होनी चाहिए और प्रशासन को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का सलीका आना चाहिए। स्थानीय निकायों को घर-घर से वर्गीकृत कूड़ा उठाने, सीवरों की सफाई और उनका पानी जीवनदायिनी नदियों में जाने से रोकने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कचरे के निस्तारण के लिये हरित तकनीक प्रयोग हो। सफाई मित्रों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित किया जाए। जिससे पूरे देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को विस्तार मिले। हमें ध्यान रखना चाहिए कि पर्यावरण प्रदूषण से देश में लाखों लोगों की जान चली जाती है। सफाई की दिशा में कदम उठाकर हम पर्यावरण को शुद्ध बनाने का महती दायित्व निभा सकते हैं।

सारे तीरथ बार-बार, गंगासागर एक बार

(मकर संक्रांति पर विशेष)

गंगासागर में मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष विशाल मेला आयोजित होता है। इस दौरान दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु यहां स्नान के लिए पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं, उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आए लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भगीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति से 15 दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनियाभर से पंहुचे तीर्थयात्री, और साधु-संत संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रांति के पर यहां सूर्य पूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु के कहने पर कपिल मुनि के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होंने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरूप कपिल मुनि का जन्म हुआ। उन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इसके बाद यज्ञ के अश्वों को छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते हैं। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हें अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुए अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्ष बाद राजा सगर के पौत्र राजा भगीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भगीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगाजल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भगीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रांति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये संभव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर है। उन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रांति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुंदर वन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान और ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग, छोटी नदियां और नहरें भी हैं। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगा जी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिए एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गई थी। मंदिर की मूर्ति अब कोलकाता में है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा-अर्चना के लिए मिलती है। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर समुद्र में समा चुका है। 1973 में यहां उनका नया मंदिर बना। इसी के श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का छोटा डेल्टा द्वीप है। यहां की आबादी करीब दो लाख है और इसका क्षेत्रफल 282 वर्ग किलोमीटर है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहां महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी हैं। अब पूरे वर्ष यहां लोगों का आवागमन लगा रहता है। कोलकाता से यहां तक के लिए सड़क बनी हुई है। मात्र पांच किलोमीटर नाव का सफर करना पड़ता है। गंगासागर में 14 और 15 जनवरी को मुख्य मेला लगता है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गंगासागर के लिए मुरिगंगा में ब्रिज का निर्माण करवाने को प्रयासरत है। इस ब्रिज के बनने से श्रद्धालु सड़क मार्ग से कचुबेरिया तक आ सकेंगे। लोगों को यहां जल मार्ग से नहीं आना पड़ेगा। लोगों की मांग है कि गंगासागर मेले को भी कुंभ मेले जैसा दर्ज़ा मिलना चाहिए। यहां के विकास के लिए कुंभ मेले की तरह अलग से बजट उपलब्ध हो। -रमेश सर्राफ धमोरा

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं, उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आए लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भगीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति से 15 दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनियाभर से पंहुचे तीर्थयात्री, और साधु-संत संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रांति के पर यहां सूर्य पूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु के कहने पर कपिल मुनि के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होंने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरूप कपिल मुनि का जन्म हुआ। उन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इसके बाद यज्ञ के अश्वों को छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते हैं। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हें अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुए अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया।

कांग्रेस-वाम को सीटों के बंटवारे से कुछ राज्यों में लाभ संभव

नित्य चक्रवर्ती

इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जोर-शोर से शुरू हो गई है। कांग्रेस आलाकमान ने अंततः प्रत्येक राज्य में राजनीतिक स्थिति की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए भारत के साझेदारों के बीच समझौतों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता को समझा है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। शुरुआत करने के लिए, कांग्रेस और दो वामपंथी दल सीपीआई और सीपीआई (एम) केरल के साथ एक अलग स्तर पर व्यवहार करने पर सहमत हुए हैं, जहां सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट लड़ेंगे। 20 लोकसभा सीटों के लिए वहां दोनों आपस में ही चुनाव लड़ेंगी परन्तु जो भी जितनी भी सीटें जीतेगी वह इंडिया ब्लॉक की ही जीत होगी क्योंकि वहां भाजपा उनके लिए कोई खतरा नहीं है। फिर बात बंगाल की है जहां वाम मोर्चा बेहद कमजोर स्थिति में है और उसने राज्य में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों से लड़ने का फैसला किया है। अगर कांग्रेस तृणमूल के साथ गठबंधन करने का फैसला लेती है, तो वामपंथी छोटे सहयोगी आईएसएफ के साथ लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। इसके अलावा चार राज्य हैं, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड जहां इंडिया गुट एक साथ काम कर रहा है और कांग्रेस प्रमुख राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि साझेदारों में से एक है। इनमें से पहले से ही द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत तमिलनाडु में सीपीआई और सीपीआई (एम) के पास दो-दो सीटें हैं। उम्मीद है कि यह पैटर्न 2024 के चुनावों में भी जारी रहेगा। अन्य तीन राज्यों में, बिहार में, सीपीआई एक सीट के लिए बातचीत कर रही है, जबकि अधिक शक्तिशाली सीपीआई (एमएल) लिबरेशन न्यूनतम दो सीटों के लिए बातचीत कर रही है। जद (यू) और राजद दोनों को अंततरू यह स्वीकार करना पड़ सकता है। अब, ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस भाजपा या गैर-इंडिया गठबंधन वाली क्षेत्रीय पार्टी से लड़ने वाली इंडिया ब्लॉक की मुख्य पार्टी है। साथ ही, सीपीआई और सीपीआई (एम) के पास भी अपने छोटे आधार हैं जो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। ये राज्य हैं असम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़। असम में लोकसभा की 14 सीटें हैं। वर्तमान में नौ भाजपा के पास, तीन कांग्रेस के पास, एक एआईयूडीएफ के साथ और एक निर्दलीय हैं। इंडिया ब्लॉक में प्रमुख पार्टी के रूप में कांग्रेस सीपीआई (एम) और सीपीआई को एक-एक सीट देने पर विचार कर सकती है। दोनों पार्टियों का विशिष्ट आधार है और उनके पास पहले भी लोकसभा में सदस्य थे। असम को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंतबिस्वा शर्मा के नेतृत्व वाले एनडीए का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत इंडिया ब्लॉक के संयोजन की आवश्यकता है। फिर ओडिशा में 21 सीटें हैं जिनमें से 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेडी को 12, भाजपा को 8 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। इंडिया गठबंधन को भाजपा और बीजद दोनों से लड़ना है। दोनों को प्रभावी ढंग से टक्कर देने के लिए कांग्रेस आसानी से सीपीआई और सीपीआई (एम) को एक-एक सीट दे सकती है। दोनों पार्टियों का जिलों में सीमित आधार है और वामपंथी जन संगठनों के सक्रिय समर्थन से कांग्रेस को अत्यधिक लाभ होगा। जहां तक आंध्र प्रदेश की बात है तो यह राज्य कभी कम्युनिस्टों का गढ़ था, लेकिन अब यहां जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी का दबदबा है। 2019 के चुनाव में राज्य की 25 सीटों में से वाईएसआरसीपी को 22 और टीडीपी को दो सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा और कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली। जगन की बहन के कांग्रेस में शामिल होने से प्रदेश कांग्रेस थोड़ी मजबूत हुई है, परन्तु यह पर्याप्त नहीं है। ऐसे कुछ निर्वाचन क्षेत्र हैं जहां वामपंथियों का समर्थन आधार दस प्रतिशत से अधिक है। टीडीपी भाजपा के साथ जा सकती है, इसलिए कांग्रेस और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों का संपूर्ण गठबंधन अच्छी चुनावी टक्कर दे सकता है। सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों को कांग्रेस एक से दो सीटें दे सकती है। इसी तरह राजस्थान में चार सीटों पर सीपीआई (एम) का मजबूत आधार है। हालांकि पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी सीटें हार गई, लेकिन वह राज्य की एक सीट से चुनाव लड़ने और जीतने की क्षमता रखती है। चुनावी गठबंधन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस को राजस्थान में सीपीआई (एम) को एक सीट देने पर विचार करना अच्छा रहेगा। कांग्रेस को समाजवादी पार्टी से भी बातचीत करनी होगी क्योंकि पार्टी का राज्य में चार से पांच लोकसभा क्षेत्रों में अच्छा जनाधार है। संक्षेप में, इस चुनावी लड़ाई में इंडिया ब्लॉक का उद्देश्य घटक राजनीतिक पार्टियों की संगठनात्मक शक्ति का इष्टतम उपयोग करना होना चाहिए।

सेहत मंत्र

मुंह और पैरों के छालों को तुरंत ठीक करते हैं मेंहदी के पत्ते

प्राचीन काल से मेंहदी भारत में शादी, त्योहारों और अन्य समारोहों जैसे शुभ अवसरों पर व्यापक रूप से उपयोग की जाती है। मेहंदी को एक दिव्य आशीर्वाद माना जाता है, इसलिए शादी के अवसरों पर दूल्हा और दुल्हन दोनों को मेहंदी रचाई जाती है। मेंहदी के फायदे केवल हाथों में लगाने तक ही सीमित नहीं हैं। इसका उपयोग पारंपरिक दवाओं में भी किया जाता है। इस पौधे के विभिन्न भाग सिरदर्द से लेकर कुष्ठ रोग और त्वचा की अन्य समस्याओं के उपचार में लाभदायक होते हैं। मेंहदी को हिना भी कहते हैं। मेंहदी के पत्ते नहीं बल्कि इसका पाउडर भी काफी गुणकारी होता है। एक जड़ी-बूटी होने के नाते यह पेट संबंधित समस्या या छोटी-मोटी चोट लगने पर होने वाले दर्द को चुटकियों में दूर कर सकती है। आइए जानते है कि मेंहदी की पत्तियों के पाउडर, पेस्ट के क्या स्वास्थ्य लाभ हैं। पैरों में छाले- अगर पैर में छाले हो जाए या चप्पल काट खाए तो नारियल के तेल में मेंहदी मिलाकर उस स्थान पर लगाएं। छालों में होने वाली की जलन से तुरंत आराम मिल जाएगा। मुंह में छाले- मुंह में होने वाले छाले बहुत तकलीफ देते हैं। इसके लिए मेंहदी के पत्तों को रात में साफ पानी में भिगों दें। सुबह पत्तों को पानी से निकालकर इस पानी से कुल्ला करें। छाले जल्द ही ठीक हो जायेंगे। चोट लगने पर- शरीर के किसी हिस्से में चोट लग जाए और दर्द सहा न जाये तो मेंहदी के पत्तों को पीस कर उसमें थोड़ी सी हल्दी मिलाकर उस स्थान पर बांधे। इससे आपको जल्द ही दर्द में राहत मिलेगी। टीबी में मददगार- मेंहदी में टीबी जैसी घातक बीमारी को दूर भगाने के गुण होते है। एंटीबैक्टरियल होने के नाते यह टीबी से रोग से लड़ने में मददगार हो सकता है। इसकी पत्तियों को पीसकर इस्तेमाल करने से टीबी की बीमारी में राहत मिलती है लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें। पेट की बीमारी- मेंहदी में कई ऐसे गुण होते है जिनसे पेट में होने वाली बीमारी में आराम मिलता है। आर्युवेद में मेंहदी को कई तरीके से बनाकर पेट की बीमारियों की दवा में शामिल किया जाता है। इसे सेवन से किसी प्रकार का कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं होता है।

धर्म मंत्र

मन की शांति के लिए बिना किसी स्वार्थ के करें मकर संक्रांति को दिन दान-पुण्य

दान का शाब्दिक अर्थ है 'देने की क्रिया'। जब हम अपनी सामर्थ्यनुसार किसी जरूरतमंद की मदद करते हैं तो वह दान कहलाता है। दान में दातापन का भाव नहीं होना चाहिए। कहा भी जाता है कि एक हाथ से यूं दान करो कि दूसरे हाथ को भी पता नहीं चलें। हिंदू धर्म में दान का अत्यधिक महत्व बताया गया है, यह सिर्फ हमारा रिवाज व परंपरा मात्र नहीं है बल्कि दान करने के पीछे हमारे हर धार्मिक ग्रंथों एवं शास्त्रों में महत्वपूर्ण उद्देश्य बताए गए हैं। कर्ण, दधीचि तथा राजा हरिशचंद्र जैसे परमदानी भारत में ही हुए हैं, जिन्होंने दुनिया के सामने दान की मिसाल कायम की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परम अनुयायी विनोबा भावे के शब्दों में दान का अर्थ फेंकना नहीं बल्कि बोना है। पुराणों में भी अनेक तरह के दानों का उल्लेख मिलता है जिनमें अन्नदान, विद्यादान, अभयदान तथा धनदान को श्रेष्ठ माना गया है। अब तो भारत में देहदान का भी प्रचलन हो चला है। प्रकृति सबसे अच्छी शिक्षक है जो हमें देना सिखाती है। सूर्य, फूल, पेड़ , नदियां, धरती सब कुछ न कुछ देते हैं, फिर भी न सूर्य की रोशनी कम हुई, न फूलों की खुशबू, न पेड़ों के फल और न ही नदियों का जल। इसलिए कहा जाता है कि दान एक हाथ से देने पर अनेक हाथों से लौटकर हमारे पास वापस आ जाता है। नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित मदर टेरेसा ने कभी फुटपाथ पर बैठी एक भूखी महिला को कुछ खाने को दिया, उस महिला ने मदर टेरेसा से निवेदन किया कि कृपया रुकें, मैं अभी आती हूं। वह पड़ोस में गई और पड़ोसी महिलाओं को उसमें से आधा खाना दे आई, जिसके चार-पांच बच्चे थे। यही है दान का अप्रतिम उदाहरण।

पर्यटन

सात सुनहरी पहाड़ियों से घिरे महाराष्ट्र की सतारा शहर समेटे हुए है अनोखा इतिहास

सहयाद्रि पर्वत श्रृंखला, सघन जंगल, फूलों की घाटी, किले, जलप्रपात, घाट, रंग-बिरंगे पंछी, तितलियां, सजीले बैल, दूध की धार बहाती गायें, दूर-दूर तक फैले गन्ने के खेत, आकाश की हद तक पहुंचते ज्वार-बाजरे के सिट्टे, सदाबहार मौसम, संदली हवा में केसरी ध्वज को हाथ में थामे स्वच्छ - सुंदर सतारा। इस शहर को देखना जैसे सातारा फोटो एलबम में लगे पिक्चर पोस्ट कार्ड को देखना हो। फिलहाल साढ़े चार लाख की आबादी वाले इस शहर को 17वीं शताब्दी में शाहू जी महाराज ने बसाया था। जो वीर छत्रपति शिवाजी के पौत्र, वीर संभा जी के पुत्र और मराठा साम्राज्य के संस्थापक भी थे। यह शहर 'शूरवीरों की धरती' भी कहलाता है। इसके इतिहास की गौरव गाथा सुनाती हैं सतारा में बने दुर्ग की दीवारें, जो आज भी खड़ी हैं सहयाद्रि पर्वत श्रृंखला की टेक लेकर। महाराष्ट्र की सभ्यता और संस्कृति को सहयाद्रि पर्वत श्रृंखला ने अपनी घेराबंदी में सहेज कर रखा हुआ है। स्त्रियां यहां नऊवारी साड़ियां और पैठणी में सजी-धजी, बालों में फूलों की वेणी, माथे पर कुमकुम और चंद्रकोर लगाए मिल जाएंगी। पुरुष सफ़ेद कुर्ता-पायजामा और नेहरू टोपी लगाए दिखते हैं। घरों के आंगन रंगोली से सजे हुए होते हैं। कंदील और तुलसी-चौरा यहां घर-घर में आपको दिख जाएंगे। सतारा निवासियों को सतारा के स्वच्छ व हरा-भरा होने पर नाज है। महानगरों के मुकाबले प्रदूषण यहां न के बराबर है। गन्ने के लहलहाते खेतों से सजी सतारा की धरती अपने सदाबहार हरे रंग में रंगी रहती है वर्ष भर। कहीं मटकी, मक्का, ज्वार, बाजरा, आलू, मूंगफली, चावल, गेहूं, चना, मूंग, हल्दी, अदरक, अनार की खेती होती है यहां। यहां की लाल- काली मिट्टी ऐसी है कि सब कुछ उगा लेती है। यहां हर बीज फल जाता है, बस आप हिमाचल के सेब की बात न कर बैठिएगा, वह नहीं उगाता है पठार।' फलटण से सतारा जाते हुए सर्पीली सड़कों के आर-पार बने खेतों में गन्ना और मक्का साथ-साथ उगे हुए ऐसे लगते हैं, जैसे किसान ने आते-जाते राहगीरों के लिए मक्के की रोटी पर गुड़ की ढेली धर कर रख दी हो। सतारा के बैल आप देखेंगे तो प्रेमचंद की कहानी 'दो बैलों की कथा' के हीरा-मोती की याद सजीव हो उठेगी। यहां इन्हें प्रेम से सरजा-राजा की जोड़ी के नाम से पुकारा जाता है।

राम मंदिर निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्ज़ागरण: संजय राय

नमो ऐप व परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में जुटे शिक्षण संस्थानों के प्रबंधतंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवम क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की देश निर्माण में महती भूमिका है।उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर को लेकर शिक्षण संस्थानों की चुनौतियां भी है।कहा कि 2017 से पूर्व की प्रदेश में दस वर्ष जिनकी सरकारें रहीं उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था।क्षेत्रीय प्रभारी रविवार को साई मंडप में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने के बाद प्रदेश भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति पर चल रहा है। उन्होंने प्रबंधकों से आग्रह किया कि विद्यार्थियों में टॉपर बनने का दबाव न बनाए।उनमें देश का श्रेष्ठ नागरिक बनने की ललक पैदा करे।उन्होंने राममंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण देश की सांस्कृतिक चेतना एवम सनातन संस्कृति के पुनर्ज़ागरण का अनूठा उदाहरण है।उन्होंने नमो ऐप के जरिए विकसित भारत के राजदूत बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहु चर्चित एवम लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा एवम नमो ऐप को लेकर साई मंडप में रविवार को जिले के शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों एवम प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित की गई।भाजपा शिक्षण प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित हुई बैठक में 200 से अधिक विद्यालयों का प्रबंधतंत्र शामिल हुआ। बोर्ड परीक्षा में करीब एक माह का समय शेष बचा है ऐसे में विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश भर के विद्यार्थियों से जुड़ेंगे।इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री मोदी बेहतर तैयारी की टिप्स विद्यार्थियों से साझा करेंगे।इसके पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए

स्नातक एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 2047 तक विकसित बनाने का बीड़ा उठाया है।सरकार ने लाखों की संख्या में मोबाइल विद्यार्थियों को वितरित है।उन्होंने सभी को 18002090920 पर मिस्ड कॉल करवाकर नमो ऐप अपलोड करवाया, तथा विकसित भारत एंबेसडर के लिए प्रेरित किया।

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने शिक्षण संस्थानों की वर्तमान परिवेश में चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के विद्यालयों में पढ़ाई के साथ संस्कार निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने मोदी सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 के फायदों से लोगो को रूबरू किया।

शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या हाईवे स्थित सभी विद्यालयों के प्रबंधकों से अपने विद्यालय को एलईडी लाइट से सजाने का आग्रह किया।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी का स्वागत एवम एमएलसी अंगद सिंह ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक दिनेश रावत,अमरीश रावत ,राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता,गुरु शरण लोधी, शील रत्न मिहिर,प्रबंधक विपिन सिंह राठौर,डॉक्टर सुजीत चतुर्वेदी,विजय आनंद बाजपेई,अजय मिश्रा,राधेलाल वर्मा,सुनील झुनझुनवाला,बलराम वर्मा,अमित शुक्ला सहित काफी संख्या में प्रबंधक एवम प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

राष्ट्र की तरक्की के लिए जनता का जागरूक होना जरूरी : अरुण शुक्ला

भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत का किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी । राष्ट्र की तरक्की हो इसके लिए सरकार काम कर रही है लेकिन जब तक हर नागरिक जागरूक नही होगा तब तक यह सपना पूरा होना मुश्किल ही नही नामुनकिन है उक्त बात युवा भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने से संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कही उन्होंने आगे कहा सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही है जिसके बारे में हर नागरिक को बराबर जानकरी होनी चाहिए ताकि इसका लाभ जरूरतमंद तक पहुचे । बताते चले कि आज संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा शायपुर व डेहवा में यात्रा का स्वागत किया गया जिसमें पहुची पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत का कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अरुण शुक्ला द्वारा स्वागत किया गया वही कार्यक्रम में मौजूद खण्ड शिक्षाधिकारी जैनेंद्र कुमार गुप्ता ने भी अतिथियों का स्वागत किया इस दौरान पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला इस दौरान मुख्य रूप से अम्बर शरण जायसवाल , शुशील पटेल , लव कुश पांडेय , सतीश श्रीवास्तव , राम नवाज त्रिवेदी , प्रधान रंजीत गुप्ता , महेंद्र शाह सिंह , भरत मौर्या , दुर्गा बख्स सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

दादा मेरे गुरु उनका स्थान सदैव मेरे ह्रदय में : आलोक तिवारी

पूर्व विधायक सुंदर लाल दीक्षित की पुण्य तिथि पर आयोजित हुई श्रधांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। विधानसभा में हैदरगढ़ का तीन-तीन बार प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित सुंदरलाल दीक्षित की प्रथम पुण्यतिथि पर आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर खिचड़ी भोज कंबल वितरण एवं कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं सभासदों द्वारा नगर के सुभाष वार्ड में स्थित काशीराम कॉलोनी में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व विधायक सांसद बैजनाथ रावत ग्रामचल परिवार से जुड़े सिद्धार्थ अवस्थी तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामअचल मिश्रा प्रधान अरुण शुक्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष जनार्दन शुक्ला युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी इन्हौना रजवाहा समिति के अध्यक्ष अनुज द्विवेदी दीपू अयोध्या मौर्य बैजनाथ मौर्य सभासद सूरज दीक्षित, सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा समाजसेवी पंकज मिश्रा दीपू तिवारी नितिन मौर्य , शंभू बाजपेई,नीलू मिश्रा, शरद मिश्रा , बाबू मौर्य,महेंद्र मिश्रा नागेंद्र मिश्रा, उत्तम तिवारी,सहित बड़ी संख्या लोग में लोगों ने स्वर्गीय दीक्षित को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में जहां सैकड़ो गरीब कस्बा वासियों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए अध्यक्ष व सभासदों द्वारा कंबलों का वितरण किया गया वहीं आयोजित खिचड़ी भोज में लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर लुफ्त उठाया ।

> दादा मेरे राजनीतिक गुरु थे उनका स्थान मेरे ह्रदय में है उनकी संघर्षगाथा सदैव सदैव के लिए हम सभी को अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देती रहेगी
>
> **आलोक तिवारी**
>
> **अध्यक्ष नगर पंचायत हैदरगढ़**

सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित तहरी भोज में किया गया वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा बाराबंकी। क्षेत्र के सलेमपुर गांव में शिव मंदिर पर आयोजित तहरी भोज में मिशन हरियाली के संयोजक पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह द्वारा मंदिर परिसर में छायादार व फलदार पौधे रोपित किए गए।

पर्यावरण प्रेमी द्वारा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया और कोरोना जैसी महामारी में ऑक्सीजन के महत्व को समझाया।

सभी को अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया तथा समाजसेवी पिंटू वर्मा के छोटे भाई अभिषेक वर्मा के जन्मदिन पर एक पौधा भी अभिषेक के हाथों से लगाया गया।

इस अवसर पर अनेक समाज से भी उपस्थित रहे समाजसे वे सेवी पिंटू वर्मा, रजनीश कुमार,सूरज वर्मा, सुभाष वर्मा, सुनील कुमार, परितोष, राजेश कुमार वर्मा, अरविंद वर्मा, बबलू जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुधा वर्मा मौजूद रही।

नेहा के हाथ से कम्बल पाकर बोली बुजुर्ग महिला, जग जुग जियो बिटिया

त्रिवेदीगंज बाराबंकी। जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद ने पूर्व विधायक दादा सुंदर लाल दिक्षित जी पूर्ण तिथि पर कम्बल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम गाँवो की वृद्ध महिलाओं , तथा पुरषो को कम्बल वितरित किया जिसमें रामलली ,राजकुमारी हुबराजा,बड़का ,राम रति ,शांति, अनिता ,देवकी,राम सागर ,सुरेश,सदाशिव ,देवसरण रामकुमार के साथ सैकडो लोगो ने कम्बल प्राप्त किया आयोजन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील कुमार ,देवेंद्र गोस्वामी ,गुड्डू वर्मा पूर्व प्रधान ,हिमांशु शर्मा ,राजेश पाल ,कमलेश उपस्थित रहे

रासलीला के प्रसंग को सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

रामनगर बाराबंकी। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रामनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम मझौनी में ग्राम वासियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया । कथा व्यास पं.कमल किशोर जी महाराज ने गोवर्धन लीला और रासलीला के प्रसंग को सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जब गोवर्धन की पूजा कराई तो गुस्साए इंद्र ने घनघोर वर्षा कई दिनों तक की ।गोकुल वासियों की पुकार से श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली से उठाया।श्रीकृष्ण की लीला को देखकर देवताओं सहित इंद्र ने श्री कृष्ण से क्षमा मांगी। पं.कमल किशोर जी महाराज ने रासलीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वृंदावन की कुंज गलियों में गोपिकाओं के साथ भगवान श्री कृष्ण रासलीला करते हैं ,गोपियों संग नृत्य करते हैं जिसे देखने के लिए देवता भी लालायित होते हैं। भगवान श्री कृष्ण की रासलीला की कथा को सुनकर उपस्थित श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए इस अवसर पर दिनेश कुमार, शिव किशोर, कमलेश कुमार, राम गोपाल ,शिवप्रकाश,माता प्रसाद, रामकुमार ,अरुण कुमार, शिवकुमार,अनिल अवस्थी,ओमप्रकाश अवस्थी,मनमोहन,देवनारायन,प्रमोद कुमार,शिवबरदानी, सत्यनारायण ,अवधेश मिश्रा, जयदेव ,उदित नारायण,सरयू प्रसाद ,मोनू अवस्थी,रवि तिवारी,,पंकज,खुदरी,परशुराम,रामपाल ,आदि सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन मे तैनात दरोगा की हार्टअटैक से हुई मौत

बलिया जिले के मूल निवासी थे मृतक उपनिरीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।पुलिस लाइन मे तैनात उपनिरीक्षक को रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे अचानक हार्टअटैक होने के बाद मृत्यु हो गयी।अटैक पड़ने के बाद साथी पुलिस कर्मी उपनिरीक्षक को लेकर जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचे वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उपनिरीक्षक को बचाने के लिए कई प्रयास किये लेकिन उनकी जान बच नही सकी। साथी पुलिस कर्मी अशोक कुमार ने कहा कि रविवार की सुबह उपनिरीक्षक रणजीत बहादुर सिंह पुत्र स्व.पतिराम सिंह निवासी नौकागांव थाना बैरिया जिला बलिया हालपता जनपद लखनऊ ड्यूटी पर आये थे इनकी प्रतिदिन ड्यूटी पुलिस लाइन के निगरानी गेट पर तैनाती होती है और रविवार को भी वही पर तैनाती थी अचानक उन्हे तेज ठंड लगने लगी और वह जब तक कुछ बता पाते तब तक बेहोश हो गए यह देख लाइन मे मौजूद अन्य पुलिस कर्मी तत्काल उपनिरीक्षक को इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचे जहां पर डॉक्टर्स ने उपनिरीक्षक को मृत घोषित कर दिया। और उनके पार्थिव शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर साथ मे मौजूद कर्मी आये सूचना पाकर लखनऊ मे रह रही मृतक की पत्नी और बेटा राम प्रकाश सिंह दो पहिया वाहन से पोस्टमार्टम गृह पहुंचे जहां पर पति को देख पत्नी बेहोश हो गयी और मृत उपनिरीक्षक के शव से लिपटकर रोने लगी वही बेटे रामप्रकाश सिंह ने बताया की पिता जी सुबह लखनऊ से बस से ड्यूटी के लिए आये थे ठंड अधिक होने पर माता जी कहा था आज सर्दी बहुत है न जाईये लेकिन वह माने नही और कहा था ड्यूटी जरुरी है और अब वह ड्यूटी से कभी घर नही लौटेंगे।वही उपनिरीक्षक के आकस्मिक निधन पर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शोकाकुल परिवार को संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का एलान भी किया।

गुरूद्वारा में मना गुरू गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

अयोध्या। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनगरी के श्रीगुरूनानक गोविंद धाम गुरूद्वारा, नजरबाग में सिख धर्म के 10वें गुरू गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर पूरे गुरूद्वारा प्रांगण में अनुपम छटा निखर रही थी।

इस अवसर पर गुरूदेव को समर्पित कीर्तन, दीवान आदि का कार्यक्रम हुआ,जिसमें विशेष हाजिरी बाबा फतेह सिंह रूहानी कीर्तनी जत्थे की रही। कीर्तन,पाठ समाप्ति उपरांत लंगर का आयोजन किया गया।इस मौके पर अयोध्या, फैजाबाद, सोहावल,नवाबगंज,मनकापुर की समस्त समूह साध-संगत उपस्थित रही। प्रकाश पर्व को नजरबाग गुरूद्वारा के जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह महाराज ने सानिध्यता प्रदान करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह सिख धर्म के 10वें गुरु थे। उनके बचपन का नाम गोविंद राय रहा। वह एक महान योद्धा,कवि,भक्त एवं आध्यात्मिक नेता थे। 1699 बैसाखी के दिन गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना किया। यह दिन सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। गुरू ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा और सच्चाई की राह पर चलते हुए ही गुजार दी। उनका उदाहरण और शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती है।

क्रिकेट टूर्नामेंट मे खिलाड़ियों को लवली रावत ने किया पुरस्कृत

पूर्व सांसद की पुत्र बधु है जिला पंचायत सदस्य लवली रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।रविवार को लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कुर्सी में पूर्व सांसद स्व.कमला प्रसाद रावत व पूर्व विधायक सिद्धौर धर्मी रावत की पुत्रवधू सदस्य जिला पंचायत बनीकोडर लवली रावत ने फतेहपुर मे क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम मे पुरस्कार वितरित कियेम तत्पश्चात 16 जनवरी को विधानसभा रामनगर के कस्बा बदोसराय में प्रख्यात समाजवादी चिंतक पूर्व विधायक स्वर्गीय अशर्फीलाल यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन पर विधानसभा कुर्सी मे कई जगह जनसम्पर्क कर लोगों से श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

सड़क हादसों में मैनपुरी के युवक सहित दो की मौत

फिरोजाबाद। जनपद में रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत मैनपुरी के युवक सहित दो लोगों की सड़क हादसों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम अस्पताल में कराया है।जनपद मैनपुरी के थाना करहल क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर निवासी सत्येंद्र (36) पुत्र वृंदावन खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह थाना सिरसागंज के गांव बहादुरपुर पैदल जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। जिसमें मौत हो गई।वहीं, दूसरी घटना में थाना नगला खंगर के क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी लव कुश (25) पुत्र संतोष नगला खंगर स्थित गोपी पेट्रोल पंप पर कार्य करता था। वह बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। गांव इशहाकपुर के समीप तेज गति से आ रहे किसी वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में वहां काफी लोग एकत्रित हो गये। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से घटना के बारे में जानकारी की।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल हालत गंभीर

रामसनेहीघाट बाराबंकी। असन्दरा थाना क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर के अंतर्गत पूरे हार गांव के पास एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक गम्भीर रूप से घयाल हो गया।जानकारी के अनुसार चौकी दिलावलपुर के अंतर्गत पूरेहार गांव के पास मोटरसाइकिल से आ रहे बसायगपुर गांव निवासी शनि उम्र लगभग 30 वर्ष टैक्टर की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मे तहत हरख के इब्राहिमाबाद मे सांसद ने लाभार्थियों से किया संवाद

बाराबंकी। रविवार को विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहें। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र में मोदी जी की सरकार व राज्य में योगी जी की सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, उज्जवला कनेक्शन योजना, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण अपने हाथो से किया । कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने पंचप्रण की शपथ दिलायी। समस्त योजनाओं के स्टाल पर बैठे कर्मचारियों/अधिकारियों को योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का रजिस्ट्रेशन कर संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अल्का मिश्रा,उदित वर्मा, आशीष मिश्रा,सरोज वर्मा, राज नारायण गुप्ता,अमर सिंह रावत,राम पाल रावत, राम मिलन वर्मा, गया प्रसाद रावत, धितेन्द्र कुमार रावत, सुधीर वर्मा,गिरीश वर्मा,संजय, अशोक सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

प्रतियोगियों के मलखंभ में करतब देख लोग हुए मंत्रमुग्ध

झांसी। जिला स्तरीय मलखम्ब प्रतियोगिता में सभी ग्रुप के विद्यार्थियों ने अंडर 7,अंडर 14,अंडर 16 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने पिरामिड, रोप पिरामिड, रोप योग और मलखम्ब से कई स्टंट करके सभी को मनमोहा और मंत्रमुग्ध किया। संदीप सरावगी ने मलखम्ब खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनको ऊर्ज़ा प्रदान की।द न्यू एरा पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् झांसी महानगर के तत्वाधान में रविवार को युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द की जन्म जयंती पर जिला स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया।इस मौके पर प्रान्त संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने कहा विद्यार्थी परिषद् आज शिक्षा के साथ-साथ खेल जगत में कार्य करके विद्यार्थियों को खेल के मैदानों में अव्वल बना रहे हैं। परिषद परिसर चलो अभियान चलाकर उनके अंदर राष्ट्र प्रेम की अलख जगा रहा है।जिला संयोजक हर्ष जैन ने मलखंब खिलाड़ियों को बताया कि आज के परिपेक्ष्य में मलखंब को पुनःस्थापित विद्यार्थी परिषद् कर रहा है। यह खेल भारतीय संस्कृति का मुख्य और प्राचीन खेल है जो पुनः उजागर हो रहा है, जिससे छात्र शक्ति का उद्देश्य परिपूर्ण हो सके।

ठंड में न ठिठुरे कोई गरीब : आशीष सिंह

कड़कती ठंड में गरीबों का आसरा बना अपना कपड़ा बैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। इस कड़कती ठंड में लगातार अपना कपड़ा बैंक की ओर गांवों में कैंप लगाकर गर्म कपड़े जरूरतमंदों के बीच बांट रहा है। रविवार को जनपद के तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र की ग्राम पंचायत छंदवल अंतर्गत ग्राम कटैया व पूरे अमेठिया में अपना कपड़ा बैंक के अध्यक्ष आशीष सिंह के नेतृत्व में गरम कपड़े, शॉल, जैकेट, कंबल व जूते एवम् बच्चों को खाद्य सामग्री आदि का वितरण किया गया ताकि लोगों को ठंड से राहत मिले। अपना कपड़ा बैंक का रिक्शा गांव पहुंचते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई और वहां उपस्थित बुजुर्गों, विधवा महिलाओं, बच्चों एवं अन्य जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े का वितरण किया।

अपना कपड़ा बैंक के अध्यक्ष आशीष सिंह (रक्तमित्र / पर्यावरण सैनिक) ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी गरीब इस ठंड

में ठिठुरे नहीं जिसके लिए अपना कपड़ा बैंक की टीम गांव - गांव उनके घर तक कपड़े लेकर पहुंच रही है।

ज्ञातव्य हो आशीष सिंह ने समाज हित में अपना देहदान हेतु पंजीकरण करा चुके है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोगों के लिए खून की उपलब्धता कराना और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आदि कार्य हम लोगों द्वारा संचालित है।

उन्होंने आम लोगों से जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के लिए अनुपयोगी कपड़ों को अपना कपड़ा बैंक में देने की अपील की है।

अपना कपड़ा बैंक की सेवा भाव से गदगद हुए ग्रामीण

अपना कपड़ा बैंक की इस सेवा भावना को ग्रामीणों ने बेहद सराहा और अपना आशीर्वाद दिया। संस्था के सचिव राम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि समाज के तमाम संवेदनशील लोग हमारी इस कोशिश से प्रेरित होकर इस कंपकंपाती ठंड में जरूरतमंदों की मदद करें। इस अवसर पर लगभग 500 जरूरतमंदों को 15 बोरी में कपड़े, शॉल, कंबल आदि वितरित किए गए। संस्था द्वारा अब तक 1140 परिवारों को कंबल वितरित किए जा चुके है। इसमें बैंक ऑफ़ बड़ौदा बीसी गौरी शंकर वर्मा और स्थानीय निवासी अवधेश पाल,डॉ.रामेश्वर, सिद्धार्थ, कपिल बाबा,गुड्डू रावत व रामू का काफी सहयोग रहा।

कोहली और जोकोविच करते है एक-दूसरे का सम्मान

एजेंसी

इंदौर। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली ने रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के साथ सोशल मीडिया से शुरू हुई दोस्ती की बातें साझा करते हुए कहा कि वह सर्बिया के इस महान खिलाड़ी का काफी सम्मान करते हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब कोहली सोशल मीडिया के जरिये जोकोविच को एक संदेश भेजा। उन्हें हालांकि यह देखकर आश्चर्य हुआ कि इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ने पहले से ही उन्हें संदेश भेजा था। कोहली ने बीसीसीबाई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के 'एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जारी वीडियो में कहा, '' मैं नोवाक के साथ बहुत ही व्यवस्थित तरीके से संपर्क में आया, मैं एक बार इंस्टाग्राम पर उनकी प्रोफाइल देख रहा था। मैं बस उन्हें अभिवादन करते हुए एक संदेश भेज दिया। उन्होंने कहा, जब मैं उनके लिए संदेश लिख रहा था तब मुझे यह देख कर आश्चर्य हुआ कि मेरे इनबॉक्स में पहले से ही उनके अभिवादन का एक संदेश था। मैंने हालांकि कभी इसे पढ़ा नहीं था। मैंने

संदेश देखने के बाद फिर से प्रोफाइल की जांच की कि कहीं यह फर्जी तो नहीं। कोहली इंदौर में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले कहा, '' मैंने इसकी दोबारा जांच की और यह वैध था। इसके बाद हम बात करने लगे। हम समय-समय पर संदेशों का आदान-प्रदान करते रहते हैं। मैंने उन्हें उनकी सभी अद्भुत उपलब्धियों के लिए बधाई दी। दोनों खिलाड़ी इसके बाद नियमित रूप से दूसरे को उनकी उपलब्धियों पर बधाई संदेशों का आदान-प्रदान करने लगे। कोहली ने जब एकदिवसीय में अपना 50वां शतक जड़ा था तब जोकोविच ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट करके उन्हें बधाई दी थी। कोहली ने कहा, ''हाल ही में जब मैंने अपना 50वां शतक पूरा किया, तो उन्होंने मुझे बधाई संदेश भी भेजा। यह आपसी प्रशंसा और सम्मान की बात है। भारतीय खिलाड़ी ने कहा, '' वैश्विक एथलीटों से जुड़ना वास्तव में अच्छा है। आप जानते हैं कि वे उच्च स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरे मन में उनके लिए, उनकी जीवन यात्रा के लिए, फिटनेस के प्रति उनके जुनून के लिए बहुत सम्मान है। यह कुछ ऐसा जिसका मैं खुद बहुत अनुसरण करता हूं और इस पर बहुत विश्वास करता हूं। कोहली ने कहा कि अगर उन्हें जोकोविच से मिलने का मौका मिला तो वह सर्बिया के इस खिलाड़ी के साथ कॉफी पीना चाहेंगे। उन्होंने कहा, ''अगर वह कभी भारत आते है या मैं उस देश में रहूं जहां वह खेल रहे हैं तो मैं निश्चित रूप से उनसे मिलना चाहूंगा और शायद उनके साथ कॉफी भी पीऊंगा। कोहली की इन बातों से पहले जोकोविच ने 'सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर कहा था कि वह और कोहली दोनों ऐसे दोस्त है जो एक दूसरे से मैसेज (मोबाईल संदेश) से संपर्क में है। जोकोविच ने कहा, ''विराट कोहली और मैं कुछ साल से एक दूसरे को मैसेज कर रहे हैं। हमें कभी व्यक्तिगत रूप से मिलने का मौका नहीं मिला, लेकिन उनके जेसे खिलाड़ी से अपनी तारीफ सुनना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जज्बा दिखाने के बाद सुनील छेत्री को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन का भरोसा

एजेंसी

दोहा। करिश्माई भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने एएफसी एशियाई कप के पहले मैच में मजबूत ऑस्ट्रेलिया से 0-2 की हार के बाद टीम के साथी खिलाड़ियों से उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। 'ब्लू टाइगर्स' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम को पहले हाफ में गोलरहित बराबरी पर रोके रखा। विश्व कप 2022 के अंतिम 16 में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने हालांकि दूसरे हाफ में क्रेग इरविन (50 वां मिनट) और स्थानापन्न जॉर्डन बोस (73 वां मिनट) के गोल के दम पर जीत दर्ज की। छेत्री ने एआईएफएफ वेबसाइट पर कहा, इस तरह के मैचों के अपने फायदे और नुकसान हैं। एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, हम इस तरह की टीमों से खेलने के आदी नहीं हैं, क्योंकि हम अक्सर उनके खिलाफ नहीं खेलते हैं। आप इस तरह के

मैचों से कुछ उम्मीद के साथ मैदान पर नहीं उतरते है। साल 2005 में अपना करियर शुरू करने वाले भारतीय कप्तान अपने 93 गोलों की संख्या में इजाफा करने में असफल रहे, लेकिन उन्होंने कहा कि अब उनका ध्यान 18 जनवरी को उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच पर है। उन्होंने कहा, अभी हम मिश्रित भावनाओं के दौर से गुजर रहे हैं। एक बार जब हम वीडियो देखेंगे, तो शायद हम अधिक आत्मविश्वास हासिल करेंगे और उन चीजों पर काम करेंगे जिन्हें हम बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा, उज्बेकिस्तान शायद ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है, लेकिन फिर भी वे एक अच्छी टीम हैं। इसलिए वह मैच भी हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। भारत के पास ग्रुप में दो और मैच बचे हैं। उज्बेकिस्तान के बाद भारतीय टीम ग्रुप चरण में सीरिया का सामना करेगी। भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने टीम के प्रदर्शन पर हालांकि खुशी जताई। स्टिमक ने कहा, मुझे अपने लड़कों पर गर्व है। उन्होंने दिखाया कि वे ईमानदार, कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ियों का एक समूह हैं। हम उनसे जो भी उम्मीद करते हैं वे उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत ने दिखाया कि फीफा विश्व रैंकिंग में 102वें स्थान पर रहने वाली टीम अपने से 77 स्थान ऊपर की टीम को कड़ी टक्कर दे सकती है।

पदार्पण कर रहे जेहान 16वें स्थान पर रहे मैक्सिको ई-प्रिक्स के चैम्पियन बने वेहरलीन

एजेंसी

मैक्सिको सिटी। भारतीय रेसर जेहान दारूवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। पच्चीस साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गये। जेहान ने चार साल फॉर्मूला 2 में रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा रहने के बाद अब फॉर्मूला ई की तरफ रुख किया है। वह

फॉर्मूला वन में जगह बनाने में नाकाम रहे। फॉर्मूला 2 में समय बिताने के बाद वह एक साल तक फॉर्मूला ई में महिंद्रा रेसिंग के साथ रिजर्व ड्राइवर रहे। अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के उनके साथी ड्राइवर मैक्सिमिलियन गुंथर ने चौथे स्थान के साथ 12 अंक हासिल किये। उन्होंने ग्रिड में पांचवे स्थान से रेस को शुरू किया था। टैग ह्यूअर पोर्श के पास्कल वेहरलीन ने अपनी पोल (पहले स्थान से रेस शुरू करने वाला ड्राइवर) को जीत में बदला। एनविजन रेसिंग के सेबेस्टियन ब्यूमी और जगुआर टीसीएस रेसिंग के युवा ड्राइवर निक कैसिडी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। जगुआर टीसीएस रेसिंग के मिच इवांस भी शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहे जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन एंड्रेटी नौवें पायदान पर रहे। वेहरलीन ने कहा, '' मेरे लिए यह अच्छा दिन रहा। पोल पोजिशन हासिल करने के बाद रेस जीतने में सफल रहा। उम्मीद है कि अगले कुछ आयोजनों में मैं यह सफलता जारी रख सकूंगा।'' 'जेन 3' कार के साथ महिंद्रा रेसिंग टीम का संघर्ष जारी रहा। उनके अन्य ड्राइवर स्विट्जरलैंड के एडोआर्डो मोर्टारा भी अंक हासिल करने वाले में विफल रहे। वह 13वें स्थान पर रहे।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित के साथ ये खिलाड़ी ओपनिंग करें : आकाश चोपड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा चाहते हैं कि वेस्टइंडीज और यूएसए में आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान वरिष्ठ भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ओपनिंग करें, उनका कहना है कि आयोजन स्थल की पिचें पारी के पहले छह ओवरों में रन बनाने के बेहतर मौके दें। टी20 वर्ल्ड कप इस साल जून से आयोजित किया जाएगा। आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में इंग्लैंड से भारत की करारी हार के बाद रोहित और विराट एक साल से अधिक समय में पहली बार किसी टी20आई मैच में एक साथ खेलेंगे जब वे रविवार को इंदौर में दूसरे टी20आई में अफगानिस्तान से भिड़ेंगे। भारत सीरीज में 1-0 से आगे है। आकाश ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'यदि आप पूरे विश्व कप को देखें, तो विराट कोहली की खेलने की शैली है और जब वह उस पैटर्न का पालन करते हैं तो बहुत सारे रन बनाते हैं। यहां तक कि टी20 में भी, वह शायद ही कभी पहली गेंद से चौके और छक्के लगाना शुरू करते हैं। वह अपना समय लेते हैं। यदि उसे 150 की स्ट्राइक रेट से दौड़ना होगा, वह पावरप्ले में ऐसा करता है। कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए पारी की शुरुआत करते हैं और उनके साथ उन्हें बड़ी सफलता मिली है। भारत के लिए ओपनिंग करने वाले नौ मैचों में कोहली ने 57.14 की औसत से 400 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन

अर्द्धशतक शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका स्ट्राइक रेट भी 161.29 है, जो टी20आई में उनके करियर स्ट्राइक रेट 137 से कहीं अधिक है। चोपड़ा ने कहा, 'न्यूयॉर्क या वेस्टइंडीज में पिचें ऐसी होंगी कि पहले छह ओवरों में रन बनने की अधिक संभावना होगी। इसलिए आदर्श रूप से आप चाहते हैं कि रोहित शर्मा और विराट कोहली शुरू से ही एक साथ रहें।' चोपड़ा ने इस बारे में बात की कि कैसे टीम प्रबंधन ने कहा कि शुबमन गिल से पहले यशस्वी जयसवाल उनकी पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज हैं और अगर वे उनके साथ बने रहने का फैसला करते हैं, तो इसका मतलब विराट को तीसरे नंबर पर और नंबर एक टी20आई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को चौथे नंबर पर खिलाना होगा। चोपड़ा ने सूर्यकुमार को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के विचार को अस्वीकार किया क्योंकि वह चाहते हैं कि उन्हें अधिक समय मिले। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'आप यशस्वी जयसवाल या शुबमन गिल को रखने की बात कर रहे हैं। आप गिल को नंबर 3 पर खिलाना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में ओपनिंग की थी क्योंकि यशस्वी वहां नहीं थे, लेकिन यह न तो आपकी दीर्घकालिक योजना है और न ही आपने इसके बारे में कुछ सोचा है। आपने पहले ही कहा था कि रोहित के साथ यशस्वी आपके पहले सलामी बल्लेबाज हैं, गिल नहीं। उन्होंने आगे कहा, 'अगर यशस्वी उपलब्ध है, तो आप उससे ओपनिंग करवाएंगे। हालांकि अगर आप यशस्वी से ओपनिंग करवाते हैं, तो मेरी समस्या केवल कोहली को तीसरे नंबर पर रखने को लेकर नहीं है। मैं सूर्यकुमार यादव को चौथे नंबर पर नहीं रखना चाहता। सूर्यकुमार यादव भारत के नंबर एक टी20 बल्लेबाज हैं। इसलिए मैं उन्हें नंबर 3 पर चाहता हूं और मैं उन्हें खेल को आगे बढ़ाने के लिए समय देना चाहता हूं।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर पर पहुंचा

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 05 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात सप्ताह के बाद 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.8 अरब डॉलर चढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.96 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.7 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 83.9 करोड़ डॉलर कम होकर 47.5 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 6.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

व्यापार बोर्ड की बैठक 16 जनवरी को, निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर होगी चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के निर्यात को बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए केंद्र, राज्य सरकारों और उद्योग के प्रतिनिधि 16 जनवरी को बैठक करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इनमें रुपये में भुगतान की चुनौतियां, वैश्विक स्तरपर निर्यात और लाल सागर संकट के कारण व्यापारियों के सामने आने वाली चुनौतियां और रूस-यूक्रेन युद्ध और इज़राइल-हमास संघर्ष के कारण अनिश्चित वैश्विक आर्थिक स्थिति आदि शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। सभी व्यापार बोर्ड (बीओटी) के सदस्य हैं। अधिकारी ने कहा, बीओटी में लगभग 135 सदस्य हैं। बैठक 16 जनवरी को भारत मंडपम में होगी। मंत्री की अध्यक्षता में बोर्ड में विभिन्न राज्यों,

केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। बैठक में निर्यात संवर्द्धन परिषदों के प्रतिनिधि भी निर्यात पर अपने विचार साझा करेंगे। व्यापार बोर्ड व्यापार और उद्योग के साथ नियमित चर्चा और परामर्श करने और विदेशी व्यापार पर नीतिगत उपायों को लेकर सरकार को सलाह देने का काम करता है। कुल मिलाकर अप्रैल-नवंबर 2023-24 में देश का वस्तुओं का निर्यात 6.51 प्रतिशत घटकर 278.8 अरब डॉलर रह गया है। कच्चे तेल के आयात में गिरावट के कारण इस आठ महीने की अवधि में आयात भी 8.67 प्रतिशत घटकर 445.15 अरब डॉलर रह गया है। आठ माह में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 166.35 अरब डॉलर रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 189.21 अरब डॉलर था।

बीते साल देश से वाहनों का निर्यात 21 प्रतिशत घटा, सियाम ने जारी किए आंकड़े

एजेंसी

नई दिल्ली। देश से वाहन निर्यात में बीते साल (2023 में) 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने यह जानकारी दी। सियाम ने कहा है कि कई विदेशी बाजार मौद्रिक और भूराजनीतिक संकट से जूझ रहे हैं जिससे वाहन निर्यात में गिरावट आई है। पिछले साल कुल वाहन निर्यात 42,85,809 इकाई रहा, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 52,04,966 इकाई था। हालांकि, 2023 में यात्री वाहनों का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 6,77,956 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,44,842 इकाई थी। वहीं वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में इस दौरान गिरावट आई है। दोपहिया वाहनों का निर्यात पिछले साल 20 प्रतिशत घटकर 32,43,673 इकाई रह गया, जो 2022 में 40,53,254 इकाई था। इसी तरह, वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 88,305 इकाई से घटकर 68,473 इकाई रह गया। तिपहिया वाहनों का निर्यात पिछले साल 4,17,178 इकाई से 30 प्रतिशत घटकर 2,91,919 इकाई रह गया। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 2023 में यात्री वाहन निर्यात को नए वाहनों की पेशकश और दक्षिण अफ्रीका और खाड़ी क्षेत्र जैसे बाजारों की दबी मांग से समर्थन मिला था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर में मारुति सुजुकी इंडिया ने सबसे अधिक 2,02,786 वाहनों का निर्यात किया। यह एक साल पहले की समान अवधि के 1,92,071 इकाई के आंकड़े से छह प्रतिशत अधिक है। हुंदै मोटर इंडिया ने इस दौरान 1,29,755 इकाइयों का निर्यात किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,19,099 इकाई का था। इस अवधि में किआ इंडिया ने 47,792 इकाइयों का निर्यात किया।

कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल : विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह काफी हद तक बड़ी कंपनियों३एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के तिमाही नतीजों की घोषणा और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक रुझान भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''अब सभी की निगाहें कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेंगी। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे प्रमुख कंपनियां अपने नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा बजट को लेकर उम्मीदें भी क्षेत्र और शेयर विशेष गतिविधियों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे बाजार बजट के लिए तैयार हो रहा है, संस्थागत निवेशकों का प्रवाह इसकी दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिसंबर के लिए थोक महंगाई दर के आंकड़े सोमवार को आएंगे। मीणा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर डॉलर इंडेक्स, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल तथा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के साथ-साथ

शेयर समीक्षा

अमेरिका और चीन के व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी। भूराजनीतिक तनाव की वजह से बाजार में अनिश्चितता रहेगी। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से अर्थव्यवस्था को दोहरा झटका लगा है। दिसंबर माह की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चस्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं नवंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि आठ माह के निचले स्तर 2.4 प्रतिशत पर आ गई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार दिसंबर तिमाही के नतीजों और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से संकेत लेगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 542.3 अंक या 0.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 183.75 अंक या 0.84 प्रतिशत चढ़ गया। गत शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक चढ़कर अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे बाजार को दिशा देने में मुख्य भूमिका निभाएंगे।

सेंसेक्स की शीर्ष पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.99 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,99,111.06 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 542.3 अंक या 0.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक के लाभ के साथ अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचे। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) नुकसान में रहीं और इनके बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 76,098.67 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 90,220.4 करोड़ रुपये बढ़कर 18,53,865.17 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 52,672.04 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 14,20,333.97 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का शेयर शुक्रवार को लगभग चार प्रतिशत चढ़ गया। कंपनी का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 8.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,735 करोड़ रुपये रहा है। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस की बाजार हैसियत 32,913.04 करोड़ रुपये बढ़कर 6,69,135.15 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी के दिसंबर तिमाही के नतीजे बाजार उम्मीदों के अनुरूप रहे हैं। इससे शुक्रवार को इन्फोसिस का शेयर आठ प्रतिशत चढ़ गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 16,452.93 करोड़ रुपये बढ़कर 6,05,299.02 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 6,852.65 करोड़ रुपये बढ़कर 7,04,210.07 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 32,609.73 करोड़ रुपये घटकर 12,44,825.83 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 17,633.68 करोड़ रुपये घटकर 5,98,029.72 करोड़ रुपये पर आ गया। एलआईसी का मूल्यांकन 9,519.13 करोड़ रुपये घटकर 5,24,563.68 करोड़ रुपये और आईटीसी का 9,107.19 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,82,111.90 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 7,228.94 करोड़ रुपये घटकर 5,65,597.28 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एसबीआई और एलआईसी का स्थान रहा।

पाकिस्तान से मुक्ति ही सिंध की सुरक्षा का एक मात्र रास्ता : विहिप

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आज कहा कि पाकिस्तान के सिंध में ना धर्म सुरक्षित है, न संस्कृति, ना मंदिर और न बेटियां, ऐसे में पाकिस्तान के चंगुल से उसकी मुक्ति ही एक मात्र मार्ग हो सकता है, जिसके लिए वैश्विक सिविल सोसाइटी को आगे आना होगा।

दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर सिंधी समाज द्वारा आयोजित लाल लोई कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये भी कहा कि सिंध की पावन धरा का पाकिस्तान में जाना एक अपवित्र कार्य था जिसके कारण वहां रहने वाले संत झूलेलाल के लाखों अनुयायी नारकीय अवस्था में जीने को मजबूर है। अमानवीय यातनाओं और अपने आस्था, विश्वास तथा

परिजनों की सुरक्षा के लिए ये जरूरी हो गया है कि सिंधी समाज के साथ मजार पूजने वाले और शिया समाज को भी पाकिस्तानी जिहादी आतंकवाद और अमानवीय अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि 96 वर्षीय लाल कृष्ण आडवानी जी सिंधी समाज के एक प्रखर हस्ताक्षर हैं, जिनको श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान के लिए आमंत्रित किया है। हमे खुशी है की आयु, स्वाथ्य और मौसम की विपरीत परिस्थितियों के वावजूद उन्होंने वहां जाने के लिए अपने सहर्ष स्वीकृति दी है।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विहिप कार्याध्यक्ष ने यह भी कहा कि 22 जनवरी के दिन सभी परिवारों को घर से बाहर निकल, सभी परिजनों को साथ ले कर, निकट के मंदिर में पहुंच अयोध्या के आनंदोत्सव में सामूहिक सहभागिता करनी है। इस अवसर पर संदीप रोड़ा और मिताली कुरसेजा द्वारा गाए ह्लश्री राम जय राम जय जय रामङ्क नमक विजय महामन्त्र की धुन का विमोचन भी किया गया। प्रगतिशील सिंधी समाज द्वारा लोहड़ी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने भी संबोधित किया तथा समाज के प्रधान विजय इशरानी, युवा अध्यक्ष जतिन राजपूत तथा कोषाधक राज ममतानी भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व आलोक कुमार एवं श्री बंसल प्रातः 8:30 बजे दिल्ली विश्वविधालय की प्रॉक्टर और राजधानी की पूर्व मेयर प्रोफसर रजनी अब्बी की घर पर जैसे ही अक्षत निमंत्रण हेतु पहुंचे, उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना न था। वहां उनके परिवार को निमंत्रित कर वे दिल्ली विश्वविद्याल के दर्जनों परिवारों को अक्षत निमंत्रण देने निकले। वहां के फैकल्टी मेंबर और वरिष्ठ प्राध्यापकों ने उनका गर्मजोशी के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।

जगन्नाथ मंदिर के कलेवर को समेटे वैश्विक स्तर का बनेगा पुरी जंक्शन

एजेंसी

पुरी। ओडिशा में पुरी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है और जगन्नाथ मंदिर के कलेवर को समेटकर वैश्विक स्तर का बनाया जा रहा है।

पुरी रेलवे जंक्शन अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन के बाद देश का दूसरा जंक्शन का जिसका पुनर्निर्माण किसी मंदिर की थीम पर किया जा रहा है। यह जंक्शन जुलाई 2025 तक शानदार और नये रंग-रूप में बन कर तैयार हो जाएगा।

केंद्र की मोदी सरकार अमृतकाल में अमृत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1300 रेलवे जंक्शनों का पुनर्निर्माण करवा रही है। इन स्टेशनों का पुनर्निर्माण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सरकार ने इन्हीं तीन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे जंक्शनों का चयन किया है।

इस योजना के पहले चरण में करीब पांच सौ रेलवे जंक्शनों का कायाकल्प किया जा रहा है। ओडिशा का पुरी रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण का कार्य भी इसके पहले चरण में ही किया जा रहा है। भगवान जगन्नाथ की पवित्र नगरी के इस स्टेशन का पुनर्निर्माण कलिंगा वास्तुकला वास्तुकला के तहत किया जा रहा है और इसे वैश्निक स्तर का बनाया जा रहा है। आने वाले समय में इस स्टेशन पर यात्रियों को हवाई अड्डा की क्लास और पांच सितारा जैसे सुविधाएं मिलने वाली हैं। यहां पर खाने-पीने के नामी-गिरानी आउटलेट होंगे। बाहर से देखने पर यह जंक्शन हवाई अड्डा या किसी राजा के महल के समान दिखाई देगा।

इस जंक्शन के पुनर्निर्माण का कामकाज जोर-शोर से चल रहा है और इसको लेकर यहां पर रविवार को एक प्रस्तुति दी गयी। इस दौरान रेलवे के अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को आगे की योजना, जैसे यहां पर प्रतिदिन आने वाले यात्रियों और गाड़ियों की संख्या सहित मुसाफिरों को मुहैया करायी जाने वाली सुविधाओं तथा अब तक पूरा हो चुके निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मीडियाकर्मियों को निर्माण स्थल का भ्रमण करवाते हुए रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इसके पुनर्निर्माण के दौरान हरियाली का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जंक्शन पर रोशनी और गाड़ियों को खड़ा करने की पर्याप्त जगह की व्यवस्था की जा रही है।

एक सौ इक्कसठ दशमलव पांच एक(161.51) करोड़ रुपए की लागत से पुनर्निर्माण कार्य एम/एस वी.सी. भुवन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड करवा रही है और जुलाई 2025 तक यह कार्य पूरा हो जाएगा।

सरकार ने किया अनुसूचित जाति को मुख्य धारा से जोड़ने का काम: अनुराग ठाकुर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार दलितों, शोषितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार के साथ साथ सामाजिक न्याय और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री ठाकुर रविवार को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और ऊना जिले में रहे। श्री अनुराग ठाकुर ने ऊना जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छः प्रमुख उत्सवों में एक मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय जी होसबोले जी एवं आम जनता के साथ सूर्य के उत्तरायण आगमन का पर्व मनाया।

इसके साथ हीं हमीरपुर सांसद ने आम जनमानस के जीवन में सुख, समृद्धि

और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वाहन पर अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना के प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में श्रमदान करते हुए परिसर की साफ़ सफ़ाई की। इसके पश्चात श्री अनुराग ठाकुर ने ऊना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मानित जनता के साथ मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। श्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ह्लआदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार दलितों, शोषितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार के साथ साथ सामाजिक न्याय और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

खाद्य कीमतों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 5.69 प्रतिशत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर,23 में बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गयी।

नवंबर,23 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत और दिसंबर,22 में 5.72 प्रतिशत थी। सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर,23 में खाद्य वर्ग की कीमतें कुल मिलाकर सालाना आधार पर 9.53 प्रतिशत ऊंची थीं। नवंबर,23 में खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत और पिछले साल दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति के निर्धारण में खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है और उसे खुदरा महंगाई दर को 2 से 6 प्रतिशत के दायरे में सीमित रखने का लक्ष्य दिया गया है। खुदरा मुद्रास्फीति इस समय इस सीमा के अंदर ऊपर की ओर है, पर इसका दबाव बढ़ने से केंद्रीय बैंक के लिये

नीतिगत ब्याज दर में कमी करना कठिन होगा।

रिजर्व बैंक की नीतिगत ब्याज दर इस समय 6.5 प्रतिशत है, जिस पर वह बैंकों को तात्कालिक नकदी उधार पर देता है। पिछले कुछ महीनों में, मुख्य रूप से सब्जियों और फलों की ऊंची कीमतों के कारण मुद्रास्फीति में वृद्धि देखी गयी है। मौसम संबंधी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान भी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का एक करण था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला है कि दिसंबर 2023 में सब्जियों के वर्ग की मुद्रास्फीति 27.64 प्रतिशत और फलों के वर्ग की मुद्रास्फीति 11.14 प्रतिशत थी। संबर में ईंधन और बिजली के वर्ग में कीमत स्तर सालाना आधार पर 0.99 प्रतिशत घटा । नाइट फैंक इंडिया के निदेशक, अनुसंधान, विवेक राठी ने कहा कि खाद्य कीमतों में लगातार वृद्धि से दिसंबर 2023 में मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई , लेकिन मुख्य (विनिर्मित उत्पाद वर्ग की) मुद्रास्फीति में नरमी जारी रही है। उन्होंने इसे परिवारों के लिए मूल्य दबाव कम होने का संकेत बताया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर कहा कि चावल, गेहूं और दालों जैसी कुछ वस्तुओं की कीमतों का दबाव बना हुआ है तथा ख़रीफ़ उत्पादन में अनुमानित गिरावट के साथ-साथ अल नीनो के प्रभाव से चालू रबी की बुआई भी प्रभावित होने के आसार हैं। उन्होंने कहा, ह्ल हमारा अनुमान है कि तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण जनवरी 2024 का खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ा कम होकर 5.2 प्रतिशत तक आ सकता है। केयरएज रेटिंग की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि दिसंबर में ईंधन एवं बिजली वर्ग में मुद्रास्फीति में कमी का सिलसिला जारी रहने तथा, मुख्य मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत नीचे रहने से आलोच्य माह के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि सीमित हुई।

बिहार में रिकॉर्ड नौकरी और रोजगार देने के दावे झूठे : सुशील

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सबसे ज्यादा नौकरियां देने और इतिहास रचने के बिहार ?सरकार के दावे को चुनौती देते हुए आज कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार श्वेत पत्र जारी कर बतायें कि 17 महीने में किस विभाग में कितने लोगों को नई नौकरी मिली। श्री मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि सरकार 2.17 लाख शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने का दावा करती है जबकि अधिकतम एक लाख नए शिक्षकों की बहाली हुई।

उन्होंने कहा कि 50 हजार शिक्षक बाहरी हैं और 50 हजार ऐसे, जो पहले से नियुक्त थे लेकिन दोबारा नियुक्ति पत्र दिया गया। भाजपा सांसद ने कहा कि बिहार की भाजपा-जनता दल यूनाइटेड (जदयू) गठबंधन सरकार के समय सबसे ज्यादा 3.5 लाख शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी लेकिन तब हमने न कोई बड़बोला दावा किया, न सामूहिक फोटो सेशन कराया था। उन्होंने कहा कि जो सरकार कैबिनेट की पहली बैठक में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने वाली थी।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र फिर प्रदूषण का कहर, ग्रैप-3 लागू

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु गुणवत्ता के गंभीर श्रेणी में पहुंचने के कारण रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र(एनसीआर) में ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान (ग्रैप)तीन लागू कर दिया।आज का दिन इस वर्ष का सबसे प्रदूषित दिन दर्ज हुआ।

इस फैसले के तहत निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियां प्रतिबंधित कर दी गयी हैं।साथ ही, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिलों में बीएस श्री पेट्रोल और बीएस फोन डीजल एलमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार आज दिल्ली के आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता पीएम 2.5 और पीएम 10 के 500 को पार करने के साथ गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। सीएक्यूएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, '' ग्रैप के संचालन के लिए सीएक्यूएम उप-समिति ने दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता में कल शाम से अचानक गिरावट देखते हुए आज सुबह एक आपातकालीन बैठक बुलाई।'' बैठक में कहा गया है कि उप समिति तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में संशोधित जीआरएपी के चरण-तीन के अनुसार आठ सूत्री कार्य योजना लागू करने का निर्णय लेती है।

इस निर्णय के बाद दिल्ली और गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिलों में बीएस श्री पेट्रोल और बीएस फोन डीजल एलमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। बोर्ड ने कहा, रविवार को आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता पीएम 2.5 और पीएम 10 के 500 को पार करने के साथ ''गंभीर'' श्रेणी में गिर गई, जबकि नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ)2 133 और कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) 132 पर पहुंच गया, दोनों मध्यम श्रेणी में थे। आईटीओ पर एक्यूआई भी 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है, जिसमें पीएम 2.5 500 के स्तर को पार कर गया है और पीएम 10 480 या ''गंभीर'' स्तर पर है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा स्टेशन पर एक्यूआई गिरकर पीएम 10 469 पर और पीएम 2.5 413 पर पहुंच गया। दोनों ही ''गंभीर'' स्तर पर हैं।

लंबे अरसे बाद दिखीं नूपुर शर्मा राम मंदिर यात्रा में हुईं शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। नूपुर शर्मा याद हैं आपको? वही, नूपुर शर्मा जिनकी पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी के बाद भूचाल आ गया था। लंबे अरसे के बाद नूपुर रविवार को फिर से पब्लिक लाइफ में नजर आई हैं। वह राम मंदिर के लिए निकाली गई एक यात्रा में शामिल हुईं। यह यात्रा एक हिंदू संगठन ने निकाली थी और इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक उनके साथ थे। वहीं, सुरक्षा का दस्ता भी उनके साथ मौजूद थे। हरे रंग की साड़ी के ऊपर ओवरकोट और शॉल पहने नूपुर ने अपने हाथ में भगवा झंडा थाम रखा था। गौरतलब है कि पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी के बाद भाजपा ने नूपुर जायसवाल को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

दिल्ली में रविवार को रामलला की प्राण

प्रतिष्ठा से जुड़ी एक यात्रा निकाली गई थी। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पूर्व हिंदूवादी संगठन देशभर में जन जागरण यात्रा निकाल रहे हैं। देश की राजधानी में इस यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे भी लग रहे थे। इस दौरान नूपुर शर्मा बड़े उत्साह के साथ जुलूस का नेतृत्व करती नजर आईं। इससे पहले नूपुर शर्मा सितंबर 2023 में विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर के प्रमोशन में दिखी थीं। इसके अलावा गणेश विजर्सन के एक कार्यक्रम के दौरान भी वह दिखी थीं।

साल 2022 में एक टीवी डिबेट के दौरान नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के ऊपर टिप्पणी की थी। उस वक्त वह भाजपा की प्रवक्ता थीं और इस विवाद के बाद उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। नूपुर की टिप्पणी के बाद उन्हें देश विदेश से जान से मार डालने की धमकी भी दी गई थी। मामले में ट्विस्ट तब और आ गया था जब राजस्थान में उनके विवादित बयान एक हत्या भी हो गई थी। इसके बाद नूपुर शर्मा अंडरग्राउंड हो गई थीं और पब्लिक लाइफ से पूरी तरह से दूरी बना ली थी।

पेज एक का शेष

22 से पहले अयोध्या...

बनती है कि सबसे पहले अयोध्या स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे। सरकार का जो काम है वो सरकार कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के साथ ही इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या को चमकाने का कार्य करेंगी। इनके रूट भी तय किए जा चुके हैं। लगभग 200 इलेक्ट्रिक बसें तात्कालिक रूप से हम अयोध्या को दे रहे हैं, लेकिन हम इसे 500 तक विस्तार देंगे। इसमें नगर विकास के साथ परिवहन विभाग लगे हुए हैं। निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आमंत्रित किया जाए। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनने जा रही है, इसलिए हमें इस कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाना है। सीएम योगी ने कहा कि टूरिस्ट एप से हम अयोध्या की एक-एक चीज को देख सकें, अवलोकन कर सकें और आसानी से महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच सकें, ये सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सिर्फ इंग्लिश में नहीं बल्कि हिंदी, संस्कृत समेत संविधान की अनुसूची में जितनी भी भाषाएं हैं उनमें भी यह उपलब्ध हो जाएगा। इसी तरह, पुलिस से सहायता लेनी है, कहां थाना है, कहां चौकी है, इमरजेंसी सेवाएं कैसे मिलेंगी, 1090 की क्या भूमिका है, 112 की क्या भूमिका है, कौन अधिकारी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेगा, पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर आपको यह सुविधा भी मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर किसी की इच्छा है कि उसे अयोध्या धाम का दर्शन हो, यह हमारा सौभाग्य है कि प्रभु की सेवा में हमें कुछ कर गुजरने का अवसर मिल रहा है, इसलिए हमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ना है। यहां जो भी श्रद्धालु आएं वो एक अच्छी छवि लेकर जाएं यही अपेक्षा है। प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अयोध्या को वैश्विक रूप से एक पहचान दिलानी है। सुबह ही अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। यह पूरे प्रदेश में 21 जनवरी तक चलेगा। हर देव मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी से अखंड रामायण का पाठ और राम संकीर्तन का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम चाहे घर में हो या देव मंदिर में, गांव में हो या शहर में, हर जगह अखंड रामायण और राम संकीर्तन के साथ सभी को जुड़ना है। सीएम योगी ने कहा कि 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री मोदी जी के कर कमलों से अयोध्या धाम में प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे होंगे, इस अवसर पर मेरी सभी से अपील है जो अयोध्या आने के इच्छुक हैं वो इस कार्यक्रम को लाइव देखें। हम सबको एक बात जरूर सुनिश्चित करनी है कि अयोध्या अभी नव निर्माण से गुजर रही है। 22 से पहले यहां कोई भी वीआईपी मूवमेंट न हो तो अच्छा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद जब लोग यहां पर आएंगे तो उनको भी असुविधा नहीं होगी और यहां व्यवस्था से जुड़े लोगों को भी असुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि 22 को जब प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा होगा उसे हर कोई लाइव देखे। ट्रस्ट के द्वारा जिन लोगों को आमंत्रित किया गया है, वो यहां आएंगे। जो लोग यहां नहीं आ पा रहे हैं वो इसका लाइव अवलोकन करें। बाद में उन्हें जब अवसर मिलता है तो अयोध्या धाम आकर वो प्रभु राम का दर्शन करें। हमें उनका स्वागत करने में प्रसन्नता होगी। इस दौरान सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर ई बसों और ई ऑटो के संचालन का शुभारंभ किया। वहीं उन्होंने बटन दबाकर पहले डिजिटल टूरिज्म एप को और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अयोध्या जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, प्रमुख सचिव नगर विकास अम्रत अभिजात एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

भाजपा-आरएसएस...

शुरु कर रहे हैं। श्री गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आप लोगों ने उन मूल्यों को खो दिया है जिसे आपने महत्व दिया लेकिन जिसे आपने महत्व दिया हम उसे एक बार फिर खोजेंगे और ढूंढकर इसे आपके पास वापस लाएंगे। हम यहां के लोगों के दर्द को समझते हैं। हमें आपके दुख-दर्द का एहसास है,इसलिए हम आपसे वादा करते हैं कि हम वह सब वापस लाएंगे जिसे आपने महत्व दिया है। हम मणिपुर के लोगों के खोये मूल्यों- सद्भाव, शांति, स्नेह को वापस लाएंगे जो मणिपुर और यहां के लोगों की पहचान रही है।

अभद्रता करने ...

नगर थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। अब इस मामले में एलडीए उपाध्यक्ष ने भी ऐसे इनके खिलाफ कार्रवाई की है। कुल 19 नेताओं व आन्दोलन करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों का लखनऊ से नोएडा के स्मारकों में तबादला कर दिया गया है। तीन व्यवस्थापकों का भी तबादला किया गया है।

शिंदे की मौजूदगी...

साथ पार्टी से मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया है। मैं वर्षों तक अटूट समर्थन देने के लिए सभी नेताओं, सहकर्मियों और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं।' कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद देवड़ा ने कहा कि वह विकास के पथ की ओर अग्रसर हैं। वह पेडर रोड पर स्थित अपने आवास रामालयम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अपनी पत्नी पूजा के साथ प्रभादेवी में सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा करने के लिए घर से निकले देवरा ने कहा, 'मैं विकास के पथ की ओर अग्रसर हूं।' संयोग से एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के विधायक सदा सरवणकर भी मंदिर में मौजूद थे। वह मंदिर न्यास के प्रमुख भी हैं।

सरकार पूर्व सैनिकों ...

उन्होंने कहा कि जहां सरकार देश की प्रगति के लिए और अधिक प्रयास कर रही है, वहीं लोगों की भी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सैनिकों और उनके आश्रितों को अपने परिवार की तरह मानें और यह सुनिश्चित करें कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहें। श्री सिंह ने लोगों से सेवानिवृत्त और सेवारत सैनिकों के सम्मान में अपनी इच्छाशक्ति को और मजबूत करने की अपील की।

रक्षा मंत्री ने कहा, भारतीय सैनिकों की बहादुरी, कटिबद्धता और मानवीय मूल्यों का न केवल पूरा देश, बल्कि पूरी दुनिया सम्मान करती है।प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने वाले हमारे सैनिकों की बहादुरी को दुनिया भर में सम्मान के साथ याद किया जाता है। हम भारतीय भी न सिर्फ अपने बल्कि दूसरे देशों के सैनिकों का भी सम्मान करते हैं। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 90,000 से ज्यादा सैनिकों ने भारत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। हम उनके साथ जैसा चाहते, वैसा व्यवहार कर सकते थे; लेकिन हमारी संस्कृति और परंपरा ऐसी है कि हमने पूरी तरह से मानवीय रवैया अपनाया और उन्हें पूरे सम्मान के साथ उनके देश वापस भेजा। दुश्मन सैनिकों के साथ ऐसा व्यवहार मानवता के सुनहरे अध्यायों में से एक है। श्री सिंह ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और नायकों को उनके सर्वोच्च बलिदान और समर्पित सेवा के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सशस्त्र बल के प्रथम कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा द्वारा प्रदान की गई सेवा को मान्यता देने के लिए हर वर्ष 14 जनवरी को सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस मनाया जाता है। वह 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।

तेजी से हो रहा...

पूर्व पार्षद नरेंद्र देवड़ी आदि रहे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद तेलांगना अलग राज्य बना। इन दोनों राज्यों के बीच आज तक बहुत सारे अनसुलझे मुद्दे हैं इससे वहां आंदोलन, असंतुलन का सिलसिला चलता रहा है। इस वजह से वहां से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यूपी और उत्तराखंड के बीच ऐसा नहीं है। खासकर लखनऊ में रहने वाले पर्वतीय समाज के लोगों को दोनों ओर से लाभ मिल रहा है। यूपी में रहने वाले पर्वतीय समाज के लोग यूपी व उत्तराखंड के बीच मानवीय सेतु हैं।

रक्षामंत्री ने अपना भाषण पर्वतीय भाषा बोलकर शुरू किया। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी कौथिग में समृद्ध स्वरूप के दर्शन होते हैं। कौथिग में ऊर्जा का उत्साह दिखता है। पर्वतीय समाज के लोग अपनी संस्कृति, सभ्यता को ऐसे आयोजन के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने में आगे हैं। मेरी बहू भी पर्वतीय भी समाज की है। मेरा पर्वतीय समाज से पारिवारिक रिश्ता है। सरकार भी पर्वतीय समाज के साथ हमेशा साथ है। इसलिए ही सरकार ने लखनऊ जैसे महानगर का महापौर पर्वतीय समाज की बहू, बेटी और मां के रूप से सुषमा खर्कवाल को बनाया है।

कैंचीधाम से राज्य में सांस्कृतिक उत्सव का आगाज, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री धामी ने कैंची धाम परिसर स्थित राम शिला की साफ़-सफाई कर की पूजा अर्चना

मुख्यमंत्री ने रामभक्ति में लीन होकर की रामभजनों की स्तुति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्यमंत्री ने श्रीराम लला के अयोध्या में विराजमान होने के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों और प्रतिष्ठानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रविवार को कैंचीधाम से ''सांस्कृतिक उत्सव'' का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रीराम शिला की साफ सफाई कर पूजा अर्चना करते हुए जन-जन को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन शुभमुहूर्त में रामलला अयोध्या में विराजमान होंगे, जो हमारे देश के लिए एक शुभ समय और संकेत है। लंबे वर्षों के इंतजार के बाद रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे है। इस उपलक्ष्य पर राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में जन सहभागिता से सांस्कृतिक उत्सव और समस्त धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

अब कैंची धाम की मान्यता वैश्विक पटल तक पहुंच पहुंच गई है - मुख्यमंत्री ने कहा कि हर रोज कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। भक्तों की आस्था, भाव और आने वाले पांच दशकों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करते हुए सरकार कैंची धाम का मास्टर प्लान तैयार कर रही है। कैंची धाम मास्टर प्लान से आने वाले समय में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ेगा और सरकार की आर्थिकी सुदृढ़ होगी।

24.68 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास -

रविवार को कैंची धाम पहुंचे मुख्यमंत्री धामी का महिलाओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान सीएम धामी ने 24.68 करोड़ की लागत के शिलान्यास किए। इसमें सेनिटोरियम से सिरोड़ी मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1214.71 लाख,सैनिटोरियम से नैनीबैंड तक भवाली का निर्माण कार्य सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1162.32 लाख, कैंची हरतपा- हली मोटर मार्ग का नाम परिवर्तन कर शहीद लांस नायक संजय बिष्ट मार्ग का और नगर निगम हल्द्वानी वार्ड 54 में नीम के पेड़ से प्रताप सिंह बिष्ट के घर तक मार्ग का सुधारीकरण के लिए 90.65 लाख का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने कैंची धाम में राम शिला की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की। उन्होंने रामभक्ति में लीन होकर रामभजनों की स्तुति की। मुख्यमंत्री ने कैंची धाम में नीब करौरी बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कैंचीधाम में आए भक्तों को प्रसाद वितरण किया। साथ ही विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों से सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक भी लिया। स्वच्छता अभियान में शामिल पर्यावरण मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह, ग्राम प्रधानों एवं पर्यावरण मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक नैनीताल सरिता आर्य, भीमताल राम सिंह कैड़ा, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, मंडी बोर्ड अध्यक्ष डा अनिल डब्बू, पेयजल अनुश्रवण समिति अध्यक्ष दिनेश आर्य, जिला महामंत्री रंजन बरगली, नवीन भट्ट, प्रकाश हरबोला, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पी.एन मीना, एडीएम पी आर चौहान, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय और अन्य लोग मौजूद रहे।

घर में पुताई करने के दौरान चोरी किए थे जेवरात, गिरफ्तार

हरिद्वार। घर में रंगाई पुताई का कार्य करने के दौरान घर में रखे जेवरात पर हाथ साफ करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए जेवरात बरामद कर लिए हैं। आदर्श टिहरी नगर पथरी बस्ती नंबर 1 निवासी अमर सिंह गुसांई ने उनके घर से ज्वैलरी चोरी होने के संबंध में पथरी पुलिस को तहरीर देकर घर में पुताई का कार्य कर रहे आरोपित के खिलाफ 13 जनवरी को नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस टीम कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित आबिद पुत्र अख्तर पता दादूपुर सलेमपुर कोतवाली रानीपुर हरिद्वार को चोरी के सामान चांदी की पायल व सोने के हार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार

जिलाधिकारी ने स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी/ प्रशासक निगम देहरादून ने रविवार को आईएसबीटी और अन्य स्थानों पर टीम के साथ सफाई करते हुए जनपद में स्वच्छता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद वासियों से चलाई जा रहे सफाई अभियान में प्रतिभाग करने के लिए अपील की। साथ ही टीम की ओर से शहर के पंचायती मंदिर दर्शन लाल चौक, पल्टन बाजार, रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थलों में सफाई अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से कूड़े को सुव्यवस्थित रखते हुए, गीला एवं सुखा कूड़ा घरों से ही अलग-2 करने, कूड़ा निर्धारित स्थान व कूड़ा उठान वाहनों में डालें और शहर सहित समस्त जनपद को स्वच्छता रखने में सहयोग करने का अनुरोध करने करते हुए कहा कि नदी, नालों और खुले स्थानों में कूड़ा ना डालें इसके लिए अन्य को भी जागरूक करें। स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है, इसके लिए निगम, जिला प्रशासन की ओर से बनाईं गई व्यवस्थाओं का पालन करें। इसको और अधिक कारगर कैसे बनाया जाए, सुझाव भी दें। जिलाधिकारी के निर्देशन पर रेखीय विभाग के अधिकारियों द्वारा सेलाकुई, विकासनगर, डोईवाला, ऋषिकेश आदि क्षेत्र में भी गठित टीम अधिकारी, कार्मिक, स्वयसेवी, पर्यावरण मित्रों की ओर से वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, उप नगर आयुक्त गोपाल बेनीवाल, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना, सहायक नगर आयुक्त शांति प्रसाद जोशी , विजय प्रताप चौहान, सहायक निदेशक सूचना बी सी नेगी, समस्त सफाई निरीक्षक सुपरवाइजर, पर्यावरण मित्र, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल रहे।

हरिद्वार पहुंची मां धारी देवी एवं भगवान नागराज की डोली, किया भव्य स्वागत

हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि मां के दर्शन मात्र से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। उत्तराखंड की अधिष्ठात्री मां धारी देवी हमेशा भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं और देवभूमि का कल्याण करती है। श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने रविवार को हरिद्वार पहुंची मां धारी देवी और भगवान नागराज की देव डोली का स्वागत करते हुए यह बात कही। कल देव डोली को हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड पर गंगा स्नान कराया कराया जायेगा। बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं ने देव डोलियों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने देव डोलियों का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। पूरी धर्मनगरी मां धारी देवी के जयकारों से गूंज उठी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जिला महामंत्री आशु चौधरी, मनोज मंत्री आदि मौजूद रहे।

परम तपस्वी और विरक्त संत थे स्वामी चेतनानंद गिरि महाराजः रामानंद गिरि

हरिद्वार। श्री चेतनानंद गिरि आश्रम कनखल में आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन श्रीमहंत चेतनानंद गिरि महाराज का 43वां निर्वाणोत्सव आश्रम के परमाध्यक्ष महंत रामानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। निर्वाणोत्सव का शुभारम्भ शनिवार को गणेश पूजन व अखण्ड श्री रामचरित मानस के पाठ से हुआ। रविवार को मानस की पूर्णाहुति व श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में महंत रविदेव शास्त्री महाराज ने ब्रह्मलीन स्वामी चेतनानंद गिरि महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें तपस्वी संत बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्वामी चेतनानंद गिरि महाराज ने लोक कल्याण व परमात्म प्राप्ति के लिए अपना जीवन जीया व हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहाकि स्वामी चेतनानंद गिरि महाराज को कई सिद्धियां प्राप्त थी। अपने तपोबल के कारण उन्होंने लोगों का कल्याण किया। स्वामी योगेन्द्रानंद शास्त्री महाराज ने कहाकि स्वामी चेतनानंद गिरि महाराज अनन्य उपासक थे। उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए आश्रम के परमाध्यक्ष महंत रामानंद गिरि महाराज ने कहा कि दादा गुरु परम तपस्वी व विरक्त संत थे। उनकी शरण में जो भी आया, वह कुछ न कुछ अवश्य लेकर गया, किन्तु उन्होंने कभी भी किसी से किसी भी प्रकार की याचना नहीं की। उन्होंने बताया कि दादा गुरु अपने गुरु भगवान स्वामी गिरिशानंद गिरि महाराज के आदेश से पुनः हरिद्वार लौटे और आश्रम की स्थापना कर लोक कल्याण का कार्य किया। समारोह का संचालन करते हुए आश्रम के स्वामी कृष्णानंद गिरि महाराज ने कहा कि जो मार्ग गुरु परम्परा से उन्हें दिखाया गया है, उसी मार्ग को वे अनुसरण कर रहे हैं। दादा गुरु स्वामी चेतनानंद गिरि महाराज की भांति की तपस्वी संतों की परम्परा आश्रम में चली आ रही है। उन्होंने कहाकि आगामी 22 जनवरी को दिन भी हम सभी सनातनियों के लिए सौभाग्य का दिन है। इस दिन भगवान श्रीराम लला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। श्रीराम हमारी संस्कृति के आधार हैं। उन्होंने सभी से 22 जनवरी को उत्सव मनाने की अपील की। इस अवसर पर सूर्य मोहन गिरि महाराज, हरि शंकर गिरि, स्वामी कमलानंद, मनोहर लाल, रविंद्र ग्रोवर, मुकेश गावा, दिनेश चुग, मुकेश सुखीजा, श्याम लाल ग्रोवर, जैकी ग्रोवर, मोहन लाल चुग, विजेंद्र चुग, योगेश चुग, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

मकान का ताला तोड़कर चोरी किए थे जेवरात और नकदी, आरोपित गिरफ्तार

हरिद्वार। बंद पड़े कमरे का ताला तोड़कर चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का सामना भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। विष्णुलोक कालोनी रानीपुर निवासी मोहित कुमार पुत्र स्व. हरिप्रकाश ने इस संबंध में 12 जनवरी को तहरीर देकर रानीपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीएचईएल अस्पताल को जाने वाली सड़क पर स्थित केशव आश्रम से आगे तीन तालाब वाले ग्राउण्ड से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम लबिश पुत्र लक्ष्मी चन्द निवासी वाटर वर्क्स कालोनी रानीपुर हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किये 05 जोडी पायल, 01 जोडी ब्रेसलेट, 03 जोडी कडे, 02 जोडी बिछुए, 01 गले का हार, 01 घडी, व 2100 नगदी की बरामदगी की। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बीकेटीसी ने नृसिंह मंदिर जोशीमठ, ओम्कारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में चला स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जोशीमठ/ उखीमठ। अयोध्या में भगवान राम मंदिर में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ सहित श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ और अधीनस्थ मंदिरों में स्वच्छता अभियान तथा जन जागरण अभियान चलाया। अभियान में महिला मंगल दल सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा एनसीसी कैडेटों ने भी प्रतिभाग किया।

उल्लेखनीय है कि जहां प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या में भगवान श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के उपलक्ष्य में दीपोत्सव, भक्ति - भजन, जागरण कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान हेतु प्रदेशवासियों का आह्वान किया है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी के सभी मंदिरों में विशेष पूजाओं, दीपोत्सव स्वच्छता अभियान हेतु मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने आदेश जारी किये, इसी क्रम में पहले बीते शनिवार को श्री योग बदरी पांडुकेश्वर में स्वच्छता जनजागरण अभियान शुरू हुआ। रविवार को आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी स्थल, श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ सहित नव दुर्गा मंदिर, वासुदेव मंदिर, गोपाल मंदिर नंद प्रयाग, सीता माता मंदिर चाई तथा श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ, श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, श्री त्रिजुगीनारायण मंदिर, काली माता मंदिर कालीमठ, वाराही मंदिर सहित सभी अधिनस्थ मंदिरों में भी बीकेटीसी जनजागरण एवं स्वच्छता अभियान आज से शुरू हो गया है जोकि भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी के बाद तक चलता रहेगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि जन जागरण एवं स्वच्छता अभियान में मंदिर समिति कर्मचारी तथा स्थानीय जनता तथा शिक्षण संस्थाएं महिला मंगल दल भी स्वेच्छा से प्रतिभाग कर रहे हैं। आज जोशीमठ श्री नृसिंह मंदिर में चले स्वच्छता अभियान में मंदिर समिति कर्मचारी तथा महिला मंगल दल जोशीमठ के पदाधिकारी सदस्य भी शामिल रहे।इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने अभियान में शामिल रहकर कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र बिष्ट एवं दीपक नौटियाल, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, अवर अभियंता गिरीश रावत, श्री नृसिंह मंदिर प्रभारी संदीप कपरवाण, लेखाकार भूपेंद्र रावत, वाहन प्रभारी जगमोहन बर्त्वाल, पुजारी हनुमान प्रसाद डिमरी, प्रबंधक भूपेंद्र राणा एवं अजय सती, अमित डिमरी आशीष नंबूदरी सहित सभी कर्मचारी-अधिकारी महिला मंगल दल जोशीमठ के सभी सदस्य स्वच्छता अभियान में शामिल रहे।

अंकिता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस 17 को निकालेगी न्याय यात्रा

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस की एक बैठक यूनियन भवन, देवपुरा हरिद्वार में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी की अध्यक्षता और कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 15 जनवरी को प्रदेश प्रभारी सुश्री शैलजा के देवभूमि उत्तराखंड में प्रथम आगमन पर हरिद्वार से सैकड़ों गाड़ियों में भारी संख्या में कार्यकर्ता जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर प्रभारी का फूल मालाओं से स्वागत करेंगे। दूसरा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 17 जनवरी को धामी सरकार से अंकिता भंडारी को न्याय दिलवाने हेतु कनखल चौक से लेकर आर्य नगर चौक तक न्याय यात्रा निकाली जायेगी।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि हरिद्वार कांग्रेस को अब आश्रमों, धर्मशालाओं से निकालने का समय आ गया है। इसके लिए 26 जनवरी से पूर्व महानगर कांग्रेस के लिए जमीन चिन्हित की जा रही है, जिसके जिम्मेदारी निवर्तमान पार्षद उदयवीर चौहान और दिनेश वालिया को दी गई है।

उत्तराखंड : 8वें पूर्व सैनिक दिवस सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राजधानी मुख्यालय, उत्तराखंड सब एरिया में आज 8वें सशस्त्रबल पूर्व सैनिक दिवस पर ''पुष्पांजलि अर्पण और पूर्व सैनिक सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर संजोग नेगी ने पूर्व सैनिकों से कहा कि अद्वितीय साहस और बलिदान के साथ देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने में उनकी अदम्य भावना और सेवा के लिए पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सेवारत और सेवानिवृत्त सशस्त्र बल कर्मियों की भी सराहना की। अन्य प्रमुख

वक्ताओं में कर्नल वेटरन्स, निदेशक ईसीएचएस, कमांडेंट मिलिट्री हॉस्पिटल, निदेशक राज्य सैनिक बोर्ड और अध्यक्ष, यूईएसएल शामिल थे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए नवीनतम सुविधाओं और पहलों के बारे में सभी को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में प्रमुख पूर्व सैनिकों की उपस्थिति रही, जिनमें मेजर जनरल एएस असवाल (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, यूईएसएल, ब्रिगेडियर मुकुल भंडारी (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यूईएसएल, कर्नल यूएस ठाकुर (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, डीईएसएल, ब्रिगेडियर अमृत लाल (सेवानिवृत्त) शामिल थे। निदेशक आरएसबी और अन्य वरिष्ठ सेवानिवृत्त सशस्त्र बल अधिकारी भी इस समारोह मे शामिल हुए। इस दौरान लगभग 700 पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीरांगनाओं और सेवारत कर्मियों ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसी तरह के कार्यक्रम उत्तराखंड सब एरिया के अंतर्गत क्लेमेंट टाउन, रायवाला, रुड़की, लैंसडाउन, जोशीमठ, पिथोरागढ़, बनबसा, हल्द्वानी और रानीखेत में भी आयोजित किए गए।

जिलाधिकारी ने स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी/ प्रशासक निगम देहरादून ने रविवार को आईएसबीटी और अन्य स्थानों पर टीम के साथ सफाई करते हुए जनपद में स्वच्छता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद वासियों से चलाई जा रहे सफाई अभियान में प्रतिभाग करने के लिए अपील की। साथ ही टीम की ओर से शहर के पंचायती मंदिर दर्शन लाल चौक, पल्टन बाजार, रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थलों में सफाई अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से कूड़े को सुव्यवस्थित रखते हुए, गीला एवं सुखा कूड़ा घरों से ही अलग-2 करने, कूड़ा निर्धारित स्थान व कूड़ा उठान वाहनों में डालें और शहर सहित समस्त जनपद को स्वच्छता रखने में सहयोग करने का अनुरोध करने करते हुए कहा कि नदी, नालों और खुले स्थानों में कूड़ा ना डालें इसके लिए अन्य को भी जागरूक करें। स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है, इसके लिए निगम, जिला प्रशासन की ओर से बनाईं गई व्यवस्थाओं का पालन करें। इसको और अधिक कारगर कैसे बनाया जाए, सुझाव भी दें। जिलाधिकारी के निर्देशन पर रेखीय विभाग के अधिकारियों द्वारा सेलाकुई, विकासनगर, डोईवाला, ऋषिकेश आदि क्षेत्र में भी गठित टीम अधिकारी, कार्मिक, स्वयसेवी, पर्यावरण मित्रों की ओर से वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, उप नगर आयुक्त गोपाल बेनीवाल, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना, सहायक नगर आयुक्त शांति प्रसाद जोशी , विजय प्रताप चौहान, सहायक निदेशक सूचना बी सी नेगी, समस्त सफाई निरीक्षक सुपरवाइजर, पर्यावरण मित्र, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल रहे।

मकर संक्रांति पर्व : आज भी श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भगवान भास्कर से दक्षिण से उत्तर में आने का पर्व मकर संक्रांति स्नान पर्व को लेकर इस बार भी भ्रम की स्थिति रही। भ्रम के बीच आज भी लोगों ने मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। लोगों ने गंगा स्नान कर दान-पुण्य आदि कर्म किए। खाकर गर्म वस्त्र, तिल व तिल से बने पदार्थ दान कर सुख-समृद्धि की कामना की। कुछ लोग सोमवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाएंगे। योग के हिसाब से भी मकर संक्राति का पर्व सोमवार को ही पड़ रहा है।

इस बार भी मकर संक्रांति पर्व को को लेकर लोगों में भ्रम बना रहा। हालांकि मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही पड़ती है, लेकिन इस बार यह पर्व 15 जनवरी पड़ रहा है। इस बार संक्रांति का आगमन 14-15 की मध्य रात्रि में होने से मकर संक्रांति

का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी के साथ ही सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे।

ज्योतिष के मुताबिक 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर 77 सालों के बाद वरीयान योग बन रहा है। इसके साथ ही रवि योग का संयोग इसे बेहद खास बना रहा है। मकर संक्रांति पर पूरे दिन वरीयान योग रहेगा। वरीयान योग की शुरुआत 14 जनवरी को मध्यरात्रि में 2.40 बजे से होगी और यह योग 15 जनवरी की रात 11.10 बजे तक रहेगा। यह खास वरीयान योग 77 साल बाद बन रहा है। रवि और वरीयान योग के कारण इस महापर्व का महत्व अधिक बढ़ जाएगा। इसके साथ ही पांच साल के बाद मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को पड़ेगा।

सोमवार को भी मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

हालांकि आज भी लोगों ने मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए गंगा स्नान किया। देश के कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने भी गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के लिए अलसुबह से ही गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। ठंड के बाद भी दिन भर स्नान का क्रम चलता रहा। स्नान पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

सड़क और नाली निर्माण को लेकर हुआ बवाल, आधा दर्जन घायल

हरिद्वार। सड़क व नाली निर्माण को लेकर भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र के मानक मजरा गांव में जमकर विवाद हो गया। इस मामले में एक व्यक्ति समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को ऋषिकेश एम्स में रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया गया कि आज ब्लॉक की ओर से बीडीसी के प्रस्ताव पर मानक माजरा गांव में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क का निर्माण होना शुरू हुआ था, तभी वहां सड़क के साथ ही नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में कहां सुनी हो गई। ग्रामीण प्रदीप पक्ष का कहना है कि जहां से नाली बहती है, उधर ही नाली का भाव किया जाए, जबकि वीरेंद्र पक्ष का आरोप है कि नाली को दूसरी दिशा में डालना चाहिए था, जिसे लेकर दोनों पक्ष में विवाद हो गया, जो बाद में तूल पकड़ गया और एक पक्ष की ओर से लाठी डंडों व हथियारों से हमला कर दिया गया। इस हमले में प्रदीप सहित उसकी पत्नी, बेटी व आधा दर्जन के करीब लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल प्रदीप व अन्य घायलों को अस्पताल में भिजवाया, जहां से चिकित्सकों ने प्रदीप को एम्स ऋषिकेश से रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063